आस्था का सम्मान कानून-विरोधी आग्रह से नहीं बढ़ता। बकरीद का संदेश त्याग, संयम और ईश्वर-निष्ठा का है। कलकत्ता हाई कोर्ट ने न तो मजहबी स्वतंत्रता को नकारा और न ही राज्य को असीमित शक्ति दी। उसने केवल इतना कहा कि जब सुप्रीम कोर्ट पहले ही स्पष्ट कर चुका है कि गाय की कुर्बानी इस्लाम की अनिवार्य मजहबी प्रथा नहीं है, तब राज्य के पशु-वध नियंत्रण कानूनों को बकरीद के नाम पर अनदेखा नहीं जा सकता। भारत जैसे बहुधार्मिक समाज में किसी की आस्था दूसरे की पीड़ा का कारण नहीं बननी चाहिए और किसी की भावना दूसरे के अधिकारों को कुचलने का औजार भी नहीं बननी चाहिए। आज आवश्यकता है कि सरकारें कानून को निष्पक्षता से लागू करें, धर्मगुरु समाज को संयम का संदेश दें, राजनीतिक दल आग में घी डालने से बचें और नागरिक यह समझें कि अधिकारों के साथ संवैधानिक उत्तरदायित्व भी होते हैं।

(लेखक विधि मामलों के विशेषज्ञ हैं)

response@jagran.com

## ऊर्जा

### श्रेय और प्रेय

एक ओर इंद्रियों का आकर्षण है और दूसरी ओर आत्मा का आह्वान। इस संदर्भ में कठोपनिषद श्रेय और प्रेय की अवधारणा प्रस्तुत करता है। प्रेय वह है जो प्रिय प्रतीत होता है, जो इंद्रियों को तुष्ट करता है, जो तात्कालिक सुख प्रदान करता है। इसके विपरीत श्रेय वह है जो कल्याणकारी है, जो आत्मा को ऊर्ध्वगामी बनाता है, जो मनुष्य को उसके सत्य स्वरूप की ओर ले जाता है। कठोपनिषद में वर्णित यम-नचिकेता संवाद में जब यमराज ने प्रसन्न होकर नचिकेता को दीर्घायु, धन, राज्य, समस्त भौतिक सुख प्रदान करने की इच्छा व्यक्त की, तब नचिकेता ने शांत स्वर में कहा कि ये सभी वस्तुएं अनित्य हैं। जो आज हैं, वे कल नष्ट हो जाएंगी। अतः उनसे आत्मा की तृष्णा कभी शांत नहीं हो सकती। उसने क्षणिक सुखों के स्थान पर आत्मविद्या की याचना की। यही श्रेय का चयन है, अनित्य के मध्य नित्य की खोज।

मनुष्य का अधिकांश जीवन इसी चयन में व्यतीत हो जाता है। जो सरल है, आकर्षक है, त्वरित सुख देता है, मन सामान्यतः उसी की ओर प्रवृत्त होता है। यही कारण है कि प्रेय का मार्ग सदा भीड़ से भरा होता है। उसमें चकाचौंध है, प्रतिस्पर्धा है, उपलब्धियों का प्रदर्शन है। प्रेय को आत्मविस्मृति का मार्ग कहा है। इसके विपरीत श्रेय का मार्ग निःशब्द है। उसमें बाह्य आकर्षण कम, आंतरिक अनुशासन अधिक है। श्रेय मनुष्य से त्याग की अपेक्षा करता है, किंतु यह त्याग वस्तुओं का नहीं, आसक्ति का होता है। श्रेय इंद्रियों के दमन का नहीं, उनकी मर्यादा का मार्ग है। वह मनुष्य को संसार से पलायन नहीं सिखाता, बल्कि संसार के मध्य रहते हुए आत्मचेतना में स्थित होना सिखाता है। नचिकेता इस श्रेयमार्ग का अप्रतिम प्रतीक है। मनुष्य के समक्ष श्रेय और प्रेय, दोनों उपस्थित होते हैं। धीर, विवेकी एवं दूरदर्शी व्यक्ति श्रेय का वरण करता है, जबकि अल्पदर्शी मनुष्य प्राप्त वस्तुओं की रक्षा और अप्राप्त की प्राप्ति के मोह में प्रेय को ग्रहण कर लेता है।

ट्विंकल तोमर सिंह

## पाठकनामा

pathaknama@nda.jagran.com

### अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे विकास

'विकसित भारत के निर्माण की राह' शीर्षक से प्रकाशित आलेख में सीपी राधाकृष्णन ने भारत की आर्थिक प्रगति, युवाशक्ति और वैश्विक संभावनाओं को आशावादी दृष्टि से प्रस्तुत किया है। निश्चित रूप से भारत विश्व की तेजी से उभरती अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है, परंतु केवल जीडीपी वृद्धि, डिजिटल विस्तार और बड़े निवेश को विकास का अंतिम पैमाना मान लेना पर्याप्त नहीं कहा जा सकता। वास्तविक विकास तब माना जाएगा जब गांव, कस्बे और छोटे शहरों में रहने वाले नागरिकों को भी समान अवसर, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और स्थायी रोजगार उपलब्ध हों। आज भी बुंदेलखंड, पूर्वांचल, विदर्भ और सीमांचल जैसे क्षेत्रों से बड़ी संख्या में युवा रोजगार की तलाश में महानगरों की ओर पलायन कर रहे हैं। स्मार्ट सिटी और आधुनिक अधोसंरचना की चर्चा के बीच छोटे नगरों के अस्पताल, सरकारी विद्यालय, जल निकासी और सार्वजनिक परिवहन जैसी मूलभूत समस्याएं निरंतर उपेक्षित हैं। इससे स्पष्ट होता है कि विकास का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक समान रूप से नहीं पहुंच पा रहा। आलेख पर्यावरणीय संकट, कृषि आधारित अर्थव्यवस्था की चुनौतियों और बेरोजगारी जैसे महत्वपूर्ण पक्षों पर अपेक्षित विस्तार दिखाई नहीं देता। केवल योजनाओं की घोषणा से परिवर्तन संभव नहीं होगा। जिला स्तर पर लघु उद्योगों को बढ़ावा, कौशल प्रशिक्षण केंद्रों की स्थापना और स्थानीय उत्पादों को बाजार से जोड़ना आवश्यक है। विकसित भारत का वास्तविक अर्थ आर्थिक शक्ति के साथ सामाजिक न्याय, पर्यावरण संतुलन और मानवीय संवेदना का समन्वय है। जब विकास का लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचेगा, तभी भारत सही मायनों में विकसित राष्ट्र कहलाएगा।

awanishg30@gmail.com

### संगठित होना आवश्यक

ईश्वर प्रदत्त जीवन की रक्षा करना हमारा नैसर्गिक कर्तव्य एवं आत्मरक्षा करना हमारा संवैधानिक अधिकार है। हमें सदैव इतना जागृत, चेतंत, शक्तिशाली एवं संगठित रहना होगा कि कोई हम पर कुदृष्टि डालने की चेष्टा भी न करे। हमें अपनी सुरक्षा स्वयं करनी है, सरकार, शासन, पुलिस एवं सेना हो सकता है, संकट के समय उपलब्ध न हो। इस बात को हम अगस्त 1946 में कलकत्ता में डायरेक्ट एक्शन डे के दौरान, अक्टूबर-नवंबर 1946 में नोआखाली दंगो के दौरान, जनवरी 1990 में कश्मीर हिंदू पलायन से जुड़ी हिंसा के दौरान आदि में देख ही चुके हैं। कलकत्ता एवं नोआखाली की हिंसक घटनाओं के समय तो गांधी-नेहरू मौजूद थे। इस समय तो भारत का यह हाल है कि कहीं दूर किसी देश में कोई एक व्यक्ति कार्टून बना देता है तो यहां भीड़ हिंसक हो जाती है, ईरान पर हमला हो जाता है तो हमले के विरुद्ध में यहां लोग सड़कों पर उतर आते हैं। इस वर्ग की निष्ठा मुल्क के स्थान पर मजहब से ज्यादा है। बांग्लादेश में हिंदूओं के विरुद्ध व्यापक हिंसा होती है। यहां का विपक्ष एवं मुस्लिम पूरी तरह से चुप रहते हैं। इसी आशंका के कारण देश के सेनाध्यक्ष को कहना पड़ा था कि युद्ध की स्थिति में हमें ढाई मोर्चे पर लड़ना पड़ेगा।

धर्मेंद्र नाथ रस्तोगी, गाजियाबाद

### ईवी क्रांति का नया दौर

पश्चिमी एशिया संकट के कारण कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि हुई है। लगातार महंगे होते पेट्रोल-डीजल ने आम आदमी की जेब पर भारी असर डाला है। इससे मध्यमवर्गीय परिवारों का मासिक बजट बिगाड़ दिया है। परिवहन लागत बढ़ने से फल-सब्जियों से लेकर दूध, किराना और सार्वजनिक परिवहन तक सब कुछ महंगा हो गया है। ऐसे में लोग अब पारंपरिक पेट्रोल-डीजल वाहनों के बजाय इलेक्ट्रिक वाहनों यानी ईवी को अपना रहे हैं। सूरत इस बदलाव की सबसे बड़ी मिसाल बनकर उभरा है, जहां बीते दो महीनों में इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री ने पुराने सभी रिकार्ड तोड़ दिए हैं। आरटीओ आंकड़ों के अनुसार, मार्च 2026 में 1987, अप्रैल में 2011, जबकि मई महीने में अबतक 1176 ईवी बिक्री हुई है। पिछले वर्ष अप्रैल में 987 और मई में 1006 ईवी की बिक्री हुई थी। यानी एक वर्ष के भीतर बिक्री में 100 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। आम उपभोक्ता अब ईंधन पर बढ़ते खर्च से बचने के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों को बेहतर विकल्प मानने लगे हैं। सूरत आरटीओ के अधिकारियों के अनुसार, सरकार द्वारा इलेक्ट्रिक वाहनों पर मोटर व्हीकल टैक्स में दी गई राहत ने भी लोगों को आकर्षित किया है। जिससे दोपहिया ईवी खरीदने वालों को करीब तीन से चार हजार रुपये जबकि चारपहिया वाहन खरीदने वालों को 10-15 हजार रुपये तक की बचत हो रही है। यही कारण है कि युवा, नौकरीपेशा लोग, डिलीवरी व्यवसाय से जुड़े कर्मचारी और मध्यमवर्गीय परिवार तेजी से ईवी को अपना रहे हैं।

कांतिलाल मांडोत नई दिल्ली

## पोस्ट

राम-रहीम को इसलिए बार-बार बेल मिल जाती है, ताकि देश की जनता का इस सिद्धांत पर भरोसा बना रहे कि आपके पास पद-पावर, जुगाड़ और कृपा है तो आप कानून को अपनी जेब में लेकर आराम से चल सकते हैं।

अतुल कुमार राय@AuthorAtul

करीब 27 एकड़ में फैला जिमखाना क्लब रईसों के लिए ही करीब सौ साल से रिजर्व है। लाखों की फीस देकर भी सदस्य बनने के लिए तीस साल से ज्यादा की वेटिंग है। अंग्रेजों के जमाने में बने इस क्लब में आज भी अंग्रेजियत हावी है। उसकी जमीन का बेहतर इस्तेमाल हो तो कोई हर्ज नहीं है। केंद्र सरकार का सही फैसला।

अजीत अंजुम@ajitanjum



दिल्ली जिमखाना क्लब की जमीन का लीज अनुबंध समाप्त करना केंद्र सरकार का बहुत साहसिक फैसला है। यह क्लब उस जमीन पर स्थित है, जिसका बाजार मूल्य 10,000 करोड़ रुपये से अधिक है। स्पष्ट है कि क्लब के सदस्य प्रतिरोध करेंगे। सवाल यह है कि क्या मोदी सरकार इस प्रतिरोध के समक्ष टिकी रहेगी या आभिजात्य तबके के समक्ष समर्पण कर देगी?

अशोक खेमका@AshokKhemka_IAS

## जनपथ

बारह वर्षों में पड़ी एक ठोस बुनियाद,
सनातनी करने लगे अपना अतीत याद।
अपना अतीत याद गर्व से फूला सीना,
हुआ अंततः खत्म यहां घुट-घुटकर जीना।
रह कर कटीं गुलाम हमारी सदियां ग्यारह,
देखें हम सब और वर्ष मोदी के बारह!

-ओम प्रकाश तिवारी

संस्थापक-स्व. पूर्णचन्द्र गुप्त. पूर्व प्रधान संपादक-स्व. नरेन्द्र मोहन. नॉन एग्जीक्यूटिव चेयरमैन-महेन्द्र मोहन गुप्त. प्रधान संपादक-संजय गुप्त, नीतेन्द्र श्रीवास्तव द्वारा जागरण प्रकाशन लि. के लिए डी-210, 211, सेक्टर-63 नोएडा-201309 से मुद्रित एवं 501, आई.एन.एस. बिल्डिंग, रफी मार्ग नई दिल्ली-110001 से प्रकाशित
संपादक (दिल्ली एनसीआर)-विष्णु प्रकाश त्रिपाठी दूरभाषः नई दिल्ली कार्यालय : 011-43166300, नोएडा कार्यालय : 120- 4615800, E- mail: delhi@nda.jagran.com, R.N.I. No 50755/90 समस्त विवाद दिल्ली न्यायालय के अधीन ही होंगे। हवाई शुल्क अतिरिक्त। वर्ष 36 अंक 312

# Get Exclusive Access to My Private Channel

## ✅One-Time Entry Fee Only. No Monthly Fees. Lifetime Validity.

### ♦️ Indian Newspaper

1) Times of India
2) The Hindu
3) Business line
4) The Indian Express
5) Economic Times
6) Financial Express
7) Live Mint
8) Hindustan Times
9) Business Standard

### ♦️ International Newspapers channel [Europian, American, Gulf & Asia]

### ♦️ Magazine Channel

National & International [Genaral & Exam related]

### ♦️ English & Hindi Editorials

[National + International Editorials]

**Click here to join**

**कल्पमेधा**

*समझदार और धैर्यवान बनिए। प्रतिशोधी और द्वेषी होने के लिए जीवन बहुत ही छोटा है।*

*– फिलिप्स ब्रुक्स*

## न्याय की राह

इसमें कोई दोराय नहीं कि किसी आपराधिक घटना की निष्पक्ष और गहन जांच-पड़ताल के बाद ही कोई निष्कर्ष सामने आता है तथा उसी आधार पर कानूनी प्रक्रिया न्याय के निष्कर्ष तक पहुंचती है। इस बीच अगर आरोप और कार्रवाई के दौरान न्याय की मांग बाधित होती दिखती है, तो उसके लिए जिम्मेदार कारकों पर बहस होती है। मध्य प्रदेश के भोपाल में त्विषा शर्मा की मौत के मामले में कानूनी कार्रवाई को लेकर जैसी स्थितियां देखी गईं, उसमें कई सवाल उठे। त्विषा के परिवार ने उनकी मौत को दहेज के लिए की गई हत्या बताया और आरोप लगाया कि घटना से संबंधित सबूतों को मिटाने की कोशिश की गई। इसके अलावा, शव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में तथ्यों की तोड़मरोड़ करने के आरोप लगे और यह भी कहा गया कि प्रभावशाली लोग मामले की जांच को प्रभावित करने की कोशिश कर रहे हैं। खबरों के मुताबिक, त्विषा की मौत के बाद प्राथमिकी दर्ज करने में तीन दिन तक टालमटोल की गई और घटना से संबंधित सबूत को संभाल कर सुरक्षित रखने में पुलिस नाकाम रही। जाहिर है, यह या तो पुलिस के कामकाज में व्याप्त लापरवाही का ही एक और उदाहरण है या फिर किसी के प्रभाव में ऐसा हुआ!

दरअसल, त्विषा का पति वकील है और उनकी सास जिला न्यायाधीश रह चुकी हैं। शायद इन्हीं वजहों से मामले में त्वरित कार्रवाई से बचने और आरोपियों के प्रति नरमी बरतने के आरोप लगे। यानी यह धारणा बनी कि मामले की निष्पक्ष जांच नहीं हो रही है और आरोपियों को बचाने की कोशिश की जा रही है। जहां से न्याय की उम्मीद होती है, अगर वहीं के ढांचे पर कोई सवाल उठता है, तो यह समूची न्यायपालिका के लिए एक असुविधाजनक तस्वीर है। शायद इसी वजह से सुप्रीम कोर्ट ने खुद इस मामले में स्वतः संज्ञान लिया। सोमवार को इस पर सुनवाई करते हुए शीर्ष अदालत ने कहा कि वह इस विमर्श से व्यथित है कि न्यायपालिका आरोपियों को बचा रही है। इसके साथ ही अदालत ने पीड़ित पक्ष और उनके परिजनों तथा अभियुक्तों से कहा कि वे मीडिया या सार्वजनिक मंचों पर बयान देने के बजाय अपनी बात जांच एजंसी के सामने दर्ज कराएं, ताकि जांच पर नकारात्मक प्रभाव न पड़े।

सुप्रीम कोर्ट की यह चिंता वाजिब है कि न्यायपालिका को लेकर आम जनता के बीच नकारात्मक धारणा न बने। मगर सवाल है कि आखिर पीड़ित पक्ष के सामने उचित तरीके से कार्रवाई न करने और आरोपियों को बचाने का आरोप लगाने की नौबत क्यों पैदा हुई? आखिर किन वजहों से सरकार ने मामले की जांच सीबीआइ से कराने की सिफारिश की और मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने त्विषा के शव का पोस्टमार्टम दोबारा कराने का आदेश क्यों दिया? कायदे से घटना के सामने आने के बाद पुलिस अपनी ओर से खुद सबूतों को संभालने से लेकर जांच-पड़ताल और आरोपियों के खिलाफ उचित कानूनी प्रक्रिया शुरू करने को लेकर तुरंत सक्रिय होती। मगर इसमें जिस तरह की टालमटोल की गई, उससे स्वाभाविक ही पीड़ित पक्ष के भीतर निराशा पैदा हुई। इसी वजह से सुप्रीम कोर्ट को भी मामले में दखल देने की जरूरत पड़ी। अब जरूरत इस बात की है कि त्विषा की मौत और उसके बाद उनके परिवार की ओर से दहेज के लिए हत्या कर देने के आरोपों की निष्पक्ष तरीके से जांच सुनिश्चित हो। विडंबना यह है कि दहेज से लेकर घरेलू हिंसा तक के विरुद्ध बने तमाम सख्त कानूनों के बावजूद आज भी महिलाओं के खिलाफ अपराधों की रोकथाम संभव नहीं हो सकी है।

## शांति के लिए

वैश्विक व्यापार के विस्तार के लिए यह जरूरी है कि समुद्री क्षेत्र पूरी तरह खुले एवं स्वतंत्र हों। विश्व की मौजूदा व्यवस्था में हर देश की अर्थव्यवस्था अंतरराष्ट्रीय व्यापार पर काफी हद तक निर्भर करती है। ऐसे में अगर किसी समुद्री क्षेत्र पर एक देश का कब्जा हो जाए, तो वस्तुओं की आपूर्ति शृंखला बाधित होने से अन्य देशों के हित स्वाभाविक रूप से प्रभावित होंगे, जैसा कि होर्मुज जलमार्ग को अवरुद्ध करने से दुनिया भर में ऊर्जा का संकट पैदा हो गया है। हिंद-प्रशांत क्षेत्र को लेकर भी इस तरह की आशंकाएं व्यक्त की जाती रही हैं, क्योंकि चीन इस क्षेत्र में अपना दबदबा कायम करने की लगातार कोशिश करता रहा है। यही वजह है कि चार देशों के संगठन क्वाड की नई दिल्ली में मंगलवार को हुई बैठक में इस मसले पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान समुद्री निगरानी और बंदरगाह अवसंरचना को मजबूत करने के लिए नए उपायों की घोषणा भी की गई। साथ ही इस क्षेत्र में शांति और स्थिरता को खतरे में डालने, बल प्रयोग या दबाव बनाने वाली एकतरफा कार्रवाई का कड़ा विरोध किया गया।

क्वाड में भारत, अमेरिका, आस्ट्रेलिया और जापान शामिल हैं। इसके गठन का मूल उद्देश्य हिंद-प्रशांत क्षेत्र में स्थिरता के साथ जहाजों की मुक्त आवाजाही को बनाए रखना है। यह बात छिपी नहीं है कि इस क्षेत्र में चीन अपनी सैन्य सक्रियता बढ़ाने की कोशिश में जुटा है, ताकि उसका दबदबा कायम हो सके और वह अपने हितों के अनुरूप इस समुद्री क्षेत्र का इस्तेमाल कर सके। होर्मुज जलमार्ग को बाधित करने से उपजे वैश्विक संकट के मद्देनजर हिंद-प्रशांत क्षेत्र में मुक्त आवाजाही का मसला और भी ज्यादा प्रासंगिक एवं महत्त्वपूर्ण हो गया है, क्योंकि वैश्विक समुद्री व्यापार का साठ फीसद इसी क्षेत्र से होकर गुजरता है। ऐसे में अगर भविष्य में होर्मुज जलमार्ग जैसी जटिल स्थिति इस क्षेत्र में पैदा होती है, तो दुनिया में कितना बड़ा संकट खड़ा हो सकता है, इसका अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है। इसलिए जरूरी है कि सुरक्षित और निर्बाध समुद्री व्यापार के लिए अंतरराष्ट्रीय नियम-कानूनों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए।

# बिखरे मानकों में उलझी प्रवेश परीक्षा



**भारत आज वैश्विक शिक्षा केंद्र बनने की आकांक्षा रखता है। मगर इस लक्ष्य को पाने के लिए केवल उत्कृष्ट संस्थान ही नहीं, बल्कि निष्पक्ष और सुव्यवस्थित प्रवेश परीक्षा प्रणाली का होना भी जरूरी है।**

**अतुल अग्रवाल**

उच्च शिक्षा व्यवस्था में योग्यता, समान अवसर और क्षेत्रीय संतुलन की प्रतिबद्धता का होना जरूरी है। देश में इस दिशा में समय-समय पर प्रयास होते रहे हैं और भारतीय प्रबंधन संस्थान (आइआइएम) इन आदर्शों के प्रतीक माने जाते हैं। इन संस्थानों को उत्कृष्टता, प्रतिस्पर्धा और पेशेवर सफलता के मानक के रूप में देखा जाता है। मगर, जिन संस्थानों की पहचान पारदर्शिता और श्रेष्ठता से जुड़ी है, उनकी प्रवेश प्रक्रिया काफी असमन्वित प्रतीत होती है। जब देश प्रशासनिक सुधार, डिजिटल सरलीकरण और छात्र-केंद्रित नीतियों की ओर बढ़ रहा है, तब आइआइएम की प्रवेश परीक्षा व्यवस्था पर पुनर्विचार समय की मांग है। देश में भारतीय प्रबंधन संस्थानों की यात्रा स्वतंत्र भारत के विकास से गहराई से जुड़ी है। वर्ष 1961 में अहमदाबाद और कोलकाता में पहले आइआइएम स्थापित हुए, जिनका उद्देश्य विकासशील राष्ट्र को कुशल प्रबंधक देना था। वर्ष 1973 में आइआइएम बंगलुरु की स्थापना हुई। उदारीकरण के बाद लखनऊ, इंदौर और कोझिकोड जैसे संस्थान अस्तित्व में आए, जिन्होंने बदलती अर्थव्यवस्था की जरूरतों को पूरा किया।

पिछले एक दशक में देश के विभिन्न राज्यों में नए आइआइएम खोले गए, ताकि क्षेत्रीय संतुलन सुनिश्चित हो और गुणवत्तापूर्ण प्रबंधन शिक्षा महानगरों से बाहर भी पहुंचे। विस्तार की यह नीति सराहनीय रही, मगर इन संस्थानों में प्रवेश के लिए समन्वय का अभाव आज भी खलता है। प्रवेश प्रक्रिया की बात की जाए, तो सभी आइआइएम के लिए एक समान प्रवेश द्वार यानी लिखित परीक्षा है- कामन एडमिशन टेस्ट (कैट)। यह परीक्षा लाखों अभ्यर्थियों में से प्रतिभाशाली विद्यार्थियों की पहचान करती है। इसकी खासियत है कि यह देशभर के युवाओं को समान मंच प्रदान करती है। भौगोलिक स्थिति, विश्वविद्यालय या सामाजिक पृष्ठभूमि चाहे जो हो, सभी का मूल्यांकन एक ही कसौटी पर होता है। कैट ने यह सिद्ध किया है कि बड़े स्तर पर भी निष्पक्ष और मानकीकृत परीक्षा संभव है, मगर यह सिर्फ एक लिखित परीक्षा भर है और इसके परिणाम घोषित होते ही प्रवेश प्रक्रिया अलग-अलग दिशाओं में बिखर जाती है। इसका अर्थ यह है कि कैट उत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिए प्रत्येक आइआइएम अपनी अलग आवेदन प्रणाली, अलग शुल्क और अलग साक्षात्कार प्रक्रिया चलाता है। एक छात्र एक ही स्कोर के आधार पर कई संस्थानों में आवेदन करता है और अलग-अलग शहरों में जाकर लगभग समान प्रकार के साक्षात्कार देता है। इस प्रक्रिया की प्रकृति भले मिलती-जुलती हो, लेकिन उसका संचालन पूरी तरह अलग-अलग होता है।

एक तथ्य यह भी है कि कैट के स्कोर का उपयोग आइआइएम के अलावा कई भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी), राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआइटी) और अन्य सरकारी एवं निजी संस्थान भी करते हैं। हर संस्थान अपनी अलग चयन प्रक्रिया आयोजित करता है। नतीजतन, विद्यार्थी को समान प्रकृति के अनेक साक्षात्कारों से गुजरना पड़ता है। यह पुनरावृत्ति समय, संसाधन और ऊर्जा की अनावश्यक खपत है। दोहराव विद्यार्थियों के लिए प्रशासनिक, सामाजिक एवं आर्थिक बोझ बन जाता है। सबसे पहले आर्थिक पक्ष सामने आता है। हर आवेदन के साथ शुल्क, साक्षात्कार के लिए यात्रा और ठहरने का खर्च



तथा कई बार कार्य या पढ़ाई से अनुपस्थिति की कीमत- सब मिलकर एक बड़ा वित्तीय दबाव बनाते हैं। छोटे शहरों या सीमित आय वाले परिवारों से आने वाले विद्यार्थियों के लिए यह चरण विशेष रूप से कठिन हो सकता है। कई प्रतिभाशाली विद्यार्थी केवल इसलिए सभी अवसरों का लाभ नहीं उठा पाते, क्योंकि वे हर शहर

> **हाल के वर्षों में कुछ नए भारतीय प्रबंधन संस्थानों ने 'कामन एडमिशन प्रोसेस' (कैप) जैसी पहल शुरू की है, जहां साझा साक्षात्कार आयोजित किए जाते हैं। कुछ अन्य ने संयुक्त प्रवेश प्रक्रिया (जैप) का प्रयोग किया है, मगर ये व्यवस्थाएं स्थायी और सार्वभौमिक नहीं हैं। सभी आइआइएम इनमें शामिल नहीं होते और समूहों की संरचना बदलती रहती है। इससे आंशिक समन्वय तो दिखता है, मगर मूल समस्या का समाधान नहीं होता। यदि 'कामन एडमिशन टेस्ट' (कैट) के बाद एक मानकीकृत साझा साक्षात्कार प्रक्रिया क्षेत्रीय केंद्रों पर आयोजित की जाए, तो विद्यार्थी अपने निकटतम शहर में इस प्रवेश प्रक्रिया में आसानी से शामिल हो सकते हैं।**

तक पहुंचने का खर्च वहन नहीं कर सकते। यदि उत्कृष्टता तक पहुंच आर्थिक सामर्थ्य पर निर्भर होने लगे, तो योग्यता की अवधारणा कमजोर पड़ जाती है।

आर्थिक बोझ के साथ मानसिक और सामाजिक दबाव भी जुड़ा होता है। प्रवेश सत्र के दौरान छात्रों को कम समय में कई यात्राएं करनी पड़ती हैं। तिथियों का टकराव, अनिश्चितता और बार-बार मूल्यांकन की प्रक्रिया तनाव बढ़ाती है। महिला उम्मीदवारों और दूरदराज के क्षेत्रों से आने वाले विद्यार्थियों के लिए सुरक्षा एवं ठहराव की चिंता अतिरिक्त चुनौती बन जाती है। प्रश्न यह है कि क्या इस स्थिति को किसी भी विद्यार्थी-हितैषी व्यवस्था के अनुरूप देखा जा सकता है? इस संदर्भ में सिर्फ विद्यार्थियों को नहीं, बल्कि संस्थानों को भी समन्वित व्यवस्था के अभाव का दुष्परिणाम झेलना पड़ता है। एक मेधावी छात्र को कई आइआइएम, आइआइटी, एनआइटी इत्यादि से प्रस्ताव मिल सकते हैं। वह अपनी पसंद का इंतजार करते हुए अन्य संस्थानों में अस्थायी रूप से सीट स्वीकार करता है और शुल्क राशि जमा कर देता है। इससे बड़ी धनराशि महीनों तक फंसी रहती है। जब छात्र अंतिम निर्णय लेता है, तो दूसरी जगह जहां उसने शुल्क राशि जमा की है, वहां सीटें खाली हो जाती हैं और प्रतीक्षा सूची को फिर से अद्यतन करना पड़ता है। पूरी प्रक्रिया लंबी और अनिश्चित बन जाती है, जिससे प्रशासनिक संसाधनों पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है।

हालांकि हाल के वर्षों में कुछ नए भारतीय प्रबंधन संस्थानों ने कामन एडमिशन प्रोसेस (कैप) जैसी पहल शुरू की है, जहां साझा साक्षात्कार आयोजित किए जाते हैं। कुछ अन्य ने संयुक्त प्रवेश प्रक्रिया (जैप) का प्रयोग किया है, मगर ये व्यवस्थाएं स्थायी और सार्वभौमिक नहीं हैं। सभी आइआइएम इनमें शामिल नहीं होते और समूहों की संरचना बदलती रहती है। इससे आंशिक समन्वय तो दिखता है, मगर मूल समस्या का समाधान नहीं होता। देखा जाए तो आज लगभग हर राज्य में कोई न कोई केंद्रीय उच्च शिक्षण संस्थान (आइआइएम, आइआइटी, एनआइटी) मौजूद हैं जोकि अपने आप में एक अवसर है। यदि कैट के बाद एक मानकीकृत साझा साक्षात्कार प्रक्रिया इन क्षेत्रीय केंद्रों पर आयोजित की जाए, तो छात्र अपने निकटतम शहर में इस प्रवेश प्रक्रिया में आसानी से उपस्थित हो सकते हैं। जिसके बाद एक पारदर्शी केंद्रीय 'काउंसलिंग' प्रणाली के माध्यम से सीट आबंटन किया जा सकता है, जिसमें संस्थानों की प्राथमिकता, विद्यार्थियों की रैंक और आरक्षण नीति का संतुलित समावेश हो। इंजीनियरिंग और मेडिकल प्रवेश प्रणाली में इस प्रकार की केंद्रीकृत व्यवस्था पहले से लागू है।

हर संस्थान अपने चयन मानदंड और शैक्षणिक मानकों के अनुरूप एकीकृत साक्षात्कार प्रक्रिया को अमल में ला सकता है। यह प्रक्रिया के दोहराव को समाप्त करने की दिशा में एक अहम पहल हो सकती है, जिससे संचालन तंत्र की दक्षता और पारदर्शिता बढ़ेगी, साथ ही कैट के मूल उद्देश्य तक पहुंचना भी संभव हो जाएगा। यानी एक ऐसी प्रवेश प्रक्रिया, जिसमें सभी प्रबंधन संस्थानों की एक ही मंच के माध्यम से लिखित परीक्षा, साक्षात्कार, 'काउंसलिंग' और शुल्क जमा करने की व्यवस्था हो। भारत आज वैश्विक शिक्षा केंद्र बनने की आकांक्षा रखता है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए केवल उत्कृष्ट संस्थान ही नहीं, बल्कि निष्पक्ष और सुव्यवस्थित प्रवेश प्रणाली का होना भी आवश्यक है। यहां प्रश्न क्षमता का नहीं, इच्छाशक्ति का है। क्या हम ऐसी व्यवस्था बनाने पर गंभीरता से विचार करेंगे, जो विद्यार्थियों के साथ-साथ उनके समय, धन और ऊर्जा का सम्मान एवं संरक्षण करे? क्या हम यह सुनिश्चित करेंगे कि उत्कृष्टता तक पहुंच केवल प्रतिभा पर निर्भर हो, साधनों पर नहीं? अगर योग्यता को अवसर का आधार बनाना है, तो प्रवेश प्रक्रिया को भी उतना ही सुगम और सरल बनाना होगा।

# क्रोध में मन

**दुनिया मेरे आगे**

**चैतन्य नागर**

मन की भावनाओं और व्याधियों के बारे में हम चर्चा चाहे जितनी कर लें, वे अपर्याप्त ही रह जाती हैं। शैक्षिक पाठ्यक्रम के विषय विज्ञान, गणित और भाषा पर केंद्रित रहते हैं, लेकिन इनमें मन की भावनाओं को समझने-समझाने को अधिक महत्त्व नहीं दिया जाता। जीवन में इन अपरीक्षित भावनाओं की नासमझी और असंतुलन से कई तकलीफें पैदा होती हैं। यह हमें अभी ठीक से समझ नहीं आया है। स्कूलों में शिक्षक और घरों में भी अभिभावक इन पर संवाद करने की आवश्यकता नहीं समझते। मन में होने वाली न जाने कितनी वेदनाओं का सीधा संबंध भावनाओं और उनकी अपर्याप्त तथा गलत समझ से ही है, इस सच्चाई से मुंह मोड़ना बड़ा नुकसानदेह है।

भावनाओं की फेहरिस्त में क्रोध की जगह बहुत ऊपर है और हर आयु-वर्ग के लोगों के लिए यह एक विकट समस्या है। आपसी संबंधों में क्रोध, सड़क पर मामूली बातों पर हिंसा, प्रेम संबंधों में और महत्त्वाकांक्षाएं पूरी न होने पर पैदा होने वाला क्रोध, इम्तिहान में सफलता और नौकरी में प्रोन्नति न मिलने से उपजने वाला क्रोध। सड़क दुर्घटना, घरेलू हिंसा या आत्महत्या के रूप में ये अक्सर जानलेवा भी हो जाता है। पर इनकी तरफ निहारने की कोई जरूरत ही महसूस नहीं होती। या तो हम इन्हें बेलगाम व्यक्त करते चले जाते हैं, या फिर इनका दमन करते रहते हैं। दोनों के कुपरिणाम भी भुगतते रहते हैं। इस पर सोचने की जरूरत है कि दमन और अनियंत्रित अभिव्यक्ति के अलावा क्रोध से निपटने का कोई मध्य मार्ग भी है क्या!

लगता तो ऐसा है जैसे क्रोध अचानक कभी भी, कहीं भी उमड़ पड़ता है। किसी पर बहुत अधिक चीखने और उसे आहत करने का मन करता है। पढ़े-लिखे, संभ्रांत लोग इसे बारीक, चालाक तरीकों से व्यक्त करने की कला सीख लेते हैं। अरस्तू कहते थे- 'सही व्यक्ति पर, सही मात्रा में, सही समय पर, सही उद्देश्य और ढंग से क्रोध करना चाहिए, पर यह हर किसी के वश की बात नहीं'। जब मन में क्रोध का विस्फोट होता है, तो सही मात्रा, जगह और समय का भान ही किसे रह जाता है! क्या इसके कारण सिर्फ बाहरी परिस्थितियों में हैं या इसकी जड़ें मन की ऐसी गहराइयों में छिपी हैं, जहां पहुंचना संभव नहीं?

> **जितनी अधिक ताकत के साथ हम अपनी अपेक्षाओं को थामते हैं, उनके अपूरित होने पर उतनी ही गहरी चोट लगती है और उतना ही गुस्सा आता है। अपूरित इच्छाओं के नीचे अक्सर भय भी छिपा रहता है। भय को क्रोध के वस्त्र पहनना भाता है। जब भी हानि, अपमान, असुरक्षा या फिर अज्ञात का भय सताता है, तब मन क्रोध का कवच ओढ़ लेता है।**

संभवतः क्रोध का पहला कारण है किसी इच्छा का पूरा न होना। जब संसार हमारे खुद के कथानक के विरुद्ध चलता है, सारी योजनाएं टूट कर बिखर जाती हैं, तो मन बौखला उठता है। हम अपेक्षा करते हैं कि जीवन हमारे अपने रंग में ही रंग जाए। जब ऐसा नहीं होता, तब गुस्सा भड़क उठता है। जितनी अधिक ताकत के साथ हम अपनी अपेक्षाओं को थामते हैं, उनके अपूरित होने पर उतनी ही गहरी चोट लगती है और उतना ही गुस्सा आता है। अपूरित इच्छाओं के नीचे अक्सर भय भी छिपा रहता है। भय को क्रोध के वस्त्र पहनना भाता है। जब भी हानि, अपमान, असुरक्षा या फिर अज्ञात का भय सताता है, तब मन क्रोध का कवच ओढ़ लेता है। भय के पीछे दुबक जाता है। घायल पशु भयभीत होकर ही सबसे अधिक गुर्राता है। भय हमें असुरक्षित भी महसूस कराता है। आकार में छोटे पशु अक्सर बहुत आक्रामक हो जाते हैं, क्योंकि उन्हें बड़ी असुरक्षा महसूस होती है। असुरक्षा, भय और क्रोध के बीच का सीधा और स्पष्ट संबंध होता है।

अहंकार क्रोध के लिए उर्वर भूमि है। सम्मान पर चोट, अपमान का अंदेशा, अपनी छवि पर मंडराता खतरा- ये सभी क्षण भर में क्रोध की आग भड़का देते हैं। सबसे खतरनाक होता है संचित पीड़ाओं से जन्मा क्रोध। मौन में पाला गया रोष, बरसों पुराने जख्म, जंग लगी रंजिशें राख के नीचे अंगारों की तरह सुलगती रहती हैं। हवा का एक हल्का झोंका काफी होता है उन्हें भड़काने के लिए। यही वह क्रोध है जो परिवारों और राष्ट्रों में पीढ़ी-दर-पीढ़ी जहर भरता रहता है, उन्हें भीतर और बाहर से तोड़ देता है। गौर से देखें तो क्रोध एक झटके में हमें आसपास के वातावरण से बिल्कुल अलग कर देता है। हम पूरी तरह भूल जाते हैं कि हमारा चिल्लाना-चीखना, हमारे हाव-भाव बाकी लोगों को कितने हास्यास्पद और अनावश्यक भी लग रहे होंगे।

सवाल उठता है कि क्रोध का मुकाबला हम कैसे करें। शायद पहला उपचार है जागरूकता। जब क्रोध उमड़ता है, तो क्या उसे थोड़ा ठहर कर देखा जा सकता है? यूनानी दार्शनिक एपिक्टेटस कहते हैं- 'तुम्हारे साथ जो होता है, वह मायने नहीं रखता। मायने यह रखता है कि तुम उसका प्रत्युत्तर कैसे देते हो।' क्रोध को तुरंत व्यक्त न करके उसे सिर्फ देखते रहने से आवेग और प्रतिक्रिया के बीच एक अंतराल बनता है। यह अंतराल ही समझ के लिए जगह बना सकता है। जब क्रोध आए, तो क्या उसी समय हम बिल्कुल शांत बैठ सकते हैं और यह देख सकते हैं कि मन में क्या चल रहा है? शांत अवलोकन की ऊर्जा अक्सर क्रोध की आग को शांत करने का काम करती है। प्रयोग के तौर पर यह जरूर किया जाना चाहिए।

क्षमा करना भी एक कारगर उपाय है, पर इसके लिए गहरी आत्मिक दृढ़ता की आवश्यकता है। क्षमा करना अपराध को स्वीकार करना नहीं। इसका अर्थ यह है कि हम दूसरों के प्रति द्वेष को बोझ के रूप में ढोना नहीं चाहते। कृतज्ञता भी क्रोध की एक कारगर औषधि है। कृतज्ञ हृदय के पास कटुता के लिए जगह कम रह जाती है। कृतज्ञता शांत है, क्रोध उग्र।

क्रोध सभी के जीवन में कभी अतिथि और कभी स्थायी पारिवारिक सदस्य की तरह आता है। पर वह बस एक संकेत या लक्षण है, किसी गहरे उद्वेलन का, जो आगे चलकर किसी व्याधि का रूप भी ले सकता है। क्रोध की सही समझ नए दरवाजे भी खोल सकती है। जिद्दू कृष्णमूर्ति कहते हैं कि क्रोध को अपनी हथेलियों में एक आभूषण की तरह रखो और उसे निहारो। उसकी जड़ों तक पहुंचने की कोशिश करो। शायद ऐसा करने पर यह भी दिख सकता है कि क्रोध की ऊर्जा प्रेम की ऊर्जा से अलग नहीं।




## बदलते समीकरण

भू-राजनीति अब किसी एक देश के भरोसे नहीं चल सकती। अमेरिका और चीन के बदलते रिश्तों के बीच भारत के सामने दोहरी चुनौती और अवसर हैं। इस बदलते समीकरण के बीच भारत के लिए सबसे बड़ा सबक यह है कि सुरक्षा के लिए किसी बाहरी महाशक्ति पर पूरी तरह निर्भर रहना आत्मघाती हो सकता है। यदि भारत रणनीतिक मोर्चे पर आत्मनिर्भर बनता है और आर्थिक मोर्चे पर सूझबूझ से कदम उठाता है, तो वह वाशिंगटन और बीजिंग के बीच बदलते समीकरणों का सबसे बड़ा लाभार्थी बन कर उभर सकता है। हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की चीन यात्रा और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ उनकी मुलाकात ने वैश्विक कूटनीति में एक नया मोड़ ला दिया है। अमेरिका और चीन के बदलते संबंध न तो पूर्ण शत्रुता हैं और न ही पूर्ण मित्रता के। ऐसे में सामरिक मोर्चे पर आत्मनिर्भर बनते हुए और आर्थिक मामलों में सूझबूझ से कदम उठा कर, भारत न केवल अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत रख सकता है, बल्कि वैश्विक आपूर्ति शृंखला में चीन के विकल्प के रूप में उभर कर नए समीकरण का सबसे बड़ा लाभार्थी बन सकता है।

*– युगल किशोर राही, छपरा*

## बढ़ती असहिष्णुता

अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक निवास वाइट हाउस के पास गोलीबारी न केवल अमेरिका की सुरक्षा व्यवस्था के लिए गंभीर चुनौती है, बल्कि यह विश्वभर में बढ़ती असहिष्णुता, मानसिक तनाव और हिंसक प्रवृत्तियों की भी अभिव्यक्ति है। जिस स्थान को दुनिया की सबसे सुरक्षित और संवेदनशील जगहों में गिना जाता है, वहां इस प्रकार की घटना यह संकेत देती है कि आधुनिक सुरक्षा तंत्र के बावजूद खतरे पूरी तरह समाप्त नहीं हुए हैं। यह घटना कई महत्त्वपूर्ण प्रश्न छोड़ गई है। आज के समय में कट्टरता, व्यक्तिगत असंतोष, मानसिक अवसाद और हथियारों तक आसान पहुंच समाज के लिए गंभीर खतरा बनते जा रहे हैं। विशेष रूप से अमेरिका में लगातार बढ़ती गोलीबारी की घटनाएं यह दर्शाती हैं कि केवल कठोर सुरक्षा व्यवस्था पर्याप्त नहीं है, बल्कि सामाजिक एवं मानसिक स्तर पर भी व्यापक सुधारों की आवश्यकता है। यह तय है कि हिंसा किसी भी समस्या का समाधान नहीं हो सकती।

*– इशरत अली कादरी, भोपाल*

## गिरता रुपया

डालर के मुकाबले रुपए के गिरते मूल्य का प्रभाव भारतीय अर्थव्यवस्था पर पड़ना स्वाभाविक है। आर्थिक विशेषज्ञ मुद्रा की विनिमय दर को किसी देश की अर्थव्यवस्था की ताकत या कमजोरी का पैमाना नहीं मानते हैं। बावजूद इसे थामने के लिए सरकार ने कुछ ठोस कदम उठाए हैं। सोने पर आयात कर बढ़ा दिया गया है। लोगों से अपील की गई है कि वे सोने के आभूषण न खरीदें। हालांकि इसे लेकर कारोबारी और महिलाओं में खासी नाराजगी देखी जा रही है। ईरान और अमेरिका के बीच लगातार चल रहे युद्ध के बीच पेट्रोल-डीजल और रसोई गैस की बढ़ी कीमतों की वजह से अन्य वस्तुओं पर महंगाई के असर से इनकार नहीं किया जा सकता है। आयात महंगा होगा। गंभीर बात यह है कि होर्मुज जलमार्ग पर गहराते संकट का असर भारत पर सबसे ज्यादा पड़ने वाला है। पड़ोसी देश चीन पर इसका असर उतना नहीं होगा। इसलिए यह कहना कि गिरता रुपया कोई परेशानी का सबब नहीं, बेमानी है।

*– मुकेश कुमार मनन, पटना*

## संकट के बहाने

उत्तर प्रदेश के अधिकांश जिलों में इस समय बिजली संकट खड़ा हो गया है। इस संकट के बीच सत्ता पक्ष के मंत्रियों का कहना है कि इसके पीछे विरोधी दल के समर्थक कर्मचारी हैं जो बिजली बत्ती गुल कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर बिजली की मांग भी बढ़ी है, क्योंकि गांव देहात में भी कूलर और एअरकंडीशनर का इस्तेमाल बढ़ गया है। सच तो यह है कि सरकार को अपनी जिम्मेदारी लेनी चाहिए। इतनी भीषण गर्मी में बिजली की खपत बढ़ेगी, तो इसका अनुमान बहुत पहले लगा लेना चाहिए था। गांवों में बिजली की जरूरत है। खेतों में पानी देने के लिए बिजली की आवश्यकता पड़ती है। यदि बिजली नहीं मिलेगी, तो खेतों में पानी के पंप नहीं चलेंगे और वे सूख हो जाएंगे। सिंचाई नहीं होगी, तो पैदावार कैसे होगा। इसकी जिम्मेदारी तो सरकार की है।

*– वीरेंद्र कुमार जाटव, दिल्ली*

हमें लिखें, हमारा पता : edit.jansatta@expressindia.com | chaupal.jansatta@expressindia.com

## देश में बिजली की मांग बढ़ने का मुख्य कारण 'अर्बन हीट आइलैंड' है : विश्लेषण

**नई दिल्ली।** देश में 'अर्बन हीट आइलैंड' (यूएचआइ) प्रभाव बिजली की मांग बढ़ने के प्रमुख कारणों में से एक है। एक नए विश्लेषण में यह बात सामने आई है। 'यूएचआइ' एक ऐसी स्थिति है जिसमें शहरों का तापमान आसपास के क्षेत्रों की तुलना में दो से 10 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ जाता है। विश्लेषण में कहा गया है कि कई क्षेत्रों में औद्योगिक गतिविधियों में इस्तेमाल होने वाली बिजली की मांग अपेक्षाकृत स्थिर बनी हुई है, लेकिन घरेलू मांग में तेज वृद्धि हुई है क्योंकि शहरों में विशेषकर शाम और रात के समय काफी अधिक गर्मी हो जाती है। हाल के दिनों में भारत में बिजली की मांग तेजी से बढ़ी है, जो 18 मई को 257.3 गीगावाट, 19 मई को 260.4 गीगावाट, 20 मई को 265 गीगावाट और 21 मई को रिकार्ड 270.8 गीगावाट तक पहुंच गई। विश्लेषण के अनुसार यूएचआइ बढ़ने का सबसे बड़ा कारण तेजी से हो रहा शहरीकरण है।

# आने वाले दशकों में और बढ़ेंगे वायु प्रदूषण से स्वास्थ्य के खतरे

जनसत्ता विशेष

**जलवायु परिवर्तन**

दुनिया भर में वायु प्रदूषण को किसी भी अन्य पर्यावरणीय जोखिम की तुलना में समय से पहले होने वाली अधिक मौतों से जोड़ा जाता है। इससे फेफड़ों के कैंसर, श्वसन संक्रमण, हृदय एवं फेफड़ों संबंधी बीमारियों तथा अन्य कारणों से मृत्यु का खतरा बढ़ जाता है। कनाडा जैसे देशों में भी, जहां वायु प्रदूषण को आमतौर पर कम जोखिम वाला माना जाता है, हर साल 17,000 से अधिक समय पूर्व मौतें और 140 अरब अमेरिकी डालर से अधिक के आर्थिक नुकसान इससे जुड़े हैं।

भारी उद्योगों और जंगलों में लगने वाली आग से उत्पन्न प्रदूषण बाहरी हवा को इतना दूषित कर सकता है कि वह तत्काल स्वास्थ्य जोखिम पैदा करने लगती है। जलवायु परिवर्तन तापमान, हवाओं और वर्षा के स्वरूप में बदलाव के जरिए वायु गुणवत्ता को और खराब कर सकता है, जिससे प्रदूषकों का उत्सर्जन बढ़ता है, उनका रासायनिक रूपांतरण तेज होता है और वे अस्वास्थ्यकर स्तर तक जमा हो सकते हैं। हाल में प्रकाशित शोध में अनुमान लगाया कि वर्ष 2100 तक अमेरिका में 10 करोड़ लोग गर्मियों के दौरान अस्वास्थ्यकर हवा में सांस लेने को मजबूर हो सकते हैं। यह संख्या वर्ष 2000 की तुलना में सात गुना अधिक होगी।

शोध के अनुसार यदि वायु को स्वच्छ बनाए रखने के लिए प्रभावी कदम नहीं उठाए गए, तो लोगों के सामने या तो घरों के भीतर रहने जैसे बचाव उपाय अपनाने अथवा बीमारी और मृत्यु के बढ़े हुए जोखिम का सामना करने का विकल्प होगा। अध्ययन वैश्विक अर्थव्यवस्था, जलवायु, वायुमंडल और स्वास्थ्य संबंधी माडल पर आधारित है। शोधकर्ताओं ने पाया कि जलवायु परिवर्तन के कारण वायु गुणवत्ता संबंधी चेतावनियां और स्वास्थ्य जोखिम संवेदनशील समूहों के लिए बढ़कर दोगुने तक हो सकते हैं। शोध में कहा गया कि शिशु, छोटे बच्चे, बुजुर्ग, गर्भवती महिलाएं तथा हृदय एवं फेफड़ों की बीमारी, कैंसर, मधुमेह और मानसिक रोगों से पीड़ित लोग वायु प्रदूषण के प्रति अधिक संवेदनशील माने जाते हैं। बाहर काम करने वाले और खुले में व्यायाम करने वाले लोगों को भी अधिक खतरा रहता है।

अध्ययन के अनुसार यदि लोग वायु गुणवत्ता संबंधी चेतावनियों का पालन करें तो वे बाहरी प्रदूषण के संपर्क को कम कर सकते हैं। आमतौर पर ऐसी सलाह में बाहर कठिन शारीरिक गतिविधियों को सीमित करना, घर के भीतर की हवा को स्वच्छ रखना और अत्यधिक धुएं या कणों की स्थिति में एन95 या पी99 मास्क पहनना शामिल होता है।

अध्ययन में कहा गया है कि जलवायु परिवर्तन का वायु गुणवत्ता पर प्रभाव इससे भी अधिक गंभीर हो सकता है क्योंकि शोध में जंगलों की आग में संभावित वृद्धि को शामिल नहीं किया गया। कनाडा में जंगलों की आग से निकलने वाला धुआं सूक्ष्म कणीय प्रदूषण का सबसे बड़ा स्रोत है। शोधकर्ताओं के अनुसार जलवायु परिवर्तन पिछले 50 वर्षों में वायु गुणवत्ता सुधार के लिए बनाए गए नियमों से हासिल लाभ को आधा कर सकता है। अध्ययन में कहा गया कि खराब वायु गुणवत्ता और उससे जुड़े स्वास्थ्य जोखिमों से समान रूप से बचाव सुनिश्चित करने के लिए वायु प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन पैदा करने वाले उत्सर्जन को कम करना तथा लोगों की अनुकूलन क्षमता बढ़ाना आवश्यक होगा।

### शुक्रवार से लू की स्थिति में सुधार की उम्मीद : मौसम विभाग



देश के अधिकतर प्रदेशों में इन दिनों भयंकर गर्मी पड़ रही है और लोगों को लू की स्थिति जूझना पड़ रहा है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक गुरुवार तक झुलसाने वाली गर्मी से राहत की कोई उम्मीद नहीं है। विभाग का कहना है कि शुक्रवार से अधिकतम तापमान और लू की स्थिति में सुधार की संभावना है। मौसम विभाग के मुताबिक पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली और उत्तर प्रदेश में 28 और 31 मई को छिटपुट से लेकर व्यापक स्तर पर हल्की से मध्यम वर्षा, गरज, बिजली और तेज हवाएं चलने की आशंका है। 28 और 29 मई को जम्मू कश्मीर, उत्तराखंड और राजस्थान में 50 से 60 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से आंधी आने की आशंका है। इतना ही नहीं, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और राजस्थान में छिटपुट ओलवृष्टि की भी संभावना है। मौसम विभाग के मुताबिक 26 और 27 मई को पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के कुछ इलाकों में रात में गर्म मौसम रहने की प्रबल संभावना है। जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड में 26 व 27 मई को और हिमाचल प्रदेश में 26 से 28 मई के दौरान लू चलने की प्रबल संभावना है। 26 से 28 मई के दौरान पश्चिमी राजस्थान के कई इलाकों में लू से भीषण लू चलने की प्रबल संभावना है। विभाग के मुताबिक उत्तर-पश्चिम भारत में 27 मई तक अधिकतम तापमान में कोई खास बदलाव होने की संभावना नहीं है। 28 व 29 मई को तापमान में छह से आठ डिग्री सेल्सियस की क्रमिक गिरावट और 30 मई से एक जून के दौरान दो से चार डिग्री सेल्सियस की क्रमिक वृद्धि होगी।

# अंग्रेजी के साथ कोई और विदेशी भाषा पढ़ना मुश्किल

सुशील राघव

**सीबीएसई**

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के विद्यालयों में अंग्रेजी के साथ कोई और विदेशी भाषा पढ़ना और पढ़ाना अब मुश्किल हो जाएगा। दरअसल, सीबीएसई ने इस साल से पहले छठी और बाद में नौवीं कक्षा से तीसरी भाषा पढ़ना अनिवार्य कर दिया है। तीन भाषाओं में दो भारतीय भाषाएं होनी अनिवार्य है। अगर कोई विद्यालय अपने विद्यार्थियों को अंग्रेजी भी पढ़ाता है तो ऐसे वह विद्यालय किसी विदेशी भाषा को विद्यार्थियों को नहीं पढ़ा पाएगा। इसके लिए विद्यालय को चौथी भाषा विद्यार्थियों को पढ़ाई होगी।

सीबीएसई के कुछ स्कूल अभी तक अंग्रेजी के साथ फ्रेंच या जर्मन भाषा विद्यार्थियों को पढ़ाते थे लेकिन तीसरी भाषा पढ़ाने और उसमें दो भारतीय भाषाओं को पढ़ाने के आदेश के बाद अंग्रेजी के साथ कोई भी विदेशी भाषा विद्यार्थियों को पढ़ाना लगभग नामुमकिन हो गया है। सीबीएसई की ओर से जारी तीन भाषाओं को पढ़ाने के ढांचे के मुताबिक जिन विद्यार्थियों ने छठी से आठवीं तक एक भी भारतीय भाषा नहीं पढ़ी है, उनके लिए कक्षा नौ में भारतीय भाषा के रूप में आर3 अनिवार्य होगी। इसमें भाषाओं के कुछ संयोजन भी दिए गए हैं। जैसे हिंदी, अंग्रेजी व मलयालय, अंग्रेजी, हिंदी व बंगाली, तेलुगू, अंग्रेजी व संस्कृत, मराठी, कन्नड़ व अंग्रेजी और पंजाबी, तमिल व गोडरी। इसके मुताबिक आर1, आर2 और आर3 में से दो भाषाएं अनिवार्य रूप से भारतीय भाषाएं होंगी। सीबीएसई की ओर से कहा गया है कि आर3 भाषा पढ़ाने के लिए विद्यालय डिजिटल कक्षाओं का उपयोग कर सकते हैं। इसके अलावा विद्यालय सेवानिवृत्त या अतिथि शिक्षकों की मदद से कक्षा नौ और दस के विद्यार्थियों को तीसरी भाषा पढ़ा सकते हैं। इतना ही नहीं वर्तमान में उपलब्ध शिक्षक जो भाषा के जानकार हैं या उस भाषा में स्नातकोत्तर किए हुए लोगों से भी आर3 भाषा की पढ़ाई करा सकते हैं। सीबीएसई का कहना है कि आर3 भाषा के लिए हर सप्ताह दो से तीन पीरियड की ही आवश्यकता होगी और विद्यार्थियों को भाषा को बोलने और उसे पढ़ने के लिए तैयार करना है। विद्यार्थियो को आर3 भाषा में अनिवार्य रूप से योग्यता हासिल करनी है और उसके अंकपत्र में इस भाषा के सामने योग्य या अयोग्य लिखा जाएगा जो आंतरिक मूल्यांकन पर आधारित होगा।

इस वर्ष नौवीं के विद्यार्थी आर3 भाषा की कक्षा छह से लिए तैयार पुस्तकों को पढ़ेंगे और अगले वर्ष से कक्षा नौ से लिए नई पुस्तकें उपलब्ध करा दी जाएंगी। अगले वर्ष यानी 2027 में कक्षा दस के विद्यार्थी आर3 भाषा की कक्षा सात से लिए तैयार पुस्तकों को पढ़ेंगे। कक्षा दस में आर3 की बोर्ड परीक्षा नहीं होगी केवल आंतरिक मूल्यांकन ही किया जाएगा।



तीन भाषाओं में दो भारतीय भाषाएं होनी अनिवार्य है। अगर कोई विद्यालय अपने विद्यार्थियों को अंग्रेजी भी पढ़ाता है तो ऐसे वह विद्यालय किसी विदेशी भाषा को विद्यार्थियों को नहीं पढ़ा पाएगा। इसके लिए विद्यालय को चौथी भाषा विद्यार्थियों को पढ़ाई होगी।

सीबीएसई के कुछ स्कूल अभी तक अंग्रेजी के साथ फ्रेंच या जर्मन भाषा विद्यार्थियों को पढ़ाते थे लेकिन तीसरी भाषा पढ़ाने और उसमें दो भारतीय भाषाओं को पढ़ाने के आदेश के बाद अंग्रेजी के साथ कोई भी विदेशी भाषा विद्यार्थियों को पढ़ाना लगभग नामुमकिन हो गया है।

# नीट पेपर लीक मामले में तीन 'मनीषा' शक के घेरे में

## एक सौंदर्य विशेषज्ञ, दूसरी शिक्षक, तीसरी प्रधानाध्यापक

जनसत्ता विशेष

**अपराध**

नीट-यूजी पेपर लीक मामले में पुणे से गिरफ्तार किए गए लोगों में तीन महिलाएं शामिल हैं, जिनका पहला नाम 'मनीषा' एक ही है और पेपर लीक में उनकी कथित भूमिका है, जिसने पूरे देश में गुस्सा भड़का दिया है। इनमें एक शिक्षक हैं, एक प्रधानाध्यपक हैं और एक सौंदर्य विशेषज्ञ (ब्यूटिशियन) हैं।

46 साल की सौंदर्य विशेषज्ञ मनीषा वाघमारे को 14 मई को गिरफ्तार किया गया था। सीबीआइ ने उन्हें एक 'कामन लिंक' बताया है, जिन्होंने कथित तौर पर छात्रों को एक और आरोपी मनीषा मांधरे से जोड़ा था, जिन्हें भी गिरफ्तार कर लिया गया है। ये दोनों पुणे की एक ही हाउसिंग सोसाइटी में रहती थीं। मनीषा वाघमारे ने कथित तौर पर प्रश्न पत्र एक और आरोपी, धनंजय लोखंडे को दिया था।



मनीषा हवलदार

मनीषा मांधरे पुणे माडर्न जूनियर कालेज आफ साइंस, आर्ट्स एंड कामर्स में जीव विज्ञान की शिक्षक थी। वह 2002 से कालेज में काम कर रही थीं और नीट-यूजी परीक्षा आयोजित करने वाली नेशनल टेस्टिंग एजंसी (एनटीए) ने उन्हें एक विशेषज्ञ के तौर पर नामित किया था। सीबीआइ ने उन्हें 16 मई को गिरफ्तार किया। मनीषा मांधरे पर आरोप है कि उन्होंने अपने घर पर स्पेशल कोचिंग क्लास चलाईं। इन क्लास के दौरान, उन्होंने कथित तौर पर नीट-यूजी परीक्षा के वनस्पति विज्ञान और जीव विज्ञान के पेपर से कई सवाल लीक किए।

इस मामले में गिरफ्तार की गई तीसरी 'मनीषा' हैं मनीषा हवलदार, जो पुणे के बुधवार पेठ में स्थित सेठ हीरालाल सराफ प्रशाला की प्रधानाध्यापक हैं। भौतिकी की शिक्षक मनीषा ने 1992 में स्कूल में नौकरी शुरू की थी। दो महीने से भी कम समय में सेवानिवृत्त होने वाली थीं। सीबीआइ ने उन्हें 22 मई को गिरफ्तार किया। एनटीए ने मनीषा हवलदार को एक विशेषज्ञ के तौर पर नियुक्त किया था, और उनके पास नीट-यूजी के भौतिकी के प्रश्न पत्रों तक पहुंच थी। उन पर आरोप है कि उन्होंने भौतिकी के पेपर से सवाल लीक किए।

एनटीए ने 12 मई को नीट-यूजी परीक्षा रद्द कर दी, जिसमें 3 मई को 22 लाख से ज्यादा छात्रों ने हिस्सा लिया था। एजंसी ने इस बात की पुष्टि की कि प्रश्न पत्र और परीक्षा से पहले वितरित हो रहे 'गेस पेपर्स' के बीच काफी समानताएं थीं।

परीक्षा रद्द होने से पूरे देश में गुस्सा फैल गया, क्योंकि छात्रों ने शिकायत की कि उनकी सारी मेहनत बेकार चली गई। जींच सीबीआइ को सौंप दी गई, जिसने अब तक 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें से ज्यादातर महाराष्ट्र के हैं। इस मामले में सबसे पहले गिरफ्तार किया गया व्यक्ति नासिक का शुभम खैरनार था। इस 27 वर्षीय युवक को कथित तौर पर 10 लाख रुपए में पेपर खरीदने और फिर उन्हें 15 लाख रुपए प्रति कापी के हिसाब से बेचने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।

एक और आरोपी है धनंजय लोखंडे, जो अहिल्यानगर का रहने वाला 30 वर्षीय आयुर्वेदिक चिकित्सक है। सीबीआइ ने बताया है कि लोखंडे को मनीषा वाघमारे से प्रश्न पत्र मिले थे और उसने उन्हें खैरनार तक पहुंचाया था।

## प्रदर्शन



इंदौर में मंगलवार को संयुक्त दीक्षांत परेड समारोह के दौरान अभ्यास करते नवनियुक्त आरक्षक।

# घुसपैठ से निपटने के लिए उच्च स्तरीय समिति गठित

जनसत्ता ब्यूरो

**एलान**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि केंद्र ने अवैध आप्रवासन और अन्य असामान्य कारणों से देशभर में हो रहे जनसांख्यिकीय परिवर्तनों का व्यापक आकलन करने के लिए उच्चतम न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति प्रकाश प्रभाकर नावलेकर की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समिति गठित की है।

उन्होंने कहा, 'यह कमेटी, अवैध प्रवास और अन्य असामान्य कारणों से पूरे भारत में हो रहे जनसांख्यिकी परिवर्तन का व्यापक मूल्यांकन करेगी और धार्मिक एवं सामाजिक समुदायों के स्तर पर असामान्य जनसंख्या परिवर्तनों की पद्धति का विश्लेषण करेगी तथा इसका सुनियोजित और समयबद्ध समाधान प्रस्तुत करेगी।'

शाह ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि घुसपैठ और अन्य कारणों से असामान्य जनसांख्यिकी परिवर्तन किसी भी राष्ट्र के वर्तमान और भविष्य के लिए एक बहुत बड़ी चुनौती है।

उन्होंने कहा, 'इस चुनौती से निपटने के लिए 15 अगस्त 2025 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनसांख्यिकी परिवर्तन पर उच्च स्तरीय समिति की घोषणा की थी। सरकार ने इस कमेटी का गठन कर लिया है।' केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि समिति की अध्यक्षता न्यायमूर्ति प्रकाश प्रभाकर नावलेकर (सेवानिवृत्त) करेंगे और कमेटी में जनगणना आयुक्त के साथ दुर्गा शंकर मिश्रा (सेवानिवृत्त आइएएस अधिकारी), बालाजी श्रीवास्तव (सेवानिवृत्त आइपीएस अधिकारी) सदस्य होंगे। साथ ही, डा शमिका रवि भी सदस्य होंगी। उन्होंने कहा कि संयुक्त सचिव (विदेशी-1), गृह मंत्रालय, इस समिति के सदस्य सचिव होंगे।

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि जनसांख्यिकी परिवर्तन हमारी संप्रभुता के साथ-साथ राष्ट्रीय सुरक्षा, कानून व्यवस्था, सामाजिक संरचना में गंभीर बदलाव और जनजातीय समाज के संरक्षण से जुड़ी एक गंभीर समस्या है।

# देश के 439 जलाशयों की सकल क्षमता में दस फीसद तक की कमी

राकेश शर्मा

**रिपोर्ट**

भीषण गर्मी में बढ़ती सिंचाई, पेयजल की समस्या को जलाशयों में बढ़ती गाद की समस्या गंभीर बना रही है। गाद के कारण जलाशयों की क्षमता प्रभावित हुई। केंद्रीय जल आयोग की एक रिपोर्ट के अनुसार देश के 439 जलाशयों में गाद जमने के कारण औसतन 19.24 फीसद सकल जल भंडारण क्षमता कम हो चुकी है। यह स्थिति ऐसे समय में सामने आई है, जब देश का बड़ा हिस्सा सिंचाई, पेयजल और बिजली उत्पादन के लिए बांधों और जलाशयों पर निर्भर है।

'भारत में बांधों और उनकी रखरखाव स्थिति' से जुड़े प्रश्न के उत्तर में जल शक्ति मंत्रालय ने जलाशयों में गाद की समस्या की जानकारी दी। इससे संबंधित केंद्रीय जल आयोग द्वारा तैयार 'भारत के जलाशयों में गाद जमाव संबंधी संकलन 2024' के अनुसार देश के 548 जलाशयों का सर्वेक्षण किया गया। इनमें से 439 जलाशयों के आंकड़ों के अध्ययन में पाया गया कि गाद जमने के कारण औसतन 19.24 फीसद क्षमता समाप्त हो चुकी है। हर वर्ष जलाशयों की सकल भंडारण क्षमता में औसतन 0.74 फीसद की कमी आ रही है। रिपोर्ट में यह भी सामने आया कि कई पुराने जलाशयों की स्थिति अत्यंत चिंताजनक है। 23 जलाशयों में 50 फीसद से अधिक क्षमता समाप्त हो चुकी है। वहीं 23 जलाशयों में 40 से 50 फीसद तक क्षमता घट गई है। इसके अतिरिक्त 49 जलाशयों में 30 से 40 फीसद और 62 जलाशयों में 20 से 30 फीसद तक, 127 में 10 से 20 फीसद तक और 155 में 10 फीसद से कम क्षमता हानि दर्ज की गई है। विशेषज्ञों के अनुसार जलाशयों में गाद जमा होने का सबसे बड़ा प्रभाव सिंचाई और पेयजल व्यवस्था पर पड़ता है। जलाशयों की उपयोगी क्षमता घटने से वर्षा ऋतु में पर्याप्त पानी संग्रहित नहीं हो पाता और गर्मी के समय जल संकट बढ़ जाता है। इसके साथ ही जलविद्युत परियोजनाओं की उत्पादन क्षमता भी प्रभावित होती है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि केंद्रीय जल आयोग ने सर्वेक्षण में आधुनिक जलमापी तकनीकों और उपग्रह आधारित दूरसंवेदी प्रणाली का उपयोग किया गया। इससे जलाशयों की वास्तविक क्षमता और तलछट की स्थिति का सटीक आकलन किया गया।

मंत्रालय का दावा है कि कई राज्यों ने जलाशयों से गाद निकालने और रखरखाव के कार्य प्रारंभ किए हैं। राजस्थान के बीसलपुर बांध और केरल के मंगालम बांध में भी गाद निकासी के कार्य किए गए हैं। जल विशेषज्ञों का मानना है कि यदि जलाशयों में बढ़ती गाद को समय रहते नियंत्रित नहीं किया गया तो भविष्य में जल प्रबंधन की चुनौती और गंभीर हो सकती है।

**पुराने जलाशय में समस्या ज्यादा** : रिपोर्ट में जलाशयों की आयु और क्षमता हानि के बीच संबंध भी सामने आया है। जिन जलाशयों में 50 फीसद में जलाशयों की आयु और क्षमता हानि के बीच संबंध भी सामने आया है। जिन जलाशयों में 50 फीसद से अधिक क्षमता समाप्त हुई, उनकी औसत आयु 47 वर्ष पाई गई। वहीं 10 फीसद से कम क्षमता हानि वाले जलाशयों की औसत आयु 39 वर्ष रही।



औसतन 19.24 फीसद कम पाया गया भंडारण की क्षमता।
पुराने बांधों पर बढ़ा दबाव, कई जलाशयों की आधी से अधिक क्षमता समाप्त।
जलाशयों में बढ़ती गाद की समस्या गंभीर बना रही, क्षमता प्रभावित।

### देश में 83 बांध निर्माणाधीन

राष्ट्रीय निर्दिष्ट बांध पंजी 2025 के अनुसार भारत में कुल 6,628 बड़े बांध हैं। इनमें 6,545 बांध पूर्ण हो चुके हैं जबकि 83 बांध निर्माणाधीन हैं। इन बांधों की कुल सकल जल भंडारण क्षमता 330.022 अरब घन मीटर है, जबकि जीवित भंडारण क्षमता 265.544 अरब घन मीटर दर्ज की गई है।

www.jagran.com
राष्ट्रीय संस्करण
दैनिक जागरण
बुधवार, 27 मई, 2026

दैनिक जागरण
सत्य की आभा सबसे प्रखर होती है

# एनटीए के बाद सीबीएसई

मेडिकल कालेजों में प्रवेश की परीक्षा नीट के प्रश्नपत्र लीक हो जाने के कारण इस परीक्षा को निरस्त करने के बाद केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड यानी सीबीएसई की पुनर्मूल्यांकन प्रक्रिया में जिस तरह विसंगतियों की शिकायतें सामने आ रही हैं, वे निराशाजनक भी हैं और दुर्भाग्यपूर्ण भी। इसी कारण शिक्षा मंत्रालय की संसदीय समिति ने जैसे नीट का आयोजन करने वाली संस्था नेशनल टेस्टिंग एजेंसी यानी एनटीए एवं शिक्षा मंत्रालय के अधिकारियों को तलब किया था, वैसे ही सीबीएसई के चेयरमैन को भी अपने समक्ष उपस्थित होने का आदेश दिया है। उनसे पूछा जाएगा कि सीबीएसई परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं के सत्यापन और पुनर्मूल्यांकन में गड़बड़ियां क्यों सामने आ रही हैं? पता नहीं वे क्या जवाब देते हैं और उनसे संसदीय समिति संतुष्ट होती है या नहीं, लेकिन प्रश्न केवल उसके संतुष्ट होने का नहीं है। प्रश्न यह है कि सीबीएसई उन छात्रों को संतुष्ट कर पाएगा या नहीं, जो अपनी उत्तर पुस्तिकाओं के पुनर्मूल्यांकन में गड़बड़ी की शिकायत कर रहे हैं? ध्यान रहे ऐसी कई शिकायतों को सीबीएसई ने सही पाया है। इसका अर्थ है कि सीबीएसई की पुनर्मूल्यांकन प्रक्रिया में वास्तव में कोई खामी है। यह कहना कठिन है कि कितने छात्र पुनर्मूल्यांकन की प्रक्रिया में खामी के शिकार हैं, लेकिन जब ऐसा होता है तो छात्रों और साथ ही अभिभावकों का परीक्षा मूल्यांकन की प्रक्रिया से भरोसा उठता है। इसी के साथ परीक्षा आयोजन करने वाली संस्था की साख पर भी बट्टा लगता है।

यह सामान्य बात नहीं कि जहां कुछ छात्र यह पा रहे हैं कि बोर्ड द्वारा अपलोड की गई उनकी उत्तर पुस्तिकाओं की स्कैन कापी उनकी लिखावट से मेल नहीं खा रही है, वहीं कुछ की यह शिकायत है कि सही उत्तर के बाद भी उनके अंक काट दिए गए। कुछ यह भी कह रहे हैं कि स्कैन कापी देखकर समझना कठिन है कि उत्तर पुस्तिका किसकी है? यह ठीक है कि सीबीएसई अधिकारी विसंगतियों को ठीक कर रहे हैं और शिकायत करने वाले छात्रों को उनकी उत्तर पुस्तिकाएं भी उपलब्ध करा रहे हैं, लेकिन इससे केवल समय और संसाधन की बर्बादी ही नहीं होगी, बल्कि अन्य छात्रों के मन में भी यह आशंका घर करेगी कि उनकी उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन सही तरह हुआ या नहीं? इसके चलते और छात्र अपनी उत्तर पुस्तिकाओं के पुनर्मूल्यांकन की आवश्यकता महसूस कर सकते हैं। यह सीबीएसई अधिकारी ही बता सकते हैं कि उत्तर पुस्तिकाओं के पुनर्मूल्यांकन में गड़बड़ी के कारण क्या हैं, लेकिन ऐसा लगता है कि आन स्क्रीन मार्किंग यानी ओएसएम का काम जिसे दिया गया, वह इसे करने में दक्ष नहीं था। त्रासदी यह है कि ऐसा पहली बार देखने को नहीं मिल रहा है।

# स्वास्थ्य जांच जरूरी

उत्तराखंड में चारधाम यात्रा बढ़ने के साथ सरकार श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य को लेकर भी गंभीर नजर आ रही है। इसी कड़ी में चारधाम यात्रा पंजीकरण के साथ स्वास्थ्य जांच को अनिवार्य किया गया है। साथ ही 60 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों, गंभीर बीमारियों से पीड़ित श्रद्धालुओं और छोटे बच्चों के साथ यात्रा करने वालों को यात्रा से जुड़े जोखिमों के प्रति जागरूक किए जाने पर जोर दिया जा रहा है। यहां तक कि उन्हें खराब स्वास्थ्य की स्थिति में यात्रा टालने के लिए भी प्रेरित किया जा रहा है।

दरअसल चारधाम यात्रा में श्रद्धालुओं की आमद लगातार बढ़ने से उन्हें सुगमता व सरलता से दर्शन कराना बड़ी चुनौती है। इसी को देखते हुए सरकार का विचार है कि सभी धामों में रात्रिकालीन दर्शन की व्यवस्था भी होनी चाहिए। बीते वर्षों में भी ऐसा ही होता रहा है और वर्तमान में यह और भी प्रासंगिक हो गया है। वजह यह कि मैदानी क्षेत्र से आने वाले श्रद्धालुओं को यहां की भौगोलिक परिस्थितियों के अनुरूप स्वयं को ढालने में वक्त लगता है, जिसका असर उनके स्वास्थ्य पर भी दिखाई देता है। यही सरकार की सबसे बड़ी चिंता है और इसी को देखते हुए श्रद्धालुओं के लिए विभिन्न स्तरों पर बुनियादी सुविधाएं जुटाई जा रही हैं, लेकिन ऐसा जिला प्रशासन, बदरी-केदार मंदिर समिति और अन्य हितधारकों के बीच बेहतर समन्वय से ही संभव है। प्रयास यही है कि चारधाम आने वाले देश-विदेश के श्रद्धालु हर दृष्टि से सुरक्षित उत्तराखंड का संदेश लेकर अपने गंतव्यों को वापस लौटें।

> चारधाम आने वाले श्रद्धालुओं को किसी तरह की दिक्कत न हो, इसके लिए उनकी स्वास्थ्य जांच अनिवार्य होगी

# बदलनी होगी उर्वरक उपयोग की रीति-नीति



आदित्य सिन्हा

> उर्वरक सब्सिडी से उपजी समस्या का एक पहलू यह भी है कि सस्ती दरों पर मिले उर्वरक का किसान आवश्यकता से अधिक उपयोग करते हैं



अवधेश राजपूत

प्रधानमंत्री मोदी ने बीते दिनों किसानों से आह्वान किया कि वे यूरिया और डीएपी जैसे रासायनिक उर्वरकों के उपयोग में कम से कम आधे की कटौती करें और अधिक से अधिक प्राकृतिक खेती करें। इस अपील के पर्यावरणीय ही नहीं, अपितु आर्थिक निहितार्थ भी हैं। भारत उर्वरकों पर भारी-भरकम राशि खर्च करता है और उसकी बहुलांश खरीदारी विदेश से होती है। अभी विदेशी उर्वरक की खरीद मुश्किल और बेहद महंगी हो गई है, जिससे संकट कहीं ज्यादा बढ़ गया है। इसलिए उर्वरकों के उपभोग का रवैया बदलना ही होगा।

भारत में किसान 45 किग्रा यूरिया का एक बैग 266 रुपये में खरीदता है, जबकि इसकी वास्तविक कीमत करीब 4,000 रुपये होती है। इसकी बिक्री पर होने वाले घाटे की भरपाई सरकार खुद करती है। इसी सरकारी सब्सिडी के चलते किसान के लिए खेती की लागत नियंत्रित रहती है। मुश्किल यह है कि सरकार के लिए अब यह खर्च इतना ज्यादा बढ़ गया है कि उसे वहन करना काबू से बाहर जा रहा है। वित्त वर्ष 2026-27 में सरकार ने 1.7 लाख करोड़ रुपये केवल उर्वरक सब्सिडी पर खर्च किए और इस साल यह खर्च कहीं ज्यादा बढ़ेगा। इतनी विशाल राशि से तो बड़े पैमाने पर सिंचाई के लिए नहर, ग्रामीण सड़कों या स्कूलों का निर्माण किया जा सकता है। पश्चिम एशिया में छिड़ी जंग और उर्वरक आपूर्ति के एक प्रमुख जलमार्ग होर्मुज में गतिरोध से चरमराई आपूर्ति के चलते भारत को इस समय विदेशी बाजार से 959 डालर प्रति टन की दर पर यूरिया खरीदना पड़ रहा है। ये दरें दो महीनों के अंतराल में लगभग दोगुनी बढ़ गई हैं। इस दर पर 25 लाख टन का कोई आर्डर एक ही झटके में साल भर के आयात का एक चौथाई हिस्सा खर्च कर देगा।

सब्सिडी से उपजी समस्या का एक पहलू यह भी है कि सस्ता मिलने से किसान उर्वरकों का आवश्यकता से अधिक उपयोग करते हैं। विज्ञानियों की अनुशंसा के अनुसार तीन मुख्य पादप पोषक तत्वों नाइट्रोजन, फास्फोरस और पोटेशियम का 4:2:1 के अनुपात में ही संतुलित उपयोग करना चाहिए। जबकि भारतीय खेतों में यह अनुपात सामान्यतः 11:4:1 का होता है। यानी यूरिया का अतिरेक और शेष का अत्यल्प उपयोग। केंद्रीय उर्वरक मंत्री जेपी नड्डा का भी कहना है कि जहां दो बैग की जरूरत है, वहां किसान चार बैग उर्वरक उपयोग करते हैं। यह अतिरिक्त यूरिया फसल के लिए उपयोगी नहीं होता। इसका एक तिहाई हिस्सा ही पौधे अवशोषित कर पाते हैं और शेष या तो घातक ग्रीनहाउस गैसों के रूप में उत्सर्जित हो जाता है या भूजल में घुल जाता है। सस्ता यूरिया मिट्टी के साथ ही पानी को भी दूषित कर रहा है।

एक समस्या रिसाव की है। जब कोई वस्तु वास्तविक मूल्य से कम पर बिकती है तो उसके दुरुपयोग की आशंका कहीं ज्यादा बढ़ जाती है। सरकारी आकलन के अनुसार करीब 20 प्रतिशत उर्वरक बैग कालाबाजारी की भेंट चढ़ जाते हैं। ये बैग या तो उन उद्योगों तक पहुंचाए जाते हैं, जहां यूरिया का उपयोग एक औद्योगिक रसायन के रूप में होता है या फिर तस्करी के जरिये विदेश, जहां उनकी ऊंची कीमत मिलती है। इस तरह किसानों के लिए खर्च की जाने वाली राशि गलत हाथों में पहुंचती है।

इस दिशा में सुधार के उपायों की बात करें तो एक उपाय किसानों को सीधे नकदी प्रदान करने का हो सकता है। उर्वरक बैग को सस्ता बेचने के बजाय सरकार जोत के आकार और भूमि की गुणवत्ता के आधार पर यूरिया की आवश्यकता को चिह्नित करते हुए आवश्यक राशि सीधे किसानों के खाते में भेजे। आधार पहचान पत्र, सभी तक बैंकिंग की पहुंच और मृदा स्वास्थ्य कार्ड की सहायता से इसे सहजता के साथ संभव बनाया जा सकता है। इससे किसानों को अपेक्षित सहायता भी मिलती रहेगी और रिसाव भी रुकेगा। दूसरा उपाय यह हो सकता है कि यूरिया की कीमत को उसके वास्तविक स्तर तक बढ़ने दिया जाए। 266 रुपये और 4,000 रुपये के बीच का यह भारी-भरकम अंतर ही लोगों को यूरिया की कालाबाजारी के लिए उकसाता है। कीमतें बढ़ने से मुनाफाखोरी की प्रवृत्ति पर लगाम लगेगी तो किसान भी किफायत से इसके उपयोग को उन्मुख होंगे। वास्तविक लाभार्थी के रूप में किसानों के खातों में मिलने वाली नकदी से खरीद में समस्या भी नहीं आएगी। इस क्रम में तीसरा उपाय यह हो सकता है कि यूरिया को भी अन्य उर्वरकों की दृष्टि से देखा जाए।

वर्ष 2010 से फास्फोरस और पोटेशियम उर्वरकों को अपेक्षाकृत अधिक न्यायसंगत व्यवस्था के तहत नियंत्रित किया जा रहा है, जिसमें सब्सिडी का पहलू इस इस बात पर निर्भर करता है कि उस बैग में पोषक तत्व की मात्रा कितनी है। यूरिया को इस व्यवस्था से बाहर रखा गया। यही एकमात्र अपवाद था, जिसने किसानों को यूरिया का आवश्यकता से अधिक उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। यूरिया को भी इसी समान व्यवस्था के दायरे में लाने से मिट्टी के पोषण संतुलन को फिर से बहाल करने में भी मदद मिलेगी। चौथा उपाय कारगर तरीकों की सराहना से जुड़ा है। अभी सरकार केवल पारंपरिक दानेदार यूरिया पर ही सब्सिडी देती है, भले ही पत्तियों पर छिड़का जाने वाला तरल यूरिया उसकी तुलना में कहीं बेहतर तरीके से अवशोषित होता हो और उसकी बर्बादी भी बहुत कम होती हो। ऐसे में, सब्सिडी के लिए किसी पुरानी या पारंपरिक परिपाटी के बजाय प्रभावी नई परंपरा को प्राथमिकता मिलनी चाहिए।

पिछले 40 वर्षों से विशेषज्ञ समितियां इसी प्रकार के सुधारों की सिफारिश करती रही हैं, लेकिन उन्हें उपेक्षित ही किया जाता रहा है। ऐसा इसलिए, क्योंकि यदि एक बार कोई वस्तु सस्ती दरों पर उपलब्ध कराई जाने लगे तो उस व्यवस्था को पलटना बहुत मुश्किल होता है। हालांकि हाल के संकट ने इससे जुड़ा पूरा गणित ही बिगाड़ दिया है। याद रहे कि जब कोई उत्पाद दुर्लभ और महंगा हो जाता है तो उसके उपभोग की रणनीति बदलनी ही पड़ती है। प्रधानमंत्री ने इस समस्या को रेखांकित कर दिया है और उसके समाधान की राह भी सामने है, लेकिन यह राह बहुत लंबे समय तक खुली नहीं रहेगी।

(लेखक लोक-नीति विश्लेषक हैं)
response@jagran.com

# कानून से ऊपर नहीं कोई मजहबी प्रथा



हरबंश दीक्षित

> गाय की कुर्बानी ऐसी अनिवार्य मजहबी जरूरत नहीं, जिसे संविधान के तहत पूर्ण संवैधानिक संरक्षण प्राप्त हो

बकरीद पर गाय की कुर्बानी को लेकर बंगाल में एक बार फिर टकराव की परिस्थितियां बन रही हैं। ताजा विवाद केवल मजहबी मामले को नहीं, बल्कि भारतीय संविधान के उस संवेदनशील क्षेत्र को फिर सामने ले आया है, जहां आस्था, कानून, सामाजिक सद्भाव और राज्य की संवैधानिक जिम्मेदारी एक-दूसरे की परीक्षा लेते हैं। प्रश्न यह नहीं कि किसी समुदाय को अपने मजहब का पालन करने का अधिकार है या नहीं? यह अधिकार संविधान ने स्पष्ट रूप से दिया है। प्रश्न यह है कि क्या किसी अवसर पर गोवंश की बलि को ऐसा अनिवार्य मजहबी आचरण माना जा सकता है, जिसके सामने राज्य के वैध पशु-संरक्षण कानून निष्प्रभावी हो जाएं? कलकत्ता हाई कोर्ट का ताजा रुख इसी प्रश्न का स्पष्ट उत्तर देता है। उसने बंगाल सरकार की उस व्यवस्था में हस्तक्षेप से इन्कार किया, जिसके तहत गाय, बैल, बछड़ा, भैंस आदि का वध बिना वैधानिक प्रमाणपत्र और अधिकृत स्थान के नहीं किया जा सकता।

अदालत ने यह भी संकेत दिया कि ईद-उल-अजहा में गाय की कुर्बानी इस्लाम की ऐसी अनिवार्य मजहबी आवश्यकता नहीं, जिसे अनुच्छेद 25 के अंतर्गत पूर्ण संरक्षण प्राप्त हो। यह दृष्टिकोण अचानक नहीं आया है। इसके पीछे सुप्रीम कोर्ट की लंबी संवैधानिक परंपरा और अनेक निर्णयों की ठोस पृष्ठभूमि है। संविधान धार्मिक स्वतंत्रता को मूल अधिकार का दर्जा देता है। अनुच्छेद 25 प्रत्येक व्यक्ति को अंतःकरण की स्वतंत्रता तथा आस्था को मानने, आचरण करने और प्रचार करने का अधिकार देता है, किंतु यह सार्वजनिक व्यवस्था, नैतिकता, स्वास्थ्य और अन्य संवैधानिक प्रविधानों के अधीन है। इसी अनुच्छेद में राज्य को सामाजिक सुधार और लोकहित से जुड़े कानून बनाने की शक्ति भी दी गई है। इसलिए मजहबी आजादी का अर्थ यह नहीं कि हर परंपरा कानून से ऊपर हो जाए।

गाय की कुर्बानी के संदर्भ में सुप्रीम कोर्ट का पहला बड़ा निर्णय मोहम्मद हनीफ कुरैशी बनाम बिहार राज्य का है। इस मामले में बिहार, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के गोवध निषेध कानूनों को चुनौती दी गई थी। याचिकाकर्ताओं का तर्क था कि बकरीद पर गाय की कुर्बानी इस्लामी मजहबी आचरण का हिस्सा है और उस पर रोक अनुच्छेद 25 का उल्लंघन है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि बकरीद पर कुर्बानी का मजहबी महत्व हो सकता है, पर गाय की ही कुर्बानी अनिवार्य नहीं है। इस्लामी परंपरा में बकरी, भेड़, ऊंट आदि विकल्प उपलब्ध हैं। इसलिए गाय की कुर्बानी को इस्लाम की अनिवार्य मजहबी प्रथा नहीं माना जा सकता।



सही दिशा दिखाता कलकत्ता हाई कोर्ट का निर्णय। फाइल

मजहब के नाम पर हर सामाजिक, सांस्कृतिक या परंपरागत व्यवहार को संवैधानिक संरक्षण नहीं मिल सकता। संरक्षण उसी आचरण को मिलेगा जो मजहब विशेष का मूल, आवश्यक और अविभाज्य हिस्सा हो। यदि कोई आचरण वैकल्पिक है, परंपरागत है या सामाजिक सुविधा से जुड़ा है, तो राज्य उसे लोकहित में नियंत्रित कर सकता है। इसी दृष्टि को सुप्रीम कोर्ट ने 'स्टेट आफ वेस्ट बंगाल बनाम आशुतोष लाहिड़ी' में और स्पष्ट किया। राज्य सरकार ने बकरीद पर स्वस्थ गायों के वध के लिए छूट देने की कोशिश की थी। कलकत्ता हाई कोर्ट ने उस छूट को अनुचित माना और मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा। सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट के दृष्टिकोण को सही ठहराते हुए कहा कि बकरीद पर स्वस्थ गाय की कुर्बानी मुसलमानों की अनिवार्य मजहबी आवश्यकता नहीं है। बकरीद के नाम पर स्वस्थ गोवंशीय पशुओं के वध की छूट नहीं दी जा सकती। सुप्रीम कोर्ट ने पशु-संरक्षण और राज्य की विधायी शक्ति को भी बार-बार मान्यता दी है। गुजरात राज्य बनाम मिर्जापुर मोती कुरैशी कसाब जमात मामले में सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात के कठोर गोवध निषेध कानून को वैध ठहराया था। गोवध निषेध को केवल बहुसंख्यक धार्मिक भावना से जोड़कर देखना अधूरा दृष्टिकोण होगा। संविधान ने स्वयं पशुधन संरक्षण को अनुच्छेद 48 में नीति निर्देशक तत्वों का हिस्सा माना है।

आस्था का सम्मान कानून-विरोधी आग्रह से नहीं बढ़ता। बकरीद का संदेश त्याग, संयम और ईश्वर-निष्ठा का है। कलकत्ता हाई कोर्ट ने न तो मजहबी स्वतंत्रता को नकारा और न ही राज्य को असीमित शक्ति दी। उसने केवल इतना कहा कि जब सुप्रीम कोर्ट पहले ही स्पष्ट कर चुका है कि गाय की कुर्बानी इस्लाम की अनिवार्य मजहबी प्रथा नहीं है, तब राज्य के पशु-वध नियंत्रण कानूनों को बकरीद के नाम पर अनदेखा नहीं जा सकता। भारत जैसे बहुधार्मिक समाज में किसी की आस्था दूसरे की पीड़ा का कारण नहीं बननी चाहिए और किसी की भावना दूसरे के अधिकारों को कुचलने का औजार भी नहीं बननी चाहिए। आज आवश्यकता है कि सरकारें कानून को निष्पक्षता से लागू करें, धर्मगुरु समाज को संयम का संदेश दें, राजनीतिक दल आग में घी डालने से बचें और नागरिक यह समझें कि अधिकारों के साथ संवैधानिक उत्तरदायित्व भी होते हैं।

(लेखक विधि मामलों के विशेषज्ञ हैं)
response@jagran.com

## ऊर्जा

# श्रेय और प्रेय

एक ओर इंद्रियों का आकर्षण है और दूसरी ओर आत्मा का आह्वान। कठोपनिषद श्रेय और प्रेय की अवधारणा प्रस्तुत करता है। प्रेय वह है जो प्रिय प्रतीत होता है, जो इंद्रियों को तुष्ट करता है, जो तात्कालिक सुख प्रदान करता है। श्रेय वह है जो कल्याणकारी है, जो आत्मा को ऊर्ध्वगामी बनाता है, जो मनुष्य को उसके सत्य स्वरूप की ओर ले जाता है। कठोपनिषद में वर्णित यम-नचिकेता संवाद में जब यमराज ने प्रसन्न होकर नचिकेता को दीर्घायु, धन, राज्य, समस्त भौतिक सुख प्रदान करने की इच्छा व्यक्त की, तब नचिकेता ने शांत स्वर में कहा कि ये सभी वस्तुएं अनित्य हैं। जो आज हैं, वे कल नष्ट हो जाएंगी। अतः उनसे आत्मा की तृष्णा कभी शांत नहीं हो सकती।

मनुष्य का अधिकांश जीवन इसी चयन में व्यतीत हो जाता है। जो सरल है, आकर्षक है, त्वरित सुख देता है, मन सामान्यतः उसी की ओर प्रवृत्त होता है। यही कारण है कि प्रेय का मार्ग सदा भीड़ से भरा होता है। उसमें चकाचौंध है, प्रतिस्पर्धा है, उपलब्धियों का प्रदर्शन है। प्रेय को आत्मविस्मृति का मार्ग कहा है। इसके विपरीत श्रेय का मार्ग निःशब्द है। उसमें बाह्य आकर्षण कम, आंतरिक अनुशासन अधिक है। श्रेय मनुष्य से त्याग की अपेक्षा करता है, किंतु यह त्याग वस्तुओं का नहीं, आसक्ति का होता है। श्रेय इंद्रियों के दमन का नहीं, उनकी मर्यादा का मार्ग है। वह मनुष्य को संसार से पलायन नहीं सिखाता, बल्कि संसार के मध्य रहते हुए आत्मचेतना में स्थित होना सिखाता है। नचिकेता इस श्रेयमार्ग का अप्रतिम प्रतीक है। मनुष्य के समक्ष श्रेय और प्रेय, दोनों उपस्थित होते हैं। धीर, विवेकी एवं दूरदर्शी व्यक्ति श्रेय का वरण करता है, जबकि अल्पदर्शी मनुष्य प्राप्त वस्तुओं की रक्षा और अप्राप्त की प्राप्ति के मोह में प्रेय को ग्रहण कर लेता है।

ट्विंकल तोमर सिंह

# ग्लोबल वार्मिंग की आंच में भविष्य

सुधीर कुमार

> गर्मी के कारण वनस्पतियों और जीवों की एक बड़ी तादाद पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है

भारत दुनिया के सबसे गर्म केंद्र के रूप में उभर रहा है। दुनिया के शीर्ष 100 सबसे गर्म शहरों की सूची में 97 भारतीय शहरों का शामिल होना गहरी चिंता का विषय है। गत दिनों ओडिशा के बालांगीर, उत्तर प्रदेश के बांदा समेत कुछ शहरों में दिन का सर्वोच्च तापमान 48 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। देश के कई हिस्सों में भीषण गर्मी की स्थिति बनी हुई है। वर्ष-दर-वर्ष वैश्विक ऊष्मण का बढ़ता ग्राफ इससे निजात पाने के नीतिगत उपायों की मांग भी करता है।

भारत मौसम विज्ञान विभाग ने इस महीने के आखिर तक देश के उत्तर-पश्चिमी हिस्से में भीषण लू की स्थिति बने रहने की चेतावनी दी है। लू गर्मी के दिनों की एक स्वाभाविक मौसमी परिघटना है। मैदानी क्षेत्रों में तापमान 40 डिग्री और पहाड़ी क्षेत्रों में 30 डिग्री सेल्सियस से अधिक होने पर लू की स्थिति बनती है। समय बीतने के साथ-साथ इसकी प्रचंडता और आवृत्ति में वृद्धि देखी जा रही है। पिछला दशक (2015-2025) अब तक के सबसे गर्म दशक तथा 2024 को औद्योगिक क्रांति के बाद के सबसे गर्म वर्ष के रूप में दर्ज किया गया था। मानव जैसे-जैसे पर्यावरण से दूर हो रहा है, जलवायविक परिस्थितियां प्रतिकूल होती जा हैं। लू या हीटवेव का चलना, ग्लोबल वार्मिंग का हावी होना और मानव की अनुकूलन-क्षमता का कम होना विभिन्न मानवजनित कारकों का ही साझा परिणाम है। देश में वनों के क्षेत्रफल में कमी, शहरीकरण, उद्योगीकरण, जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता, शीतलन के साधनों का अंधाधुंध इस्तेमाल जैसे कारक पृथ्वी की औसत ताप में वृद्धि के लिए प्रमुख रूप से कसूरवार हैं। देश में वनों के आवरण का मानक के हिसाब से नहीं होना एक राष्ट्रीय समस्या है। राष्ट्रीय वन नीति-1952 और 1988 के सिफारिशों के बाद भी देश में पर्याप्त वन नहीं हैं, जबकि वन तापमान के न्यूनीकरण, कार्बन अवशोषण और आक्सीजन की निरंतरता के प्रमुख तंत्र हैं। वहीं देश में शहरीकरण के मौजूदा स्वरूप की भूमिका स्थानीय वातावरण के ताप में वृद्धि के लिए प्रमुख है। आज शहर कंक्रीट के जंगल में तब्दील हो रहे हैं। हरित आवरण कार्बन अवशोषण में सहायक हैं, लेकिन मानव अधिवास में विस्तार की प्रवृत्ति से हरियाली को विनष्ट किया जा रहा है। शहरों में भूजल वृद्धि और ताप न्यूनीकरण में सहायक तालाबों का अतिक्रमण हो रहा है। वहीं कंक्रीट की सड़कें, उसपर चलते वाहन और जीवाश्म ईंधनों के कण भी ताप वृद्धि के लिए जिम्मेदार हैं। ताप वृद्धि से मानव की दिनचर्या और स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है, जिससे अर्थव्यवस्था भी प्रभावित हो रही है।

गर्मी के कारण सूखते जलस्रोत, भूजल का गिरता स्तर और घटती नमी के कारण वनस्पतियों और जीवों की एक बड़ी तादाद पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इससे निपटने के लिए सरकार एवं नागरिक स्तर पर सतही प्रयास करने की दरकार है।

(लेखक बीएचयू में शोधार्थी हैं)

## मेलबाक्स

### अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे विकास

'विकसित भारत के निर्माण की राह' शीर्षक से प्रकाशित आलेख में सीपी राधाकृष्णन ने भारत की आर्थिक प्रगति, युवाशक्ति और वैश्विक संभावनाओं को आशावादी दृष्टि से प्रस्तुत किया है। निश्चित रूप से भारत विश्व की तेजी से उभरती अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है, परंतु केवल जीडीपी वृद्धि, डिजिटल विस्तार और बड़े निवेश को विकास का अंतिम पैमाना मान लेना पर्याप्त नहीं कहा जा सकता। वास्तविक विकास तब माना जाएगा जब गांव, कस्बे और छोटे शहरों में रहने वाले नागरिकों को भी समान अवसर, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और स्थायी रोजगार उपलब्ध हों। आज भी बुंदेलखंड, पूर्वांचल, विदर्भ और सीमांचल जैसे क्षेत्रों से बड़ी संख्या में युवा रोजगार की तलाश में महानगरों की ओर पलायन कर रहे हैं। स्मार्ट सिटी और आधुनिक अधोसंरचना की चर्चा के बीच छोटे नगरों के अस्पताल, सरकारी विद्यालय, जल निकासी और सार्वजनिक परिवहन जैसी मूलभूत समस्याएं निरंतर उपेक्षित हैं। इससे स्पष्ट होता है कि विकास का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक समान रूप से नहीं पहुंच पा रहा। आलेख पर्यावरणीय संकट, कृषि आधारित अर्थव्यवस्था की चुनौतियों और बेरोजगारी जैसे महत्वपूर्ण पक्षों पर अपेक्षित विस्तार दिखाई नहीं देता। केवल योजनाओं की घोषणा से परिवर्तन संभव नहीं होगा। जिला स्तर पर लघु उद्योगों को बढ़ावा, कौशल प्रशिक्षण केंद्रों की स्थापना और स्थानीय उत्पादों को बाजार से जोड़ना आवश्यक है। विकसित भारत का वास्तविक अर्थ आर्थिक शक्ति के साथ सामाजिक न्याय, पर्यावरण संतुलन और मानवीय संवेदना का समन्वय है। जब विकास का लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचेगा, तभी भारत सही मायनों में विकसित राष्ट्र कहलाएगा।

awanishg30@gmail.com

### ई-रिक्शा चालकों की मनमानी

ई-रिक्शा अब अपने मूल उद्देश्य-कम दूरी के लिए चलने वाले पारंपरिक दो-सीटर रिक्शों का विकल्प बनने से कहीं आगे निकल चुके हैं। अब वे पूरे शहर में छह-सीटर "ई-टैक्सी" के रूप में संचालित हो रहे हैं, लेकिन उन पर वे ट्रैफिक नियम प्रभावी रूप से लागू नहीं होते, जो सामान्य व्यावसायिक वाहनों पर लागू होते हैं। इससे शहर की व्यस्त और तेज रफ्तार सड़कों पर गंभीर खतरे की स्थिति पैदा हो गई है। ई-रिक्शा चालक अक्सर रात में बिना हेडलाइट जलाए वाहन चलाते हैं, सड़क की गलत दिशा में चलते हैं, बिना संकेत दिए अचानक मोड़ लेते हैं और सवारियां बैठाने के लिए बीच सड़क पर अचानक ब्रेक लगा देते हैं। इसके अलावा, ये हल्के और आसानी से असंतुलित होने वाले वाहन क्षमता से अधिक सवारियां ढोते हैं, जिससे दुर्घटना का खतरा और बढ़ जाता है। कई बार इनका इस्तेमाल छोटे बच्चों को स्कूल पहुंचाने या छत पर लोहे की लंबी छड़ें जैसे खतरनाक सामान ढोने के लिए भी किया जाता है। पैदल यात्रियों और आम नागरिकों की सुरक्षा के लिए यह बेहद जरूरी है कि ई-रिक्शाओं को "ई-टैक्सी" की श्रेणी में वर्गीकृत किया जाए। साथ ही उन पर सामान्य ट्रैफिक नियमों को सख्ती से लागू किया जाए और इनके संचालन को मुख्य सड़कों के बजाय स्थानीय तथा कम रफ्तार वाले क्षेत्रों तक सीमित रखा जाए।

रमेश कुमार कालरा, लखनऊ

### टेक्नोलोजी पर बढ़ती निर्भरता

आज लोग कहीं भी जाने के लिए गूगल मैप्स का सहारा लेते हैं। किसी अनजान रास्ते के लिए इसका उपयोग करना एक सीमा तक उचित है, लेकिन अपने दिमाग का बिल्कुल इस्तेमाल न करना निश्चित रूप से गलत है। युवा पीढ़ी में यह प्रवृत्ति और अधिक दिखाई देती है। स्थिति यह है कि लोग स्वयं रास्ते याद रखने या पहचानने का प्रयास ही नहीं करते। परिणामस्वरूप याद रखने की क्षमता प्रभावित हो रही है। धीरे-धीरे दिमाग, बुद्धि और स्मरण शक्ति निष्क्रिय होती जा रही है। वास्तव में, हम स्वयं अपने मस्तिष्क को जंग लगा रहे हैं।

अभिलाषा गुप्ता, मोहाली

**इस स्तंभ** में किसी भी विषय पर राय व्यक्त करने अथवा दैनिक जागरण के राष्ट्रीय संस्करण पर प्रतिक्रिया व्यक्त करने के लिए पाठकगण सादर आमंत्रित हैं। आप हमें पत्र भेजने के साथ ई-मेल भी कर सकते हैं।

**अपने पत्र इस पते पर भेजें:**
दैनिक जागरण, राष्ट्रीय संस्करण,
डी-210-211, सेक्टर-63, नोएडा
ई-मेल: response@jagran.com

संस्थापक-स्व. पूर्णचन्द्र गुप्त. पूर्व प्रधान संपादक-स्व.नरेन्द्र मोहन. नॉन एग्जीक्यूटिव चेयरमैन-महेन्द्र मोहन गुप्त. प्रधान संपादक-संजय गुप्त, जागरण प्रकाशन लि. के लिए: नीतेन्द्र श्रीवास्तव द्वारा 501, आई.एन.एस. बिल्डिंग,रफी मार्ग, नई दिल्ली-110001 से प्रकाशित और उन्हीं के द्वारा डी-210, 211, सेक्टर-63 नोएडा-201309 से मुद्रित, संपादक (राष्ट्रीय संस्करण) -विष्णु प्रकाश त्रिपाठी*
दूरभाष : नई दिल्ली कार्यालय : 011-43166300, नोएडा कार्यालय : 0120-4615800, E-mail: delhi@nda.jagran.com, R.N.I. No. DELHIN/2017/74721 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद दिल्ली न्यायालय के अधीन ही होंगे। हवाई/रेल शुल्क ₹-2 अतिरिक्त।

19 हजार लोग सिर्फ गर्मी के चलते मारे जा रहे हैं दुनिया भर में हर साल कामकाज के दौरान, संयुक्त राष्ट्र के अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन की रिपोर्ट के अनुसार।





अभिषेक कुमार सिंह
संस्था- टेली परफार्मेंसेज से संबद्ध

आजकल

# भीषण गर्मी के शिकंजे में शहर

हाल में इस आंकड़े का सामने आना कि दुनिया के सौ सबसे गर्म शहरों में से 90 से अधिक भारत के हैं, एक बड़ी चेतावनी है। इससे लगता है कि भारत 'क्लाइमेट चेंज के भविष्य' को वर्तमान में जी रहा है। यानी जो परिस्थितियां यूरोप और अमेरिका के नागरिक आने वाले दशकों में देख सकते हैं, भारत उन्हें अभी महसूस कर रहा है। सवाल यह नहीं कि तापमान 50 डिग्री या उसके भी पार पहुंचेगा या नहीं। यह है कि क्या हमारे शहर, हमारी नीतियां और हमारा समाज उस भविष्य के लिए तैयार हैं?



हीट वेव की स्थिति आने वाले वर्षों में देश की अर्थव्यवस्था, स्वास्थ्य, रोजगार, शहरी जीवन और सामाजिक संतुलन को प्रभावित कर सकती है। फाइल

वर्ष 2024 को मानव सभ्यता के इतिहास का सबसे गर्म साल माना गया था, लेकिन वर्तमान यानी 2026 में स्थितियां और हालिया वैश्विक डाटा संकेत दे रहे हैं कि यह संकट समय के साथ और अधिक भयावह रूप अख्तियार कर चुका है। गांव-देहात के मुकाबले शहर अत्यधिक गर्म हो रहे हैं। चूंकि अधिकांश आबादी रोजगार और आधुनिक सुख-सुविधाओं की तलाश में शहरों में निवास करती है, ऐसी स्थिति में यह चिलचिलाती धूप और उमस एक जानलेवा मुसीबत बन चुकी है। गत दिनों एयर क्वालिटी मानिटरिंग प्लेटफार्म 'एक्यूआइ.इन' ने डेली हीट इंडेक्स जारी किया। उसमें दुनिया के शीर्ष 100 सबसे गर्म शहरों की सूची में 97 शहर सिर्फ एक ही देश यानी भारत के थे। इस सूची में उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड क्षेत्र का 'बांदा' शहर 48 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ दुनिया में सबसे ऊपर रहा था। इसके अलावा महाराष्ट्र के अमरावती, अकोला, चंद्रपुर और उत्तर प्रदेश के कानपुर जैसे शहर शीर्ष पर रहे। यहां तक कि दिल्ली-एनसीआर (नोएडा, गाजियाबाद, गुरुग्राम, ग्रेटर नोएडा) के शहरों में भी पारा 44 से 46 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया। एक साथ इतने सारे शहरों का गर्मी की सीमा को लांघ जाना यह साबित करता है कि हालात बिल्कुल 'सामान्य नहीं' हैं। शहरों का औसत तापमान 37.5 डिग्री सेल्सियस (जो कि मानव शरीर का सामान्य तापमान है) से ऊपर बना रहे, तो यह पूरी आबादी के स्वास्थ्य के लिए एक बड़ा रेड सिग्नल है। यह स्थिति आने वाले वर्षों में देश की अर्थव्यवस्था, स्वास्थ्य, रोजगार, शहरी जीवन और सामाजिक संतुलन को प्रभावित कर सकती है।

**जलवायु परिवर्तन से आगे का संकट**: इसमें हमारी स्थानीय नीतियों, अनियोजित शहरीकरण और उपभोक्तावादी जीवनशैली की बड़ी भूमिका है। भारत के अधिकांश बड़े शहर अब ''अर्बन हीट आइलैंड'' बन चुके हैं। इसका अर्थ यह है कि शहरों का तापमान आसपास के ग्रामीण इलाकों की तुलना में कई डिग्री अधिक हो जाता है। दिल्ली जैसे शहरों में गर्मी केवल तापमान का आंकड़ा नहीं होती। यहां महसूस होने वाला तापमान कई बार वास्तविक तापमान से 4-5 डिग्री अधिक होता है। उच्च आर्द्रता, प्रदूषण और कंक्रीट संरचनाएं मिलकर वातावरण को ''हीट चैंबर'' बना देती हैं। कंक्रीट की ऊंची इमारतें, चौड़ी डामर सड़कें, लगातार बढ़ते वाहन, एसी और उद्योग दिन-रात गर्मी पैदा करते रहते हैं। पेड़ कट रहे हैं, तालाब खत्म हो रहे हैं, नदियां सिकुड़ रही हैं और खुली जमीन सीमेंट से ढकती जा रही है। शहर दिन में गर्मी सोखते हैं और रात में उसे धीरे-धीरे छोड़ते हैं। इस कारण रातें भी ठंडी नहीं हो पातीं। दिल्ली-एनसीआर इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। कभी यहां यमुना के आसपास विस्तृत हरित क्षेत्र और जलाशय थे, जो प्राकृतिक तापमान संतुलन बनाए रखते थे। आज वही क्षेत्र कंक्रीट, एक्सप्रेसवे और रियल एस्टेट परियोजनाओं में बदल गए हैं। गुरुग्राम, नोएडा और गाजियाबाद जैसे उपनगरों में गगनचुंबी इमारतों का तेजी से विस्तार हुआ, लेकिन उनके साथ हरित क्षेत्र और जल संरक्षण की समुचित योजना विकसित नहीं की गई।

**50 डिग्री का नया नार्मल** : हरियाली की कमी, जलाशयों का अभाव, कंक्रीट की इमारतें और एयर-कंडीशनरों के भारी इस्तेमाल के कारण भारत का उत्तर-पश्चिमी और मध्य क्षेत्र ''अत्यधिक गर्मी वाले भूभाग'' में बदलता जा रहा है। यदि वैश्विक तापमान वृद्धि की वर्तमान रफ्तार जारी रही, तो आने वाले दशक में 48-50 डिग्री तापमान असामान्य नहीं रहेगा। इसका सीधा असर खेती, जल संकट और बिजली खपत पर पड़ेगा। भारत में बढ़ती गर्मी के साथ एयर कंडीशनर की बिक्री तेजी से बढ़ रही है। मध्यम वर्ग अब एसी को विलासिता नहीं, बल्कि आवश्यकता मानने लगा है, लेकिन यह समाधान खुद एक नई समस्या पैदा कर रहा है। एसी कमरे के अंदर की गर्मी बाहर फेंकता है। जब लाखों एसी एक साथ चलते हैं, तो शहर का बाहरी तापमान और बढ़ जाता है। यानी हम खुद अपने शहरों को और गर्म बना रहे हैं। इसके अलावा बिजली की मांग बढ़ती है, जिसके लिए अधिक कोयला जलाना पड़ता है। इससे कार्बन उत्सर्जन बढ़ता है और जलवायु परिवर्तन और तेज होता है। यह एक दुष्चक्र है, लेकिन गर्मी का यह संकट लोकतांत्रिक नहीं है। एसी कमरों में रहने वाला उच्च वर्ग इससे उतना प्रभावित नहीं होता, जितना रोज कमाने-खाने वाला श्रमिक-मजदूर, रिक्शा चालक, किसान, डिलीवरी बाय या फुटपाथ पर रहने वाला गरीब।

**स्वास्थ्य क्षेत्र पर भी बढ़ा दबाव**: हीट स्ट्रोक अब केवल ''लू लगना'' नहीं रह गया। अत्यधिक गर्मी शरीर की किडनी, हृदय और मस्तिष्क को प्रभावित करती है। गर्मी के लंबे दौर से मानसिक तनाव, चिड़चिड़ापन और अवसाद, आत्महत्या की प्रवृत्ति भी बढ़ती है। भारत जैसे देश में यह खतरा और बड़ा है, क्योंकि यहां स्वास्थ्य व्यवस्था पहले से दबाव में है। क्या हमारे शहर रहने लायक रहेंगे? इसका जवाब ''क्लाइमेट एडाप्टेशन'' में छिपा है। आज दुनिया के कई शहर इसी दिशा में काम कर रहे हैं। सिंगापुर, टोक्यो और कोपेनहेगन जैसे शहरों ने हरित छतें, जल पुनर्चक्रण, शहरी वन और तापरोधी निर्माण सामग्री को अपनाया है, लेकिन भारत में शहरी नियोजन अब भी मुख्यतः रियल एस्टेट केंद्रित है। हमारे शहरों में पार्क कम हो रहे हैं, पेड़ काटे जा रहे हैं और प्राकृतिक जल निकासी तंत्र नष्ट हो रहा है। नई कालोनियों में अक्सर हवा के प्राकृतिक प्रवाह का ध्यान नहीं रखा जाता। शहर ''हीट लाकर'' बनते जा रहे हैं। यदि यही स्थिति रही, तो भविष्य में बड़े शहरों में दिन के समय काम करना मुश्किल हो जाएगा।

**केवल तकनीक से नहीं होगा समाधान** : गर्मी से लड़ाई केवल अधिक एसी लगाने या कूलर खरीदने से नहीं जीती जा सकती। इसके लिए व्यापक सामाजिक और नीतिगत बदलाव की जरूरत है। सबसे पहले, शहरों में हरित क्षेत्र बढ़ाने होंगे। केवल ''ग्रीन बेल्ट'' घोषित कर देने से काम नहीं चलेगा। स्थानीय स्तर पर पेड़ लगाने, तालाब बचाने और वर्षा जल संरक्षण को अनिवार्य बनाना होगा। दूसरा, भवन निर्माण के नियम बदलने होंगे। पारंपरिक भारतीय वास्तुकला में गर्मी से बचाव के कई वैज्ञानिक उपाय थे-ऊंची छतें, आंगन, क्रास-वेंटिलेशन, मोटी दीवारें और मिट्टी आधारित निर्माण सामग्री, लेकिन आधुनिक कांच और कंक्रीट आधारित वास्तुकला ने इन सिद्धांतों को लगभग समाप्त कर दिया। आज आवश्यकता है कि नई इमारतों में ''कूल रूफ'', तापरोधी सामग्री और प्राकृतिक वेंटिलेशन को अनिवार्य किया जाए। राजस्थान और गुजरात के पारंपरिक घरों की डिजाइन आज भी अत्यधिक गर्मी में अपेक्षाकृत ठंडी रहती है।

हमें पश्चिमी माडल की अंधी नकल छोड़कर स्थानीय जलवायु के अनुरूप शहरी डिजाइन विकसित करनी होगी। तीसरे, सार्वजनिक परिवहन को मजबूत करना होगा। यदि शहर निजी वाहनों पर निर्भर रहेंगे, तो प्रदूषण और गर्मी, दोनों बढ़ते जाएंगे। इलेक्ट्रिक बसें, साइकिल ट्रैक और पैदल यात्री अनुकूल सड़कें केवल ''स्मार्ट सिटी'' का हिस्सा नहीं, बल्कि जलवायु सुरक्षा का प्रश्न हैं।

## शहरों से गायब होती हरियाली

शहरों में हरियाली के तेजी से गायब होने, कंक्रीट के भवन-इमारत बनने, नदी-नालों के सूखने और जलाशयों के खत्म होने से तापमान को नियंत्रित करने वाले प्राकृतिक कवर ध्वस्त हो गए हैं। जहां ग्रामीण इलाकों में पेड़ों की छांव और तालाबों की मौजूदगी के कारण वातावरण में कुछ नमी बची रहती है, वहीं शहरों की स्थिति इसके विपरीत है। इसके अतिरिक्त शहरों की अपनी जीवनशैली भी कृत्रिम गर्मी उगलने का काम कर रही है। घरों और दफ्तरों को अंदर से ठंडा रखने वाले उपकरण एयर कंडीशनर और रेफ्रिजरेटर बाहरी वातावरण में बेतहाशा गर्म हवाएं झोंकते हैं। यदि किसी शहर में एक साथ लाखों एसी और फ्रिज चल रहे हों, तो वह स्थानीय तापमान को कृत्रिम रूप से बढ़ा देते हैं। पेट्रोल-डीजल से चलने वाली लाखों कारें और गाड़ियां न केवल कार्बन डाइआक्साइड जैसी जहरीली गैसें हवा में घोल रही हैं, बल्कि इंजन से निकलने वाली गर्मी शहर के वातावरण को एक गैस चैंबर में तब्दील कर देती है।

यदि हमें इस जानलेवा शहरी लू से निपटना है, तो हमें अपने शहरीकरण की नीतियों को नए सिरे से परिभाषित करना होगा। केवल पारंपरिक उपायों से काम नहीं चलेगा। कुछ आधुनिक तकनीकों और पारंपरिक समझ के मिश्रण से ही इसका हल निकाला जा सकता है। जी-वैल्यू हाई-टेक ग्लासः इमारतों की खिड़कियों में इस विशेष कांच का उपयोग किया जा सकता है, जो प्रकाश को तो अंदर आने देता है, लेकिन धूप की अधिकांश तपिश और गर्मी को बाहर ही रोक देता है। क्रास-वेंटिलेशन और स्मार्ट डिजाइनः एयर कंडीशनर पर निर्भरता कम करने के लिए इमारतों को इस तरह डिजाइन किया जाना चाहिए, ताकि हवा का प्राकृतिक आवागमन (क्रास-वेंटिलेशन) सुचारू रहे। इंसुलेटेड वाटर पाइप्सः इमारतों से गुजरने वाले पानी के पाइपों को तापरोधी कवच (इंसुलेशन) से ढकने से इमारतें अंदर से कम गर्म होती हैं। योजनाकारों को भावी शहरों के निर्माण के लिए विकसित पश्चिमी देशों की अंधी नकल छोड़नी होगी। आर्किटेक्ट एजीके मेनन के अनुसार, जब तक हम भौतिक सुखों की यांत्रिक खोज और प्रकृति के बीच एक मजबूत संतुलन नहीं बिठाएंगे, तब तक लगातार सुलगती जा रही इस धरती पर सहनीय जीवन की उम्मीद करना बेमानी होगा।

-अभिषेक कुमार सिंह

खरी-खरी

## तिलचट्टा क्रांति

डा. प्रदीप मिश्र

किसी ने मुझे आवाज लगाई, 'नमस्ते अंकल जी!' मैंने चौंककर देखा तो पीछे काकरोच खड़ा था। कीट-पतंगों को 'पंचतंत्र' की कथाओं में वार्तालाप करते पढ़ा था। आज उसका एक पात्र साक्षात सामने खड़ा था। काकरोच मेरे पास आकर बोला, 'अंकलजी, मेरी वाणी सुनकर परेशान न होइए। इन दिनों मैं करोड़ों लोगों की आवाज बना बैठा हूं।'

'देख तिलचट्टे! तू मुझे अंकलजी मत कह। वरना लोग कहेंगे देखो-देखो काकरोच का चाचा जा रहा है।'

'काकरोच बोला, 'देखो तुम तुझे मारने की चाहे जितनी कोशिश कर लो, मैं न तो नष्ट हुआ हूं और न ही होऊंगा। मेरी प्रसिद्धि से तुम जलते क्यों हो?' 'देख मेरे राजा?' मेरी प्रेम-वाणी से वह भड़क उठा, 'तुम मुझे राजा मत कहो? राजा राजतंत्र का प्रतीक है। राजतंत्र में पोषण नहीं, शोषण हुआ था। बौद्धिक संपदाओं का चूषण हुआ था। वायु में प्रदूषण और नदियों का सोखण हुआ था। जबकि हम काकरोच काकरोचिक-तंत्र के पक्षधर हैं।'

'वैसे तुम्हारे काकरोचिक-तंत्र में क्या-क्या होगा?' मेरे सवाल से वह उत्साहित हुआ। बोला, 'हमारा पूरा सिस्टम आनलाइन होगा। कारें आनलाइन चलेंगी। जहाज आनलाइन उड़ेंगे। किसान आनलाइन फसलें ऊगाएंगे। कद्दू-टमाटर-आलू स्क्रीन पर ऊगेंगे। मजदूर आनलाइन भवन बनाएंगे। कबड्डी, बास्केटबाल, वालीबाल, दौड़-कूद, क्रिकेट, फुटबाल सब आनलाइन-गेम की तर्ज में खेले जाएंगे। काम-काज, खाना-पीना, उठना-बैठना, नहाना-धोना, चलना-फिरना...सब आनलाइन होंगे। आफलाइन रहने वालों को हम डिजिटल अरेस्ट करेंगे।' 'गंदगी से तुम्हारी बंदगी है। इसके बिना तुम्हारी नहीं कोई जिंदगी है? जहां जाओगे गंदगी फैलाओगे?' मैं चिंतित हुआ तो तिलचट्टा बोला, 'हमें आने तो दीजिए। पहले हम अंधेरा फैलाएंगे। फिर गंदगी और बीमारी-महामारी फैलाएंगे। इसके बाद हम एक क्लिक में सब ठीक कर देंगे। यही काकरोच क्रांति है।'

'यह क्रांति है या क्रांति की भ्रांति है?' मेरा सवाल तिलचट्टे को अच्छा नहीं लगा, इसलिए वह मुंह बिदकाकर गंदगी फैलाने चला गया।

### पोस्ट

राम-रहीम को इसलिए बार-बार बेल मिल जाती है, ताकि देश की जनता का इस सिद्धांत पर भरोसा बना रहे कि आपके पास पद-पावर, जुगाड़ और कृपा है तो आप कानून को अपनी जेब में लेकर आराम से चल सकते हैं।
अतुल कुमार राय@AuthorAtul

करीब 27 एकड़ में फैला जिमखाना क्लब रईसों के लिए ही करीब सौ साल से रिजर्व है। लाखों की फीस देकर भी सदस्य बनने के लिए तीस साल से ज्यादा की वेटिंग है। अंग्रेजों के जमाने में बने इस क्लब में आज भी अंग्रेजियत हावी है। उसकी जमीन का बेहतर इस्तेमाल हो तो कोई हर्ज नहीं है। केंद्र सरकार का सही फैसला।
अजीत अंजुम@ajitanjum



दिल्ली जिमखाना क्लब की जमीन का लीज अनुबंध समाप्त करना केंद्र सरकार का बहुत साहसिक फैसला है। यह क्लब उस जमीन पर स्थित है, जिसका बाजार मूल्य 10,000 करोड़ रुपये से अधिक है। स्पष्ट है कि क्लब के सदस्य प्रतिरोध करेंगे। सवाल यह है कि क्या मोदी सरकार इस प्रतिरोध के समक्ष टिकी रहेगी या आभिजात्य तबके के समक्ष समर्पण कर देगी?
अशोक खेमका@AshokKhemka_IAS



सुधीर तंवर
प्रमुख संवाददाता, हरियाणा ब्यूरो

हरियाणा डायरी

# शुरू हुई एसआइआर की कवायद

हरियाणा में करीब 24 वर्ष बाद मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) का काम शुरू होने वाला है। 2002 की मतदाता सूचियों से वर्तमान मतदाता सूचियों के मिलान के प्राथमिक चरण में अभी तक 23 लाख मतदाताओं के नाम में गलतियां मिल चुकी हैं, जिसको लेकर मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस सहित अन्य राजनीतिक दल सवाल उठा रहे हैं। हालांकि एसआइआर पर तमाम आशंकाओं और आरोप-प्रत्यारोपों को नकारते हुए मुख्य निर्वाचन अधिकारी ए. श्रीनिवास कहते हैं कि जिन मतदाताओं के नाम में तार्किक गलतियां हैं या फिर जिनके नाम पुरानी मतदाता सूचियों में शामिल नहीं हैं, उन्हें डरने की कोई जरूरत नहीं है। ऐसे मतदाताओं के माता-पिता या दादा-दादी के नाम पुरानी मतदाता सूची में हुए तो उनकी मैपिंग हो जाएगी। अभिभावकों के नाम नहीं होने की स्थिति में ऐसे मतदाता 11 दस्तावेजों में से कोई एक प्रमाणपत्र देकर अपनी पहचान साबित कर सकते हैं। नौकरी या पढ़ाई के लिए दूसरे राज्यों या शहर या फिर विदेश गए मतदाताओं को भी चिंतित होने की जरूरत नहीं है। उनके अभिभावक या परिवार का कोई भी वयस्क सदस्य फार्म पर हस्ताक्षर करके उसे बीएलओ को सौंप सकता है।

एसआइआर का वास्तविक काम 15 जून को शुरू होगा, जो 14 जुलाई तक चलेगा। अभी तक कुल 64 प्रतिशत मतदाताओं के नामों का मिलान हो चुका है, जबकि 18 प्रतिशत मतदाताओं के नाम में गलतियां मिली हैं। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 22 सितंबर को होगा। जिन मामलों में 'गणना फार्म' वापस नहीं मिले हैं, वहां बूथ स्तर के अधिकारी (बीएलओ) पड़ोस के लोगों से पूछताछ कर अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत या डुप्लीकेट जैसे संभावित कारणों की पहचान कर रिकार्ड दर्ज कर सकते हैं। जानकारी एकत्र करने के लिए बीएलओ ऐसे प्रत्येक घर का कम से कम तीन बार दौरा करेंगे। जिन मतदाताओं के नाम प्रारूप सूची में शामिल नहीं हैं, उनकी बूथ-वार सूची पंचायत भवनों, शहरी स्थानीय निकाय कार्यालयों और ब्लाक विकास एवं पंचायत अधिकारियों के कार्यालयों के नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित की जाएगी। नाम शामिल न होने के कारण भी प्रदर्शित किए जाएंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट सहित संबंधित जिला निर्वाचन अधिकारियों की वेबसाइट पर भी ये सूचियां अपलोड की जाएंगी।



ए. श्रीनिवास, हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी। जागरण

लोकसभा और विधानसभा चुनाव में वोट चोरी के आरोप लगाने वाली कांग्रेस ने मतदाता सूचियों की शुचिता और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए 7704 बूथ स्तरीय एजेंट (बीएलए) नियुक्त किए हैं। ये बीएलए बूथ स्तर तक पूरी प्रक्रिया पर निगरानी रखते हुए सुनिश्चित करेंगे कि किसी भी पात्र मतदाता का अधिकार प्रभावित न हो। भाजपा ने 6438 बूथ स्तरीय एजेंट नियुक्त किए हैं। भाजपा और कांग्रेस की लड़ाई अब मंचों और रैलियों की नहीं, बल्कि हर मतदाता तक पहुंच बनाने की है। एसआइआर को भविष्य के चुनावी समीकरणों से जोड़कर देख रहीं दोनों पार्टियों ने बूथ स्तर तक संगठन को सक्रिय कर दिया है। एसआइआर को लेकर कांग्रेस की गंभीरता का अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि निगरानी के लिए गठित सात सदस्यीय प्रदेश स्तरीय कमेटी का विस्तार करते हुए इसे अब 17 सदस्यीय कर दिया गया है। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री एवं विपक्ष के नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा, हरियाणा मामलों के सह-प्रभारी जितेंद्र बघेल एवं प्रफुल्ल गुढधे सहित कई विधायक और पूर्व मंत्री इस कमेटी में शामिल हैं। इसी तरह भाजपा ने सात सदस्यीय नई एसआइआर समिति बनाई है।

सोमवार को पंचकूला स्थित प्रदेश भाजपा मुख्यालय 'पंचकमल' में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, हरियाणा मामलों के प्रभारी डा. सतीश पूनिया और प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली की मौजूदगी में हुई सांसद-विधायकों, मंत्रियों, संगठन पदाधिकारियों, जिला परिषद चेयरमैन और एसआइआर से जुड़ी प्रदेश स्तरीय टीमों की बैठक में बूथ स्तर तक नेटवर्क को मजबूत करने की योजना बनाई गई, ताकि नए मतदाताओं को जोड़ने और समर्थक वोटरों के नाम सुरक्षित रखने में कोई कमी न रहे। इसी तरह कांग्रेस ने लगातार दो दिन बैठकें बुलाई हैं, जिसके तहत मंगलवार को पहले दिन एसआइआर समिति की बैठक में कार्ययोजना बनाई गई। बुधवार को बीएलए की अलग से बैठक होगी, जिसमें एसआइआर की निगरानी के लिए पूरा प्रारूप तैयार किया जाएगा। दरअसल हरियाणा विधानसभा के चुनाव के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आरोप लगाया था कि प्रदेश के दो करोड़ मतदाताओं में से 29 लाख मतदाता फर्जी हैं। ब्राजील की एक महिला का हरियाणा की मतदाता सूची में 22 बार नाम होने का दावा करते हुए आरोप लगाया था कि उत्तर प्रदेश के लोग भी हरियाणा में वोट डालते हैं। हालांकि चुनाव आयोग द्वारा वोट चोरी के आरोपों के सुबूत मांगने के लिए कई बार नोटिस दिए जाने के बावजूद राहुल अपने दावों के संबंध में कोई प्रमाण नहीं दे सके।

### जागरण जनमत

कल का परिणाम

**क्या रूबियो के दौरे से अमेरिका के साथ व्यापार समझौता होने की उम्मीद बढ़ी है?**




सभी आंकड़े प्रतिशत में

**आज का सवाल**

क्या कर्नाटक में नेतृत्व परिवर्तन से कांग्रेस को राजनीतिक लाभ मिलेगा?

परिणाम जागरण इंटरनेट संस्करण के पाठकों का मत है

### जनपथ

बारह वर्षों में पड़ी एक ठोस बुनियाद,
सनातनी करने लगे अपना अतीत याद।
अपना अतीत याद गर्व से फूला सीना,
हुआ अंततः खत्म यहां घुट-घुटकर जीना।
रह कर कटीं गुलाम हमारी सदियां ग्यारह,
देखें हम सब और वर्ष मोदी के बारह!

-ओम प्रकाश तिवारी

मंथन



नृपेंद्र अभिषेक नृप
आर्थिक मामलों के जानकार

# ऊर्जा आत्मनिर्भरता की नई राह

पेट्रोल में एथेनाल मिश्रण ऊर्जा सुरक्षा, विदेशी मुद्रा की बचत, प्रदूषण में कमी और किसानों की आय बढ़ाने के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है

भारतीय बाजार में पेट्रोल-डीजल के विकल्पों की तलाश तेजी से चल रही है और ऐसे में सीएनजी, हाइब्रिड और इलेक्ट्रिक कारों के साथ ही जिस एक विकल्प की इन दिनों काफी चर्चा चल रही है, वो है फ्लेक्स फ्यूल कार। वैसी कार, जो 100 प्रतिशत एथेनाल पर चल सके, जिससे पेट्रोल-डीजल पर निर्भरता कम हो। मौजूदा समय में पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथेनाल की ब्लेंडिंग हो रही है और आने वाले समय में इसे ई30 यानी 30 प्रतिशत तक एथेनाल ब्लेंडिंग पर जोर दिया जा सकता है। पेट्रोलियम उत्पादों पर बढ़ती निर्भरता, विदेशी मुद्रा पर दबाव, जलवायु परिवर्तन से जुड़ी चुनौतियां और ग्रामीण आय में स्थिरता की आवश्यकता ने भारत को एथेनाल सम्मिश्रण (इथेनाल ब्लेंडिंग) जैसे विकल्प की ओर अग्रसर किया है। एथेनाल एक पारदर्शी, ज्वलनशील और कार्बनिक यौगिक है। यह एक तरह का अल्कोहल है, जिसे मुख्य रूप से गन्ना, मक्का, चावल और अन्य स्टार्च युक्त फसलों से बनाया जाता है। एथेनाल बनाने की प्रक्रिया में शर्करा या स्टार्च को किण्वित करके अल्कोहल में बदला जाता है। इसे तैयार करने के लिए चार चरण होते हैं। पहले फर्मेंटेशन में यीस्ट की मदद से शर्करा को एथेनाल और कार्बन डाइआक्साइड में बदला जाता है। इसके बाद डिस्टिलेशन की प्रक्रिया में इसे अन्य तत्वों से अलग करने के लिए गर्म किया जाता है। फिर संघनन के जरिये वाष्प को ठंडा करके तरल एथेनाल में बदला जाता है। अंत में डिहाइड्रेशन किया जाता है, जिसमें पानी की मात्रा कम करके निर्जल एथेनाल तैयार किया जाता है।

भारत में इन दिनों एथेनाल को पेट्रोल के साथ मिलाकर ईंधन के रूप में उपयोग किया जा रहा है। इसके कुछ प्रमुख मिश्रण प्रकार हैं- ई10, जिसमें 10 प्रतिशत एथेनाल और 90 प्रतिशत पेट्रोल होता है। ई20, जिसमें 20 प्रतिशत एथेनाल और 80 प्रतिशत पेट्रोल होता है और ई85 या फ्लेक्स-फ्यूल, जिसका उपयोग विशेष वाहनों में किया जाता है और इसमें एथेनाल की मात्रा 85 प्रतिशत तक हो सकती है। इन मिश्रणों का उपयोग पेट्रोलियम पर निर्भरता कम करने, प्रदूषण घटाने और ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने के लिए किया जा रहा है। यह न केवल पर्यावरण के लिए फायदेमंद है, बल्कि देश को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी एक बड़ा कदम है। 20 प्रतिशत एथेनाल मिश्रण (ई20) का यह कदम ऊर्जा सुरक्षा, विदेशी मुद्रा की बचत, प्रदूषण में कमी और किसानों की आय बढ़ाने के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है। 20 प्रतिशत मिश्रण से भारत को हर साल लगभग चार बिलियन डालर की विदेशी मुद्रा बचत हो रही है।

एथेनाल मिश्रण कार्यक्रम ने भारत के कृषि क्षेत्र को एक नया अवसर प्रदान किया है। पहले एथेनाल का उत्पादन मुख्य रूप से गन्ने से किया जाता था, लेकिन अब मक्का, चावल और कृषि अवशेषों को भी इस प्रक्रिया में शामिल किया जा रहा है। इससे किसानों को अपनी फसल बेचने के लिए नया बाजार मिला है और उनकी अतिरिक्त आय में वृद्धि हुई है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली है। दूसरी ओर, इस कार्यक्रम ने जैव-ईंधन उद्योग में बड़े निवेश को आकर्षित किया है। पानीपत में भारत का पहला द्वितीय पीढ़ी एथेनाल संयंत्र शुरू हो चुका है, जो कृषि अवशेषों से एथेनाल बनाता है। भविष्य में तृतीय पीढ़ी एथेनाल यानी शैवाल आधारित उत्पादन की दिशा में भी काम हो रहा है। साथ ही, फ्लेक्स-फ्यूल वाहन तकनीक को अपनाने की दिशा में कंपनियां तेजी से कदम बढ़ा रही हैं। यह सब भारत को हरित ऊर्जा की ओर ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए लगभग 90 प्रतिशत कच्चा तेल आयात करता है, जिस पर हर साल 125 से 150 अरब डालर तक खर्च होता है। यह न केवल विदेशी मुद्रा पर भारी दबाव डालता है, बल्कि वैश्विक तेल कीमतों में उतार-चढ़ाव का सीधा असर भारतीय अर्थव्यवस्था पर पड़ता है। ऐसे में एथेनाल मिश्रण कार्यक्रम एक बड़ा समाधान है। इससे कच्चे तेल पर निर्भरता कम होगी और विदेशी मुद्रा की बचत होगी। उदाहरण के लिए, वर्ष 2022-23 में एथेनाल मिश्रण से भारत ने 24,300 करोड़ रुपये की बचत की। साथ ही यह वैश्विक तेल बाजार की अस्थिरता से होने वाले जोखिम को भी घटाता है। यह कार्यक्रम भारत की ग्रीन एनर्जी रणनीति का भी महत्वपूर्ण हिस्सा है। शोध से पता चला है कि ई20 मिश्रण (20 प्रतिशत एथेनाल) के उपयोग से वाहनों से निकलने वाला कार्बन मोनोआक्साइड उत्सर्जन 50 प्रतिशत तक कम हो जाता है। इससे प्रदूषण में कमी आएगी और जलवायु परिवर्तन से निपटने के लक्ष्यों को हासिल करने में मदद मिलेगी। हालांकि एथेनाल उत्पादन की कुछ चुनौतियां भी हैं। इसमें गन्ने की खेती में अधिक पानी की खपत, उर्वरकों और कीटनाशकों का अत्यधिक उपयोग और उत्पादन प्रक्रिया में अधिक ऊर्जा खर्च जैसी समस्याएं शामिल हैं। इसलिए, इसके पर्यावरणीय प्रभावों पर ध्यान देना भी उतना ही जरूरी है।




प्रतीकात्मक

### अप्रैल में उद्यम निवेश आधा होकर 2.7 अरब डालर पर

**मुंबई:** भू-राजनीतिक तनाव के बीच रुपये में कमजोरी का असर निवेशकों की धारणा पर पड़ने से अप्रैल महीने में उद्यम पूंजी (वीसी) और निजी निवेश (पीई) निवेश घटकर 2.7 अरब डालर रह गया। ईवाई की एक रिपोर्ट के अनुसार, अप्रैल में 83 सौदों के जरिये 2.7 अरब डॉलर का निवेश हुआ। यह राशि एक साल पहले की समान अवधि और मार्च, 2026 के मुकाबले करीब 50 प्रतिशत कम है। अप्रैल, 2026 में हुए 83 सौदे 29 महीनों का निचला स्तर है। (प्रेट्र)

हमने एक ही वर्ष के भीतर 1,00,000 टावर पर स्वदेशी 4जी सेवा शुरू की और अब इसे लगभग वैश्विक मानकों के अनुरूप विकसित कर लिया है। भारत अब स्वदेशी 4जी प्रौद्योगिकी विकसित करने वाला दुनिया का पांचवा देश है।
– चंद्रशेखर पेम्मासानी, दूरसंचार राज्यमंत्री



| सेंसेक्स | निफ्टी | सोना (प्रति दस ग्राम) | चांदी (प्रति किलो ग्राम) | डालर | क्रूड (प्रति बैरल) |
|---|---|---|---|---|---|
| 76,009.70 ▼ 479.26 | 23,913.70 ▼ 118 | ₹ 1,62,400 ▼ ₹ 2,800 | ₹ 2,73,000 ▲ ₹ 2,000 | ₹ 95.70 ▲ ₹ 0.44 | $ 98.96 |

## एक नजर में

### कोयले की कमी नहीं, 16.8 करोड़ टन का 'बफर' उपलब्ध

**नई दिल्ली** : कोल इंडिया ने कोयले की कमी की आशंकाओं को दूर करते हुए कहा है कि उसने गर्मियों के मौसम में बढ़ी हुई मांग को पूरा करने के लिए उसके पास 16.8 करोड़ टन का बफर स्टाक तैयार है। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी ने कहा कि 23 मई तक घरेलू कोयले पर आधारित बिजली संयंत्रों में उसका कोयला स्टाक 4.76 करोड़ टन था जबकि 24 मई को खदानों के पास 11.35 करोड़ टन कोयला उपलब्ध था। यह पिछले साल की तुलना में 10 प्रतिशत अधिक है और यह 19 दिनों की खपत पूरा करने को पर्याप्त है। घरेलू उत्पादन में कोल इंडिया की हिस्सेदारी 80% से अधिक है। (प्रेट्र)

### तीन लाख करोड़ से ज्यादा रहेगा उर्वरक सब्सिडी बिल

**नई दिल्ली** : अगर पश्चिम एशिया संकट से पैदा हुईं रुकावटें लंबी खिंचती हैं तो मौजूदा वित्त वर्ष में भारत का उर्वरक सब्सिडी बिल तीन लाख करोड़ रुपये से ज्यादा रह सकता है। 2026-27 के लिए उर्वरक सब्सिडी के लिए बजट में 1.71 लाख करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है, लेकिन वैश्विक बाजार में यूरिया, डाई-अमोनिया फास्फेट (डीएपी) और मिट्टी के अन्य पोषक तत्वों की कीमतों में भारी बढ़ोतरी से सब्सिडी बिल बढ़ने की संभावना है। (प्रेट्र)

### 1.87 लाख करोड़ रुपये के खादी उत्पादों की बिक्री

**नई दिल्ली** : खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग ने मंगलवार को कहा कि खादी और ग्रामोद्योग उत्पादों की बिक्री वित्त वर्ष 2025-26 में अब तक के सर्वोच्च स्तर 1,87,105 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। वित्त वर्ष 2024-25 में यह बिक्री 1,70,551.37 करोड़ रुपये रही थी, जबकि 2013-14 में यह 31,154 करोड़ रुपये थी। केवीआइसी के चेयरमैन मनोज कुमार ने कहा कि वित्त वर्ष 2026-27 में खादी एव ग्रामोद्योग उत्पादों की बिक्री 2.51 लाख करोड़ रुपये से अधिक होने का अनुमान है। (प्रेट्र)

# जून में पांच प्रतिशत हो सकती है खुदरा महंगाई

## अर्थशास्त्री बोले-आरबीआइ रेपो रेट बढ़ाने से पहले महंगे ईंधन के असर का करेगा आकलन

- सीपीआइ आधारित महंगाई दर में 75 आधार अंकों की वृद्धि होने की आशंका
- तीन से पांच जून के बीच निर्धारित है आरबीआइ की मौद्रिक नीति समिति की बैठक




**नई दिल्ली, प्रेट्र:** अर्थशास्त्रियों का मानना है कि ईंधन की कीमतों में वृद्धि और सोने-चांदी पर ज्यादा आयात शुल्क के चलते जून तक खुदरा महंगाई पांच प्रतिशत तक पहुंच जाएगी। हालांकि, आरबीआइ ब्याज दरें बढ़ाने से पहले ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी के असर के पूरी तरह से सामने आने तक इंतजार करेगा और स्थिति पर नजर रखेगा।

15 मई से शुरू होकर 11 दिनों की अवधि में पेट्रोल की कीमतें 7.38 रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमतें 7.48 रुपये प्रति लीटर बढ़ गई हैं। कीमतों में हुई इस बढ़ोतरी का सीधा असर उन क्षेत्रों की कीमतों पर पड़ेगा जहां पेट्रोल और डीजल का इस्तेमाल कच्चे माल के तौर पर होता है, जैसे कि परिवहन, भंडारण और कुछ हद तक बिजली क्षेत्र। इसके अलावा, सरकार ने सोने और चांदी पर आयात शुल्क बढ़ा 15 प्रतिशत कर दिया था।

ईवाई इंडिया के मुख्य नीति सलाहकार डीके श्रीवास्तव ने बताया कि पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतों में औसतन लगभग 7.5 रुपये प्रति लीटर की कुल बढ़ोतरी के बाद उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआइ) आधारित महंगाई दर में लगभग 75 आधार अंकों की वृद्धि होने की संभावना है। इस प्रकार, मई, 2026 में महंगाई दर 4-4.5 प्रतिशत की सीमा में और जून में 4.5-5 प्रतिशत की सीमा में रह सकती है।' मई महीने के महंगाई दर के आंकड़े 12 जून को जारी किए जाएंगे। श्रीवास्तव ने कहा, 'चूंकि सीपीआइ में होने वाली यह वृद्धि लागत जनित है, इसलिए रेपो रेट में किए जाने वाले समायोजन का महंगाई को नियंत्रित करने पर सीमित प्रभाव ही पड़ेगा। आरबीआइ शायद तब तक इंतजार करना चाहेगा जब तक ईंधन की कीमतों में हुई बढ़ोतरी का असर पूरी तरह से सामने न आ जाए, और कोई भी निर्णय लेने से पहले वह एक तिमाही तक इसके प्रभाव का बारीकी से अध्ययन करेगा।'

**महंगाई और विकास के अनुमान को संशोधित कर सकता है आरबीआइ** : अप्रैल 2026 की मौद्रिक नीति रिपोर्ट में, आरबीआइ ने अपने विकास और महंगाई के अनुमानों के लिए कच्चे तेल की कीमत 85 डालर प्रति बैरल मानी थी। अब जब असलियत 95 डालर प्रति बैरल के परिदृश्य की ओर निर्णायक रूप से बढ़ रही है, तो बार्कलेज को उम्मीद है कि पांच जून को होने वाली एमपीसी की बैठक के बाद आरबीआइ वित्त वर्ष 2027 के लिए अपने महंगाई के अनुमान को 4.6 प्रतिशत से बढ़ाकर पांच प्रतिशत कर देगा, और विकास दर के अनुमान को 6.9 प्रतिशत से घटाकर 6.7 प्रतिशत कर देगा।



"मौजूदा वित्त वर्ष में औसत महंगाई दर 5.1 प्रतिशत रहेगी। अभी महंगाई का दबाव ज्यादातर आपूर्ति की वजह से है। एमपीसी अपनी पालिसी समीक्षा में सप्लाई से जुड़े इन दबावों को नजरअंदाज करने का फ़ैसला कर सकती है। कमेटी इस बात पर नजर रखेगी कि कहीं इसका असर घरों की महंगाई पर न पड़े, और कहीं ऐसा न हो कि दूसरे दौर के असर से कीमतों का दबाव बढ़ जाए। -**दीप्ति देशपांडे**, प्रधान अर्थशास्त्री, क्रिसिल



ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी का मई के सीपीआइ महंगाई के आंकड़ों पर मामूली असर पड़ेगा, लेकिन जून के आंकड़ों पर इसका असर ज्यादा दिखेगा। अब हम वित्त वर्ष 2026-27 के लिए सीपीआइ महंगाई का बेसलाइन अनुमान पांच प्रतिशत रख रहे हैं। हमें जून 2026 की पालिसी समीक्षा में ब्याज दरें बढ़ने की उम्मीद नहीं है। -**अदिति नायर**, मुख्य अर्थशास्त्री, इक्रा"

# बुनियादी क्षेत्र के प्रोजेक्ट की लागत 5.65 लाख करोड़ बढ़ी

**150 करोड़ से अधिक मूल्य की योजनाओं की लागत 42,78,402 करोड़ रुपये हुई, इन पर अब तक 20.36 लाख करोड़ खर्च हुए**

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** देश में 150 करोड़ रुपये या उससे अधिक मूल्य की केंद्रीय क्षेत्र की बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की लागत में सामूहिक रूप से 5.65 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा जारी 'केंद्रीय क्षेत्र की बुनियादी ढांचा परियोजनाओं पर जारी नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, मंत्रालय की निगरानी वाली 150 करोड़ रुपये या उससे अधिक मूल्य की सभी 1,981 परियोजनाओं की मूल लागत 37,12,662 करोड़ रुपये थी, जो अब बढ़कर 42,78,402 करोड़ रुपये हो गई है।

अप्रैल, 2026 तक 17 केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों के तहत कुल 1,981 चालू बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की निगरानी की जा रही है। इन परियोजनाओं पर अब तक 20.36 लाख करोड़ रुपये का व्यय हो चुका है, जो कुल संशोधित लागत का 47.59 प्रतिशत है। रिपोर्ट के अनुसार, 801 परियोजनाओं (40 प्रतिशत) में 80 प्रतिशत से अधिक भौतिक प्रगति दर्ज की गई है, जबकि 277 परियोजनाएं (14 प्रतिशत) वित्तीय रूप से 80 प्रतिशत से अधिक पूरी हो चुकी हैं। परिवहन एवं लाजिस्टिक्स क्षेत्र में सबसे अधिक 1,459 परियोजनाएं जारी हैं। इनकी संशोधित लागत 23.34 लाख करोड़ रुपये आंकी गई है। कुल परियोजनाओं में 814 विशाल परियोजनाएं शामिल हैं, जिनकी लागत 1,000 करोड़ रुपये या उससे अधिक है। इनकी मूल लागत 31.63 लाख करोड़ रुपये है। वहीं 1,167 ऐसी बड़ी परियोजनाएं ऐसी हैं जिनकी लागत 150 करोड़ रुपये से अधिक लेकिन 1,000 करोड़ रुपये से कम है। इनकी कुल लागत 5.49 लाख करोड़ रुपये है।

**सड़क परिवहन के पास सबसे अधिक परियोजनाएं** : सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के पास सबसे अधिक 1,137 परियोजनाएं हैं, जो कुल परियोजनाओं का 57 प्रतिशत है। इस मंत्रालय की परियोजनाओं की संशोधित लागत 10.81 लाख करोड़ रुपये है।

# दो दिन की तेजी थमी, सेंसेक्स 480 अंक गिरा

- तेल कीमतों में उछाल से 76,009.70 पर बंद हुआ बीएसई का मानक सूचकांक
- नेशनल स्टाक एक्सचेंज का निफ्टी भी 118 अंक गिरकर 23,913.70 पर आया

**मुंबई, प्रेट्र:** उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में स्थानीय शेयर बाजारों में मंगलवार को गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 479 अंक टूट गया जबकि एनएसई निफ्टी में 118 अंक की गिरावट आई। ईरान के दक्षिणी भाग में अमेरिकी हमले की रिपोर्ट के बाद कच्चे तेल के दाम में आई तेजी के बीच बाजार में गिरावट आई।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 479.26 अंक यानी 0.63 प्रतिशत टूटकर 76,009.70 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय इसमें 579.28 अंक यानी 0.75 प्रतिशत की गिरावट आई और यह 75,909.68 पर पहुंच गया था। इसी तरह, एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 118 अंक यानी 0.49 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,913.70 पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल शेयरों में भारती एयरटेल, ट्रेंट, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, बजाज फाइनेंस, टाइटन और एचडीएफसी बैंक में प्रमुख रूप से गिरावट रही।

### डालर के मुकाबले रुपया 44 पैसे गिरकर 95.70 पर बंद

कच्चे तेल की कीमतों में फिर से आई तेजी के बीच मंगलवार को रुपया 44 पैसे टूटकर डालर के मुकाबले 95.70 पर बंद हुआ। रुपया 95.43 पर खुला और कारोबार के दौरान इसने 95.33 के ऊपरी एवं 95.76 के निचले स्तर को छुआ। अंत में यह 95.70 प्रति डालर पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव से 44 पैसे की गिरावट है।

### सोना 2,800 घटा, चांदी दो हजार रुपये महंगी हुई

अमेरिका-ईरान के बीच सैन्य तनाव के चलते निवेशकों के डालर की ओर मुड़ने से मंगलवार को सोने की कीमत 2,800 रुपये कम होकर 10 ग्राम पर 1,62,400 रुपये हो गई। वहीं चांदी 2,000 रुपये बढ़कर 2,73,000 रुपये प्रति किलो हो गई।

## एयरटेल ने 'प्रायोरिटी पोस्टपेड' सेवा का डाट के समक्ष किया बचाव

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** दूरसंचार कंपनी भारती एयरटेल लिमिटेड ने अपनी नई 'प्रायोरिटी पोस्टपेड' सेवा का दूरसंचार विभाग (डाट) की एक समिति के समक्ष बचाव करते हुए कहा है कि यह सेवा न तो समान इंटरनेट सिद्धांत का उल्लंघन करती है और न ही इससे प्रीपेड ग्राहकों की सेवा गुणवत्ता प्रभावित होती है।

संसद की संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी समिति द्वारा मांगे गए स्पष्टीकरण के जवाब में कंपनी ने कहा है कि 5जी नेटवर्क स्लाइसिंग (नेटवर्क को अलग-अलग आभासी हिस्सों में विभाजित करने की तकनीक) के आधार पर दी जा रही और यह सेवा देश में 6जी प्रौद्योगिकी की संभावनाओं को मजबूत करने के लिए जरूरी है।

# कनाडा से ट्रेड डील में तकनीक ट्रांसफर भी



- इस साल के अंत तक पूरा हो जाएगा भारत-कनाडा व्यापार समझौता
- ट्रेड डील पर बातचीत के लिए गोयल फिलहाल कनाडा के दौरे पर

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली** : वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि इस साल के अंत तक भारत व कनाडा के बीच व्यापार समझौते की वार्ता पूरी हो जाएगी।

व्यापार समझौते के तहत दोनों देशों ने वर्ष 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 50 अरब डालर ले जाने का लक्ष्य रखा है। अभी दोनों देशों के बीच आठ अरब डालर का वस्तु व्यापार होता है।

व्यापार समझौते पर बातचीत के लिए गोयल फिलहाल कनाडा के दौरे पर है, जहां उनके साथ 100 से अधिक भारतीय उद्यमियों का दल गया है। भारतीय उद्यमी विभिन्न सेक्टर के कनाडा के उद्यमियों के साथ निवेश को लेकर चर्चा करेंगे। व्यापार समझौते के तहत तकनीकी ट्रांसफर को लेकर भी रजामंदी होगी। कनाडा तेल, गैस, यूरेनियम व क्रिटिकल मिनरल्स का सप्लायर है। गोयल के साथ वार्ता के दौरान कनाडा के प्रधानमंत्री ने कहा कि यह व्यापार समझौता दोनों देशों के लिए गेम चेंजर साबित होगा। 2.4 लाख करोड़ डालर की अर्थव्यवस्था वाले कनाडा की प्रति व्यक्ति आय 60,000 डालर से अधिक है। इसलिए कनाडा में भारतीय निर्यात को तेजी से बढ़ाने की गुंजाइश है। भारत की ओर से संयुक्त सचिव बृजमोहन मिश्रा मुख्य वार्ताकार हैं, जबकि कनाडा से ब्रूस क्रिस्टी यह भूमिका निभा रहे हैं। भारत से कनाडा को होने वाले प्रमुख निर्यात में दवाइयां, लोहा एवं इस्पात, समुद्री उत्पाद, सूती वस्त्र, इलेक्ट्रॉनिक सामान और रसायन हैं। कनाडा में 4.25 लाख से अधिक भारतीय छात्र रहते हैं और वहां भारतीय मूल के लोगों का बड़ा समुदाय भी रहता है।

बिजनेस से जुड़ी खबरों और अपडेट के लिए स्कैन करें या विजिट करें jagran.com

## राष्ट्रीय फलक

# व्हाइट कालर जाब पर पड़ेगा एआइ का सबसे ज्यादा असर

**जेएनएन, नई दिल्ली**

- 2030 तक एआइ आटोमेशन से भारत में 1.8 करोड़ नौकरियां होंगी प्रभावित
- विशेषज्ञ ने कहा-तकनीकी क्षेत्र में अभी चल रही छंटनी बस एक शुरुआत है




कंपनियां अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) का प्रयोग रोजमर्रा के काम में करने लगी हैं। इसका सबसे ज्यादा असर आफिस में बैठकर काम करने वाले लोगों (व्हाइट कालर जाब) पर पड़ेगा, क्योंकि कंपनियां उन कामों को मशीन से कराना शुरू कर रही हैं, जिन्हें पहले इंसान करते थे।

मारसिलस इन्वेस्टमेंट मैनेजर्स के संस्थापक सौरभ मुखर्जी ने एक पाडकास्ट में अमेरिकी साफ्टवेयर कंपनी सर्विसनाउ की रिपोर्ट से जुड़े अनुमानों का जिक्र करते हुए यह बात कही। इस रिपोर्ट के अनुसार, 2030 तक एआइ आटोमेशन के कारण भारत में 1.8 करोड़ नौकरियां प्रभावित हो सकती हैं, जबकि सिर्फ 30 लाख नई तकनीकी नौकरियां ही पैदा होने की संभावना है।

हालांकि, सर्विसनाउ की अपनी भाषा में इनमें से कई भूमिकाओं को एआइ द्वारा पूरी तरह से खत्म करने के बजाय फिर से परिभाषित किए जाने के रूप में बताया गया है। हालांकि, इसके बावजूद उथल-पुथल कर्मचारियों की उम्मीद से कहीं ज्यादा होगी। मुखर्जी ने कहा, अभी तो यह ट्रेलर है। 'तकनीकी क्षेत्र में अभी जो छंटनी चल रही है, वह तो बस शुरुआती झलक है। उस समय का अंदाजा लगाइए जब एआइ डिजिटल कामों को लगभग इंसानों की तरह करने में सक्षम हो जाएगा।'

मुखर्जी के अनुसार, 'एआइ कोडिंग से जुड़े कई तरह के कामों को पहले ही लगभग 50 प्रतिशत इंसानी विश्वसनीयता के स्तर तक करने में सक्षम हो गया है। उनका मानना है कि अगले दो से तीन सालों के भीतर एआइ तकनीक से जुड़े कामों के बड़े हिस्से में 90% या यहां तक कि 100 प्रतिशत विश्वसनीयता हासिल कर सकते हैं।

**बड़ी तकनीकी कंपनियां एआइ में कर रही बेमिसाल खर्च** : एआइ में हो रहे तेजी से बदलाव के पीछे माइक्रोसाफ्ट, एमेजोन, अल्फाबेट, एपल और एंथ्रोपिक जैसी कंपनियों द्वारा इस पर किए जा रहे बेमिसाल खर्च है। मुखर्जी का दावा है कि इन कंपनियों ने मिलकर गत 12 माह में एआइ पर अपना पूंजीगत खर्च दोगुना कर दिया है। उन्होंने एआइ इन्फ्रास्ट्रक्चर, चिप, डेटा सेंटर, लार्ज लैंग्वेज माडल (एलएलएम) की ट्रेनिंग पर 800 अरब डालर खर्च किए हैं। यह भारत की जीडीपी का 25 प्रतिशत है। मुखर्जी ने कहा, हाल के महीनों में जो सबसे नाटकीय चीज देखने को मिली है, वह यह है कि इन तकनीकी कंपनियों को इस क्षेत्र से जबरदस्त राजस्व वृद्धि देखने को मिली है। मुखर्जी ने गत तीन से चार माह में एआइ से होने वाले राजस्व में हुई तेज वृद्धि की ओर इशारा किया। उन्होंने एंथ्रोपिक का उदाहरण देते दावा किया, उसके क्लाउडएआइ प्लेटफार्म से जुड़ा एंटरप्राइज रेवेन्यू 2025 की शुरुआत में करीब एक अरब डालर से बढ़कर सिर्फ 15 माह के अंदर ही 30 अरब डालर तक पहुंच गया।

### 58% जीसीसी पहले से ही कर रहे एजेंटिक एआइ का प्रयोग

मुखर्जी द्वारा बताए गए ईवाई के एक सर्वे से पता चला है कि भारत में मौजूद 58 प्रतिशत ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स (जीसीसी) पहले से ही 'एजेंटिक एआइ' में निवेश कर रहे हैं, जबकि 80% से ज्यादा सेंटर्स 'जेनरेटिव एआइ' में निवेश कर रहे हैं। इसी सर्वे में यह भी सामने आया कि जीसीसी के अंदर मौजूद 24 प्रतिशत काम ऐसे हैं, जिन्हें पूरी तरह से आटोमेट किया जा सकता है और 42 प्रतिशत अन्य कामों को एआइ सिस्टम की मदद से काफी हद तक बेहतर बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा, "अगर मैं किसी जीसीसी को चला रहा होता, तो मैं उन 24% उन कामों को तुरंत आटोमेट कर देता जो फिलहाल इंसान कर रहा है।

# आयकर अपीलीय ट्रिब्यूनल में रिक्तियों के संबंध में सुप्रीम कोर्ट का केंद्र को नोटिस



**नई दिल्ली, प्रेट्र:** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को आयकर अपीलीय ट्रिब्यूनल में कर्मचारियों और सदस्यों की रिक्तियों से संबंधित याचिका पर केंद्र से जवाब मांगा और सभी हाई कोर्ट को निर्देश दिया कि वे इन रिक्तियों को भरने के लिए प्रतिनियुक्ति पर न्यायिक अधिकारियों को भेजें।

प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और जस्टिस जोयमाल्य बागची की पीठ ने केंद्र को नोटिस जारी किया और इस मामले में अटार्नी जनरल आर वेंकटरामानी से सहायता मांगी। याचिका अटार्नी जनरल के कार्यालय को भेजी जाए ताकि आयकर अपीलीय ट्रिब्यूनल में रिक्त पदों को जल्द से जल्द भरा जा सके। अंतरिम उपाय के रूप में ट्रिब्यूनल हाई कोर्ट से न्यायिक अधिकारियों को प्रतिनियुक्ति पर भेजने का अनुरोध कर सकते हैं। शीर्ष न्यायालय आयकर अपीलीय ट्रिब्यूनल के पूर्व उपाध्यक्ष प्रवीन कुमार बंसल द्वारा दायर जनहित याचिका पर सुनवाई कर रहा था। याचिकाकर्ता की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने बताया कि रजिस्ट्रार समेत अधिकारियों के सभी पद कई वर्षों से रिक्त पड़े हैं। सुप्रीम कोर्ट ने आश्चर्य व्यक्त किया कि ये पद इतने लंबे समय से रिक्त क्यों हैं और मुकुल रोहतगी को आश्वासन दिया कि वह प्रशासनिक स्तर पर इस मामले की जांच करेगा।

### केजी-बेसिन गैस विवाद में कोर्ट ने सुलह प्रक्रिया पर सहमति जताई

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार के साथ कृष्णा-गोदावरी (केजी) बेसिन गैस विवाद को आपसी सहमति से सुलझाने की अनुमति की मांग वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआइएल) की नई याचिका को स्वीकार कर लिया। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, जस्टिस जोयमाल्य बागची और जस्टिस विपुल एम पंचोली की पीठ ने इस संबंध में वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल की ओर से किए गए उल्लेख का संज्ञान लिया। सिब्बल ने कहा कि सुलह प्रक्रिया के लिए आवेदन किया गया है, जिस पर अटार्नी जनरल आर वेंकटरमनी ने कहा कि सरकार अनुरोध पर विचार करने को तैयार है। शीर्ष न्यायालय ने सुनवाई जुलाई के तीसरे सप्ताह तक के लिए स्थगित कर दी। पीठ ने कहा कि यदि दोनों पक्ष समाधान निकाल लेते हैं, तो अपील का निपटारा कर दिया जाएगा।

# नए जमाने की कंपनियों ने टाटा संस के बोर्ड के सामने दिया प्रेजेंटेशन

- एअर इंडिया, टाटा डिजिटल और टाटा इलेक्ट्रानिक्स भविष्य के नजरिये से समूह के सबसे महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट

**मुंबई, प्रेट्र** : नए जमाने के बिजनेस प्रमुखों ने मंगलवार को टाटा संस के छह सदस्यीय बोर्ड के सामने प्रेजेंटशेन दिए। एअर इंडिया, टाटा डिजिटल और टाटा इलेक्ट्रानिक्स भविष्य के नजरिये से समूह के सबसे महत्वाकांक्षी दांवों में से एक हैं, लेकिन अभी घाटे से जूझ रहे हैं। हालांकि, पता नहीं चला कि बोर्ड बैठक में क्या फैसले लिए गए। इस बैठक में टाटा ट्रस्ट्स के चेयरमैन नोएल टाटा भी शामिल हुए। नोएल टाटा ने ही समूह के कुछ कारोबार में हो रहे घाटे को लेकर चिंता जताई थी। सूत्रों ने बताया कि टाटा संस बोर्ड की अगली बैठक 12 जून को होने की संभावना है। बैठक में मौजूदा चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन की दोबारा नियुक्ति को लेकर चर्चा हो सकती है।

दक्षिण मुंबई स्थित 'बांबे हाउस' में आयोजित इस बैठक में हिस्सा लेकर जब टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन बाहर निकले तो उन्होंने बोर्ड बैठक में लिए गए फैसलों के बारे में मीडिया से कोई बात नहीं की। माना जा रहा है कि चंद्रशेखर और टाटा ट्रस्ट्स के चेयरमैन नोएल टाटा (टाटा संस के बोर्ड में नामित निदेशक भी हैं) ने समूह की कंपनियों के प्रदर्शन से जुड़े मामलों पर चर्चा के लिए कुछ दिनों पहले मुलाकात की थी। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, वित्त वर्ष 2025 में टाटा ग्रुप के गैर-सूचीबद्ध बिजनेस को 10,905 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था और इसके बढ़कर 29,000 करोड़ रुपये तक पहुंचने की संभावना है। दरअसल, नोएल टाटा टाटा संस में बढ़ते घाटे को लेकर चिंतित हैं। विशेष रूप से उन नए बिजनेस से हो रहे घाटे को लेकर, जिन्हें एन चंद्रशेखरन ने शुरू किया है। इसमें टाटा डिजिटल और इलेक्ट्रानिक्स से जुड़े उद्यम के साथ ही एअर इंडिया शामिल है।

### आरएचएफएल के पूर्व निदेशक पर 150 करोड़ केऋण धोखाखड़ी का केस

**मुंबई, एएनआइ** : मुंबई पुलिस ने रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड (आरएचएफएल) के एक पूर्व निदेशक के खिलाफ एक्सिस बैंक से जुड़े करीब 150 करोड़ रुपये के कथित धोखाधड़ी मामले में केस दर्ज किया है।

यह मामला कफ परेड थाने में एक्सिस बैंक के अधिकारियों द्वारा की गई शिकायत के आधार पर दर्ज किया गया, जिसमें आरोप लगाया गया कि आरएचएफएल ने अपनी वित्तीय स्थिति मजबूत और स्थिर दिखाते हुए जाली और भ्रामक दस्तावेज का उपयोग करके ऋण प्राप्त किया। एक्सिस बैंक की ओर से दी गई शिकायत में यह भी कहा गया है कि आरएचएफएल ने ऋण राशि का उपयोग उसके तय उद्देश्य के लिए नहीं किया, बल्कि फंड का अन्य कंपनियों में निवेश कर दिया। "

यह घटनाक्रम उद्योगपति अनिल अंबानी और रिलायंस एडीए समूह से जुड़े कंपनियों के चारों ओर बढ़ते कानूनी संकट को और बढ़ाता है।

# क्या 5जी स्लाइसिंग से प्रभावित हो रही नेट न्यूट्रलिटी? संसदीय समिति ने मांगा जवाब

- निशिकांत की अध्यक्षता वाली समिति ने दूरसंचार विभाग, ट्राई को 25 दिनों में जवाब दाखिल करने को कहा

**नई दिल्ली, प्रेट्र** : भाजपा नेता निशिकांत दुबे की अध्यक्षता वाली संचार और सूचना प्रौद्योगिकी पर संसदीय स्थायी समिति ने नेट न्यूट्रलिटी (नेट निरपेक्षता) के उल्लंघन की चिंताओं पर दूरसंचार विभाग और ट्राई (भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण) से जवाब मांगा है। समिति ने सिंगापुर, ब्रिटेन और अन्य देशों में 5जी नेटवर्क स्लाइसिंग सेवाओं के प्रभाव की समीक्षा करने का निर्देश दिया है और दोनों विभागों को 25 दिनों के भीतर जवाब दाखिल करने को कहा है।

**प्रीपेड बनाम पोस्टपेड ग्राहकों का विवाद** : संसदीय समिति ने इस बात पर गहरी चिंता जताई है कि कुछ टेलीकाम कंपनियों के 'प्रायोरिटी पोस्टपेड प्लान' से देश के करोड़ों प्रीपेड मोबाइल उपभोक्ताओं के हितों का नुकसान हो सकता है। बैठक में एक सदस्य ने बताया कि देश में केवल 10 प्रतिशत मोबाइल यूजर्स पोस्टपेड श्रेणी में आते हैं, जबकि भारी-भरकम 90 प्रतिशत आबादी प्रीपेड सेवाओं का लाभ उठाती है। ऐसे में कुछ चुनिंदा प्रीमियम ग्राहकों को बेहतर नेटवर्क देना नेट न्यूट्रलिटी के मूल सिद्धांतों के खिलाफ हो सकता है।

**'विशेष सेवाओं' की परिभाषा और कंपनियों का रुख** : यह विवाद तब गहराया जब एयरटेल ने भारत की पहली कमर्शियल 5जी नेटवर्क-स्लाइसिंग सेवा 'एयरटेल प्रायोरिटी पोस्टपेड' लांच की। कंपनी का दावा है कि पश्चिमी देशों की तरह इस तकनीक से प्रीमियम यूजर्स को शानदार नेटवर्क परफार्मेंस मिलेगी। हालांकि, समिति के सदस्यों का मानना है कि वर्तमान में 'विशेष सेवाओं' की कोई स्पष्ट परिभाषा नहीं है, जिसका फायदा उठाकर टेलीकाम कंपनियां नियमों की कमियों का इस्तेमाल कर रही हैं।

### क्या है 5जी स्लाइसिंग

5जी स्लाइसिंग एक ऐसी तकनीक है जिसके जरिये एक ही भौतिक 5जी नेटवर्क को कई वर्चुअल (आभासी) और स्वतंत्र नेटवर्कों में विभाजित किया जाता है। इसे आसान शब्दों में एक ही हाईवे को अलग-अलग 'लेन' में बांटने जैसा समझ सकते हैं, जहां हर लेन खास तरह के ट्रैफिक के लिए तय होती है। 4जी के समय एक ही नेटवर्क सभी तरह के कामों (जैसे फोन काल, इंटरनेट ब्राउजिंग, वीडियो स्ट्रीमिंग) के लिए इस्तेमाल होता था। लेकिन 5जी स्लाइसिंग में टेलीकाम आपरेटर नेटवर्क के साफ्टवेयर का इस्तेमाल करके अलग-अलग 'स्लाइस' (टुकड़े) बना देते हैं। हर स्लाइस की स्पीड, सुरक्षा और क्षमता उस पर चलने वाले काम के हिसाब से सेट होती है।

### रक्षा सामग्री खरीद में हवाला नेटवर्क, छह कारोबारियों से पूछताछ

**जागरण संवाददाता, कानपुर** : रक्षा सामग्री खरीद के ठेके देने में रिश्वतखोरी के आरोपों की जांच कर रही सीबीआइ की टीम को दिल्ली के चांदनी चौक से राजस्थान, पंजाब व बंगाल तक हवाला नेटवर्क के तार जुड़े मिले हैं। अब इसकी कड़ियां जोड़ी जा रही हैं। रविवार रात से यहां डटी सीबीआइ टीम ने मंगलवार को कानपुर के पांच गल्ला व एक गुटखा कारोबारी से छह घंटे तक पूछताछ की। इनसे सौ से अधिक बैंक खातों में करोड़ों रुपये के संदिग्ध लेनदेन की बात पता चली है। उधर, नोएडा से कारोबारी यश गुप्ता के घर से 50 लाख रुपये बरामद कर टीम ने उन्हें भी गिरफ्तार किया है।

टीम ने आरोपित रक्षा उद्यमी अक्षत अग्रवाल व पिता मयंक अग्रवाल, कर्नल हिमांशु बाली व यश गुप्ता को आमने-सामने बैठाकर पूछताछ कर साक्ष्य जुटाए हैं। इनको नई दिल्ली स्थित राउज एवेन्यू कोर्ट में 25 मई को पेश किया गया, जहां पांच दिनों की रिमांड पर सीबीआइ हिरासत में भेज दिया गया है।

# हादसों से सबक

देश के दो अलग-अलग हिस्सों में दो हादसे हुए, जिनमें 10 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई। ये सभी जिंदगियां यूं खत्म न हुई होतीं, अगर हमने संवेदनशील तंत्र या समाज गढ़ा होता। जैसे कि ब्योरे हैं, मध्य प्रदेश के पन्ना जिले में बीहरपुवा गांव में कुआं खोदते हुए पांच लोग मिट्टी धंसने से असमय काल के गाल में समा गए, तो वहीं ओडिशा के कालाहांडी में एक सेप्टिक टैंक की जहरीली गैस ने छह लोगों की जान ले ली। ये दोनों हादसे यही याद दिलाते हैं कि अपने नागरिकों की जान की कीमत हम अब तक नहीं समझ पाए हैं, वरना प्रौद्योगिकीय चमत्कार के इस युग में ये दोनों काम मशीनों से हो रहे होते और इनके शिकार बने लोग उन सुविधाओं का लाभ उठाते! बीहरपुवा की घटना इस बात का एक और उदाहरण है कि आज भी देश में ऐसे अनेक गांव और इलाके हैं, जो साफ पेयजल के लिए तरस रहे हैं। गांव क्या, महानगरों और शहरों में भी स्थिति बहुत बेहतर नहीं कही जा सकती। अभी बहुत ज्यादा समय नहीं बीता है, जब देश के सबसे स्वच्छ शहर का तमगा हासिल करने वाले इंदौर में दूषित पेयजल पीने से कई लोगों की मौत हो गई थी और 40 से अधिक लोग अस्पताल पहुंच गए थे।

इसमें कोई दोराय नहीं कि आज देश को स्मार्ट सिटी की जरूरत है और सरकार ने उचित ही इस दिशा में कदम उठाया है। इस समय देश के सौ शहरों में इस पर काम हो रहा है, मगर इस बात को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता कि सरकारों का प्राथमिक दायित्व लोगों को भरपेट भोजन, साफ पेयजल, शिक्षा व स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया करना है। ऐसी कई तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहे हैं, जिनमें पीने के पानी के लिए जान हथेली पर रखकर बच्चियों व महिलाओं को कुंड में उतरते या फिर लंबी दूरी तय करते देखा जा सकता है। इसी तरह, कुछ ही महीने पहले सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्रालय ने संसद के जरिये देश को अवगत कराया था कि 2017 के बाद से अब तक 620 से अधिक सफाईकर्मियों की सीवर की सफाई में मृत्यु हो चुकी है। ये आंकड़े और मंगलवार को हुए दोनों हादसे हमारी पूरी तरक्की को मुंह चिढ़ा रहे हैं। कहा जा रहा है कि बीहरपुवा में मनरेगा के तहत कुएं की खुदाई हो रही थी। फिर तो इस आपराधिक लापरवाही के लिए जिम्मेदार स्थानीय अधिकारियों को सख्त सजा मिलनी चाहिए। सवाल यह है कि क्या ऐसा होगा?

**हमारा समाज व तंत्र, ऐसी दर्दनाक घटनाओं से कोई सबक नहीं सीखता। समाज इनको जल्द भुला देता है, वहीं तंत्र का पूरा जोर मुआवजा घोषित करने पर होता है।**

हमारा समाज और तंत्र, ऐसी दर्दनाक घटनाओं से कोई सबक नहीं सीखता। समाज ऐसी घटनाओं को जहां जल्द भुला देता है, तो वहीं तंत्र का पूरा जोर पीड़ितों के लिए मुआवजा घोषित करने पर होता है। ऐसे में, हालात में बदलाव की गति धीमी या फिर गौण हो जाती है। यह कोई छिपा हुआ तथ्य नहीं है कि देश के अनेक इलाकों में भूजल-स्तर गिरता जा रहा है और कई गांवों में सार्वजनिक चापाकल सूख गए हैं। ऐसे में, गहरे तालाबों और कुओं की आवश्यकता लोगों को ही नहीं, सरकारों को भी नए सिरे से महसूस होने लगी है। सरकारें सूख चले पोखर, ताल-तलैयों को जल संरक्षण के लिए फिर से जीवित करना चाहती हैं। निस्संदेह, यह काम पूरी संवेदनशीलता के साथ होना चाहिए, क्योंकि आने वाली पीढ़ियों के लिहाज से भी यह बहुत अहम है। इसी तरह, सीवर और सेप्टिक टैंक की साफ-सफाई का काम मशीनी बनाने के साथ-साथ इससे जुड़े कर्मियों को प्रशिक्षित करने की व्यवस्था होनी चाहिए। तभी हम ऐसा सभ्य समाज तैयार कर सकेंगे, जो एक गरीब की जान को भी बेशकीमती समझ सके।

## हिन्दुस्तान | 75 साल पहले 27 मई, 1951

### महायुद्ध की आहट

ईरान का तेल मध्यपूर्व में युद्धाग्नि की भयंकर लपटों का कारण बनेगा या नहीं, इसका बहुत-कुछ फैसला अगले सप्ताह हो जायेगा और दुर्भाग्य से यदि अंतर्राष्ट्रीय घटनाचक्र की यही परिणति हुई तो मध्यपूर्व का 'कोरिया' सुदूरपूर्व के कोरिया की भांति एक सीमित युद्ध-स्थल न रहकर तृतीय महायुद्ध का सूत्रपात करेगा।

तेहरान का वातावरण इतना अधिक उत्तेजनापूर्ण बन गया है कि आशावादी क्षेत्र भी निराशा अनुभव करने लगे हैं। ईरान की सरकार ने आंग्ल-ईरानी कम्पनी को 6 दिन का अवकाश दिया है कि इसके भीतर या तो वह स्वयं अपना कारोबार समेट ले नहीं तो जबर्दस्ती उसे अपना बोरिया-बिस्तर बांधना पड़ेगा। ईरान की सरकार तेल के राष्ट्रीयकरण के अपने निश्चय को कार्यान्वित करने के लिए तुली हुई है। मंच-निर्णय का प्रस्ताव तो वह पहले ही ठुकरा चुकी थी लेकिन और किसी वार्ता के लिए भी वह इच्छुक नहीं जान पड़ती। श्री हर्वट मारीसन ने प्रस्तावित राष्ट्रीयकरण पर बातचीत करने के लिए एक शिष्टमंडल भेजने का प्रस्ताव रखा था कितु ईरान के प्रधानमंत्री डा. मुसादिक ब्रिटिश प्रस्ताव को स्वीकार करने के लिए किसी भी हालत में सहमत नहीं बताये जाते।

जहां तक ब्रिटेन का प्रश्न है, ईरान के तेल की समस्या उसके लिए वस्तुतः सांप-छछूंदर की समस्या बन गई है। न तो वह तेल के राष्ट्रीयकरण के लिए सहमत हो सकता है और न अपना सैन्य-बल दिखाकर ईरान को घुटने टेकने के लिए विवश कर सकता है। तेल के इस उद्योग में ब्रिटेन की जितनी पूंजी लगी हुई है उसका मोह कोई भी नहीं छोड़ सकता। ब्रिटेन को आशा थी कि अमरीका के जोर देने पर ईरान राजी हो जायेगा, किन्तु एटली सरकार की नीति का यह तीर भी व्यर्थ गया है। संयुक्त राज्य अमरीका ने अपील की थी कि आपसी बातचीत से इस गुत्थी को सुलझा लिया जाये, लेकिन इस 'हस्तक्षेप' पर अपना रोष प्रकट करते हुए मुसादिक सरकार ने अमरीका की अपील ठुकरा दी।

यदि हम ईरान के आर्थिक हितों की दृष्टि से ही इस मामले पर विचार करें, तो तेल के राष्ट्रीयकरण का प्रस्ताव किसी भी तरह आपत्तिजनक नहीं प्रतीत होता। अपनी उन्नति के लिए आर्थिक साधनों का विकास किसी भी स्वतंत्र देश का जन्मसिद्ध अधिकार है।

# नई दिल्ली को कितना मना पाए रूबियो

**अमेरिकी विदेश मंत्री की कोशिश यही रही कि हाल में रिश्तों में आई खटास दूर की जाए, पर एस जयशंकर ने भी साफ कर दिया कि राष्ट्रीय हितों से समझौता नहीं हो सकता।**



यहां स्कैन करें

**अरविंद गुप्ता** | पूर्व राजनयिक एवं डायरेक्टर, वीआईएफ

अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो चार दिनों के भारत प्रवास के बाद मंगलवार को वापस अपने वतन लौट गए। 'ट्रंप 2.0' के सत्तासीन होने के बाद अमेरिकी विदेश मंत्री का यह पहला भारत दौरा था। उनकी कोशिश यही रही कि द्विपक्षीय रिश्तों में आई खटास दूर की जाए। रूबियो ने भारत को आश्वस्त किया कि नई दिल्ली अमेरिका की 'रणनीतिक साझेदार' है। जवाब में भारत ने स्वाभाविक ही 'स्ट्रैटेजिक कन्जर्वेंस' की बात की। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने स्पष्ट कर दिया कि भारत अपने राष्ट्रीय हितों को तवज्जो देता है और तमाम देशों से संबंध बनाना उसके लिए महत्वपूर्ण है।

यह स्पष्टता जरूरी थी, क्योंकि बीते कुछ घटनाक्रम बता रहे थे कि अमेरिका भारतीय हितों पर जरूरी ध्यान नहीं दे रहा। शुरुआत टैरिफ से हुई थी। ट्रंप प्रशासन ने न सिर्फ पारस्परिक टैरिफ में अप्रत्याशित बढ़ोतरी की, बल्कि भारत पर अतिरिक्त 25 फीसदी का दंडात्मक शुल्क भी लगाया। इसकी वजह बताई गई, भारत द्वारा रूस से तेल खरीदना। इसके बाद ट्रंप प्रशासन ने एच-1बी वीजा के नियम सख्त कर दिए और इसकी फीस कई गुना बढ़ा दी। इससे अमेरिका में काम कर रहे भारतीय पेशेवरों के सामने मुश्किलें पैदा हुईं। फिर, पश्चिम एशिया के तनाव ने भारत के लिए चुनौतियां पैदा कीं, क्योंकि हम अपनी ऊर्जा जरूरतों का करीब 70 फीसदी हिस्सा दूसरे देशों से आयात करते हैं। मानो इतना ही काफी नहीं था। राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत को 'नरक जैसी जगह' बताने की अशालीनता दिखाई।

हालांकि, द्विपक्षीय रिश्तों में आई दरार की मूल वजह ट्रंप द्वारा बार-बार किया जाने वाला यह दावा है कि उन्होंने ही सैन्य कार्रवाई 'ऑपरेशन सिंदूर' रुकवाई और भारत-पाकिस्तान की लड़ाई में लाखों लोगों को मरने से बचाया। ट्रंप ने न सिर्फ पाकिस्तानी सेना प्रमुख (फील्ड मार्शल) आसिम मुनीर को व्हाइट हाउस में भोज पर बुलाया, बल्कि उन्हें 'फेवरेट फील्ड मार्शल' तक बता डाला। यहां तक कि अभी, जब ईरान युद्ध का समाधान तलाशा जा रहा है, तब भी पाकिस्तान को अधिक अहमियत दी जा रही है।



जाहिर है, अमेरिका और भारत में आपसी विश्वास दरक गए थे। भारत भी उन उपायों पर आगे बढ़ गया, जिनसे अमेरिका द्वारा पैदा की गई मुश्किलों का हल निकल सके। व्हाइट हाउस इन सबसे अनजान नहीं है, इसलिए रूबियो को दिल्ली भेजा गया। हालांकि, सवाल यही है कि क्या राष्ट्रपति ट्रंप अपनी मंशा में सफल हुए?

अमेरिकी विदेश मंत्री ने अपनी यात्रा में ऊर्जा पर खासा जोर दिया। उनके मुताबिक, अमेरिका यही चाहता है कि भारत उससे अधिक से अधिक ऊर्जा खरीदे। हालांकि, यह भारत के हित में नहीं है। रूबियो को स्पष्ट कर दिया गया कि नई दिल्ली का सत्ता-सदन अपने हित जानता है और अपनी ऊर्जा सुरक्षा की पूर्ति के लिए विभिन्न देशों से गैस-तेल खरीदने से नहीं हिचकता। इसी तरह, सेमीकंडक्टर व उन्नत तकनीक की जरूरतें भी साफ कर दी गईं। साफ है, जब तक भारत की चिंताओं का ठोस समाधान नहीं निकलता, द्विपक्षीय संबंध पटरी पर नहीं लौट सकते।

रूबियो ने अपने तईं कुछ कोशिशें जरूर कीं। वह कोलकाता, जयपुर, आगरा जैसी जगहों पर सिर्फ घूमने नहीं गए, बल्कि यह बताने के प्रयास भी करते रहे कि दोनों देश सांस्कृतिक रूप से एक हैं और उनके बीच मजबूत रिश्ते हैं। मगर नई दिल्ली का रुख स्पष्ट रहा- व्यापारिक मतभेद दूर करने, ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने, रक्षा सहयोग बढ़ाने और आपूर्ति श्रृंखला मजबूत करने जैसे मुद्दे हमारी प्राथमिकता में हैं।

भारत दौरे के आखिरी पड़ाव में रूबियो 'क्वाड' (ऑस्ट्रेलिया, भारत, जापान और अमेरिका का समूह) के विदेश मंत्रियों की बैठक में भी शामिल हुए। विडंबना है कि क्वाड की शिखर बैठक पिछले साल भारत में होनी थी, जिसमें राष्ट्रपति ट्रंप को शामिल होना था, लेकिन वह हो नहीं सका और अब विदेश मंत्रियों ने आपस में मुलाकात की है। इससे क्वाड की अहमियत कम होने संबंधी दावों को बल मिलता है। असल में, जब यह समूह बनाया गया था, तब सदस्य देशों की मंशा चीन की विस्तारवादी नीतियों के खिलाफ सामूहिक रणनीति बनाने की थी। किंतु हाल के महीनों में बीजिंग को लेकर अमेरिकी नीति बदलती दिखी है। वाशिंगटन अब सीधे-सीधे बीजिंग से उलझना नहीं चाहता। यही कारण है कि क्वाड के कामकाज में शिथिलता आ गई है। यहां तक कि इसमें जितने भी कार्यकारी समूह बनाए गए थे, उनमें एकाध को छोड़कर शायद ही कोई काम करता दिख रहा है।

नई दिल्ली की बैठक में भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर और उनके अमेरिकी समकक्ष मार्को रूबियो के साथ-साथ ऑस्ट्रेलिया व जापान के विदेश मंत्री क्रमशः पेनी वोंग और तोशिमित्सु मोतेगी भी शामिल हुए। इसमें 'क्रिटिकल मिनरल्स' को लेकर हुआ समझौता महत्वपूर्ण कहा जा सकता है। साथ ही, ऊर्जा सुरक्षा, विशेषकर समुद्री सुरक्षा को लेकर सदस्य देशों में बनी सहमति भी उल्लेखनीय है।

बैठक में चारों सदस्य देश इस बात पर राजी हुए कि वे हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सूचनाओं का आदान-प्रदान करेंगे। इसके लिए पहली बार 'इंडो पैसिफिक मैरीटाइम सर्विलांस कोऑपरेशन इनीशिएटिव' की शुरुआत की गई है। इसके साथ ही, 'इंडो-पैसिफिक मैरीटाइम डोमेन अवेयरनेस इनीशिएटिव' को भी आगे बढ़ाने का फैसला किया गया, जिसका आगाज 2024 में हुआ था। इसके अंतर्गत अब व्यावसायिक जहाजों से जुड़े आंकड़े भी क्षेत्रीय सहयोगी देशों के साथ साझा किए जाएंगे, जो समुद्र में जहाजों की सुरक्षित आवाजाही के लिए काफी अहमियत रखते हैं।

यह सही है कि पिछली बैठकों की तुलना में इस बार एजेंडा थोड़ा व्यापक दिखा, लेकिन इस समूह को पुनर्गठित हुए दस साल हो गए, फिर भी इसकी रफ्तार धीमी ही दिख रही है। निस्संदेह, कई पहल की जा रही हैं, लेकिन कूटनीतिक शब्दावली में इस तरह की बैठकें सामान्य मानी जाती हैं। 'निर्बाध और मुक्त हिंद-प्रशांत' के लिए क्वाड के काम करते रहने जैसी टिप्पणियां भी पिछली बैठकों में दोहराई जाती रही हैं।

जाहिर है, क्वाड को 'डॉयलॉग' से 'एक्शन' की तरफ ले जाना होगा। किंतु इसके लिए पहले सदस्य देशों में आपसी विश्वास बनाना आवश्यक है। मौजूदा भू-राजनीतिक माहौल और पिछले कुछ घटनाक्रमों को देखते हुए क्वाड की प्रासंगिकता पर कई सवाल उठे हैं। उसे नई दिशा देने की जरूरत बताई जा रही है। क्या दिल्ली बैठक वह दिशा देने में सफल रही? फिलहाल इसके संकेत तो नहीं मिल रहे।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

# ग्लेशियर झीलों के बढ़ने और फटने का बढ़ता खतरा



यहां स्कैन करें

**ज्ञानेंद्र रावत** | पर्यावरण कार्यकर्ता

यह एक स्थापित सत्य है कि दुनिया भर में बढ़ते तापमान और जलवायु परिवर्तन का बुरा असर ग्लेशियरों पर पड़ रहा है और वे तेजी से पिघलने लगे हैं। यदि उनके पिघलने की रफ्तार इसी तरह बनी रही, तो 21वीं सदी के अंत तक एशिया और 2035 तक हिमालय के ग्लेशियर गायब हो जाएंगे। गौरतलब है, औद्योगिक क्रांति से पहले की तुलना में धरती करीब एक डिग्री गर्म हो चुकी है। वैज्ञानिकों का मानना है कि साल 2100 तक यह दो डिग्री या उससे भी अधिक गर्म हो सकती है। ऐसे में, एशिया में ग्लेशियरों का अस्तित्व ही खत्म हो जाएगा।

इसके नुकसान भी अब किसी से छिपे नहीं हैं। पिछले छह दशकों में ही समुद्र का जलस्तर एक इंच तक बढ़ चुका है। ग्लेशियरों की बर्फ के पिघलने से समुद्री जलस्तर में 1 से 1.2 फीट तक की और बढ़ोतरी हो सकती है। इससे मुंबई, न्यूयॉर्क, पेरिस और लंदन जैसे शहरों पर काफी असर पड़ेगा। बर्फ पिघलने से कृत्रिम झीलें बनने लगती हैं, जिसके कारण 2013 की केदारनाथ आपदा जैसे खतरे बढ़ जाएंगे। सर्वाधिक चिंताजनक यह है कि उन हिमालयी क्षेत्रों में, जहां इंसानी दखल बेहद कम है, वहां भी ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं और ग्लेशियर झीलें अपना आकार बढ़ा रही हैं। यहां 130 झीलें ऐसी चिह्नित की गई हैं, जो बेहद खतरनाक हैं और जिनका आकार काफी बड़ा हो गया है। इसका खुलासा इसरो ने सैटेलाइट चित्रों के आधार पर किया है। रिपोर्ट की मानें, तो 1984 से लेकर 2023 तक 2,431 बड़ी झीलें चिह्नित की गईं, जिनका आकार 10 हेक्टेयर से भी काफी ज्यादा है। जाहिर है, ये झीलें कभी भी बम की तरह फट सकती हैं, जिसके कारण 'लेक आउटबर्स्ट फ्लड' का खतरा बढ़ गया है। इससे निचले इलाकों में तबाही की आशंका को झुठलाया नहीं जा सकता।

**1984 से 2023 तक 2,431 झीलें चिह्नित की गईं, जिनका आकार 10 हेक्टेयर से भी ज्यादा है। ये झीलें कभी भी बम की तरह फट सकती हैं।**

सन् 1977 में मध्य हिमालय में 1,160 झीलें थीं। इनकी तादाद 2010 में बढ़कर 2,168 हो गई। इसरो के मुताबिक, हिमालयी क्षेत्र में छोटी-बड़ी आठ हजार से भी ज्यादा झीलें हैं। 1990 के बाद कम-से-कम 1,000 और झीलें अस्तित्व में आ चुकी हैं। इलाके में 1833 से लेकर 2022 तक झीलों के फटने की 697 घटनाएं दर्ज हुई हैं। अब 676 झीलों का आकार 27 फीसदी से भी ज्यादा बढ़ गया है, जिनमें से 130 सर्वाधिक संवेदनशील हैं।

ग्लेशियर झीलों के फटने का नुकसान उन लोगों को अधिक होता है, जो हिमालयी अंचल में रहते हैं। इनकी आबादी तकरीबन 10 लाख है। परेशानी कर बात यह है कि ग्लोबल वार्मिंग की गति बनी हुई है, जिसके कारण हिमालयी अंचल और संवेदनशील हो गया है। बढ़ते तापमान के चलते बर्फ के तेजी से पिघलने, अस्थिर भूभाग के निर्माण होने और संभावित हिमनद झीलों के उभरने का खतरा बढ़ रहा है। इससे आगामी आपदा के और भयावह होने की आशंका है।

हिमालयी क्षेत्र में जलवायु परिवर्तन तापमान में वृद्धि, भीषण गर्मी और अचानक बर्फबारी जैसी अल्पकालिक, मगर तीव्र मौसमी घटनाएं ग्लेशियरों की सेहत और उनके पिघलने की दर को प्रभावित कर रही हैं। वैज्ञानिक चेतावनी दे रहे हैं कि जलवायु परिवर्तन के चलते हिमालयी क्रायोस्फीयर (बर्फीला तंत्र) में दिनोंदिन बढ़ोतरी हो रही है, जो पहले से ही संवेदनशील है। चरम मौसम साल-दर-साल ग्लेशियरों के व्यवहार को और संवेदनशील बना रहा है। आईआईटी, इंदौर के एक नए अध्ययन में चेतावनी दी गई है कि यदि वार्षिक तापमान में सालाना एक डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होती है, तो ग्लेशियरों को स्थिर बनाए रखने के लिए करीब 80 मिलीमीटर अतिरिक्त ग्रीष्मकालीन बर्फबारी की जरूरत पड़ेगी, इसलिए ग्लेशियरों की सेहत के लिए मौसम में तेज बदलाव किसी भी नजरिये से ठीक नहीं है।

गौर कीजिए, हिमालय के 1,500 मील के लंबे इलाके में हजारों ग्लेशियर हैं, जो दक्षिण एशिया की जलापूर्ति के 'सेविंग अकाउंट' हैं। यही उन दर्जनों नदियों को सदानीरा बनाते हैं, जो इस उप-महाद्वीप के करोड़ों लोगों का जीवन संवारती हैं। इनके तेजी से पिघलने का सीधा सा मतलब है, पीने के पानी और कृषि उत्पादन पर मंडराता खतरा, साथ ही बाढ़ और बीमारियों जैसी समस्याएं। इसलिए हर हाल में हमें इस 'अकांउट' को सहेजना ही होगा।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

## मनसा वाचा कर्मणा

# विज्ञान बनाम अध्यात्म

आधुनिक विज्ञान ने यह सिद्ध किया है कि पदार्थ कोई स्थायी और स्वतंत्र सत्ता नहीं है। जिसे हम पदार्थ, अणु या परमाणु कहते हैं, वह वास्तव में ऊर्जा का सघन रूप मात्र है। भौतिकवादी दृष्टिकोण में प्रायः यह मान लिया जाता है कि संसार केवल ऊर्जा व पदार्थ का खेल है और चेतना उसी की उपज है। यह विचार अधूरा है। चेतना को केवल ऊर्जा का गुण मान लेना आत्म-भ्रम है। यदि चेतना वास्तव में ऊर्जा की उपज होती, तो ऊर्जा से परे उसकी कोई स्वतंत्र सत्ता न होती। आध्यात्मिक अनुभव कहता है कि चेतना ऊर्जा से भी अधिक व्यापक और मौलिक है। भारतीय दर्शन इस चेतन सत्ता को 'शिव' कहता है।

क्या मनुष्य में चेतना अचानक शून्य से उत्पन्न हो गई? क्या विचार और अनुभूति जैसी शक्तियां केवल पदार्थ के संयोग से पैदा हो सकती हैं? नहीं। यदि आज मनुष्य में चेतना, संवेदना और विचार हैं, तो उनकी संभावनाएं सृष्टि के प्रारंभ में भी विद्यमान रही होंगी।

लगभग दो अरब वर्ष पूर्व, जब पृथ्वी पर जीवन का कोई विकसित रूप नहीं था, तब केवल ऊर्जा के सूक्ष्म कण ही विद्यमान थे। उन्हीं में चेतना की संभावनाएं सुप्त अवस्था में छिपी हुई थीं। वही चेतना धीरे-धीरे प्रकृति की क्रियाशील शक्तियों के प्रभाव से विकसित होती गई। पेड़-पौधों, जीव-जंतुओं और अंततः मनुष्य में चेतना का क्रमिक विकास उसी प्रक्रिया का परिणाम है।

भारतीय तांत्रिक दर्शन प्रकृति की इस क्रियाशील शक्ति को प्रकृति या शक्ति कहता है और चेतना को शिव। शक्ति गतिशील हैं, जबकि शिव साक्षी चेतना हैं। जब चेतना पदार्थ में सुप्त अवस्था में रहती है, तब उसका अनुभव करना कठिन होता है, किंतु जब वही चेतना जाग्रत होती है, तब वह समय, स्थान और व्यक्तित्व की सीमाओं को पार कर जाती है। यही आध्यात्मिक जागरण है। केवल तर्क के आधार पर चेतना या आत्मा के अस्तित्व को नकार देना उचित नहीं। कुछ लोग कह देते हैं कि दुनिया केवल परमाणुओं से बनी है, इसलिए आत्मा या सूक्ष्म सत्ता जैसी कोई चीज नहीं। ऐसा निष्कर्ष अधूरा है। किसी विषय को अस्वीकार करने के लिए भी उसके बारे में पर्याप्त ज्ञान आवश्यक है। मनोविज्ञान, चेतना व आध्यात्मिक अनुभव के क्षेत्रों को समझे बिना केवल भौतिक तर्कों से अंतिम निर्णय नहीं दिया जा सकता।

**विज्ञान और अध्यात्म में गहरे संबंध हैं। विज्ञान ऊर्जा की खोज करता है, जबकि अध्यात्म उस चेतना की तलाश करता है, जो ऊर्जा के पीछे सक्रिय है। अंतिम सत्य की खोज में दोनों एक-दूसरे के पूरक हैं।**

विज्ञान और अध्यात्म के बीच संघर्ष नहीं है, बल्कि उनमें गहरे संबंध हैं। विज्ञान पदार्थ और ऊर्जा की खोज करता है, जबकि अध्यात्म उस चेतना की तलाश करता है, जो ऊर्जा के पीछे सक्रिय है। दोनों की दिशाएं अलग हो सकती हैं, लेकिन अंतिम सत्य की खोज में दोनों एक-दूसरे के पूरक हैं। मनुष्य जब केवल पदार्थ तक सीमित नहीं रहता, बल्कि चेतना की गहराइयों में उतरता है, तभी वह अस्तित्व के वास्तविक रहस्य को समझ पाता है।

**श्री श्री आनंदमूर्ति**

**योगी आदित्यनाथ** | मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश



**सीमाओं पर अडिग, आतंक के विरुद्ध निर्णायक और विश्व मंच पर आत्मविश्वास से परिपूर्ण भारत सशक्त, विश्वसनीय नेतृत्व के रूप में स्थापित है। डिजिटल, डेमोग्राफी और डेमोक्रेसी की त्रिवेणी 'विकसित भारत 2047' की दिशा में नई गति दे रही है।**

## अनुलोम-विलोम

### गिरता रुपया



# गिरते रुपये से बढ़ रही हमारी मुश्किलें

रुपया सर्वकालिक निचले स्तर पर है। एक डॉलर की कीमत 97 रुपये के करीब पहुंच गई है और अनुमान है कि जल्द ही यह 100 का आंकड़ा छू लेगी। आर्थिक जगत में यह गिरावट चर्चा का विषय बनी हुई है। रुपया अभी इतनी तेजी से क्यों गिरा, इसके पीछे कई वैश्विक और घरेलू कारण हैं। पिछले साल अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत के खिलाफ भारी-भरकम टैरिफ लगाए। नतीजतन, भारत से अमेरिका को होने वाले निर्यात में कमी आई। इससे रुपया प्रभावित हुआ। दूसरी तरफ, ट्रंप के इस कदम से भारत के प्रति वैश्विक निवेशकों के बीच अनिश्चितता बढ़ी और विदेशी पूंजी भारतीय बाजार से निकलने लगी। रही-सही कसर पश्चिम एशिया के तनाव ने पूरी कर दी।

व्यापक स्तर पर देखें, तो रुपये की कमजोरी हमारी अर्थव्यवस्था के लिए नुकसानदेह है। चूंकि भारत आयात, खासकर ऊर्जा के मामले में अधिक निर्भर है, इसलिए रुपये के कमजोर होने से 'आयातित महंगाई' बढ़ जाती है। इसी तरह, रुपया यदि कमजोर होता रहा, तो सबसे पहला असर पेट्रोल और डीजल की कीमतों पर पड़ेगा। इसका असर दिखने भी लगा है। ब्लूमबर्ग इकोनॉमिक्स ने तो यहां तक कह दिया कि यदि कच्चा तेल 100 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंचता है और गैस की कीमतें युद्ध-पूर्व स्तर से 50 प्रतिशत ऊपर बनी रहती हैं, तो भारत का आयात बिल हर महीने लाखों डॉलर बढ़ सकता है। इससे महंगाई और चालू खाता घाटा बढ़ने की आशंका है। तेल महंगा होने से परिवहन लागत बढ़ेगी और फल, सब्जियां, राशन आदि महंगे हो जाएंगे। इसके साथ ही, मोबाइल, लैपटॉप, टीवी और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की कीमतें भी बढ़ सकती हैं, क्योंकि इनके अधिकांश पुर्जे विदेश से आते हैं। विदेश में पढ़ाई करने वाले छात्रों और विदेश यात्रा करने वालों पर भी इसका असर पड़ेगा। अब डॉलर खरीदने के लिए अधिक रुपये देने होंगे। इसके अलावा, यदि रुपये को स्थिर करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक ब्याज दरें बढ़ाता है, तो होम लोन, कार लोन और अन्य लोन महंगे हो जाएंगे।

साफ है, सरकार को गैर-जरूरी आयात, विशेषकर सोना और लग्जरी वस्तुओं के आयात पर नियंत्रण तथा आवश्यक होने पर टैक्स बढ़ाने चाहिए, ताकि डॉलर की अनावश्यक निकासी कम हो। दीर्घकालिक समाधान यही है कि भारत आयात पर निर्भरता घटाए, 'मेक इन इंडिया' को अधिक प्रभावी बनाए, विनिर्माण और निर्यात क्षमता बढ़ाए तथा ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से आगे बढ़े। ऐसे समन्वित प्रयास ही रुपये को अधिक स्थिर बना सकते हैं।

**मोहम्मद जुबैर,** टिप्पणीकार

# हमारे लिए यह एक बड़ा आर्थिक अवसर

यह सही है कि पश्चिम एशिया में जारी तनाव, वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता और बढ़ती महंगाई के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था एक नए दबाव का सामना कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा ऊर्जा बचत की अपील और आर्थिक मंदी की आशंका व्यक्त करना इसी चिंता को दर्शाता है। होर्मुज जलमार्ग में तनाव के कारण कच्चे तेल, गैस और उर्वरकों की कीमतों में तेज बढ़ोतरी हुई है, जिससे भारत का आयात बिल काफी बढ़ गया है। इसका सीधा असर भारतीय रुपये पर पड़ रहा है। कमजोर रुपये का सबसे बड़ा प्रभाव आम लोगों पर महंगाई के रूप में दिखाई देता है। हाल के वर्षों में विदेशी निवेशकों द्वारा भारतीय शेयर बाजार से लगातार पूंजी निकाले जाने ने भी रुपये पर दबाव बढ़ाया है। अमेरिका में ब्याज दरें बढ़ने की आशंका के कारण निवेशक सुरक्षित बाजारों की ओर भाग रहे हैं, जिससे भी भारतीय मुद्रा कमजोर हो रही है। निश्चित तौर पर भारतीय रिजर्व बैंक विदेशी मुद्रा भंडार के माध्यम से रुपये को स्थिर रखने की कोशिश कर रहा है, फिर भी वैश्विक परिस्थितियां उसके लिए बड़ी चुनौतियां पैदा कर रही हैं।

इन सबके बीच हमें यह भी जानना चाहिए कि रुपये का अवमूल्यन केवल नकारात्मक प्रभाव ही नहीं लाता, इसका एक सकारात्मक पक्ष भी है। जब रुपया कमजोर होता है, तो भारत से निर्यात होने वाले उत्पाद अंतरराष्ट्रीय बाजार में सस्ते हो जाते हैं। इससे भारतीय वस्तुओं की मांग बढ़ सकती है। वस्त्र उद्योग, आईटी सेवाएं, फार्मास्यूटिकल्स, कृषि उत्पाद और ऑटोमोबाइल पार्ट्स जैसे क्षेत्रों को इसका लाभ मिल सकता है। भारत का आईटी सेक्टर पहले भी कमजोर रुपये से लाभ कमाता रहा है, क्योंकि उसे भुगतान डॉलर में मिलता है।

इसके अलावा 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' जैसी योजनाओं को भी इससे गति मिल सकती है। आयात महंगे होने से घरेलू उद्योगों को स्थानीय उत्पादन बढ़ाने का अवसर मिलेगा। सरकार यदि विनिर्माण क्षेत्र, नवीकरणीय ऊर्जा और कृषि सुधारों पर तेजी से काम करे, तो भारत आयात पर निर्भरता कम कर सकता है। साफ है, आज आवश्यकता केवल रुपये को संभालने की नहीं, बल्कि अर्थव्यवस्था को आत्मनिर्भर और मजबूत बनाने की भी है। ऊर्जा संरक्षण, वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों का विस्तार, निर्यात को बढ़ावा और वित्तीय अनुशासन जैसे कदम ही भारत को इस वैश्विक आर्थिक संकट से सुरक्षित निकाल सकते हैं। यदि सही नीतियां अपनाई जाएं, तो रुपये की कमजोरी भी भारत के लिए नए आर्थिक अवसरों का द्वार खोल सकती है।

**सुभाष बुड़ावन वाला,** टिप्पणीकार

# तीन महीने से युद्ध की तपन झेलती दुनिया

**28 फरवरी को ईरान पर घातक हवाई हमले शुरू हुए थे। अमेरिका-इजरायल ने मिलकर ईरान के शीर्ष नेतृत्व को अपने रास्ते से हटा दिया, पर इससे उनकी जीत की राह आसान नहीं हुई। ईरान मुंहतोड़ जवाब दे रहा है। खाड़ी के देशों में बड़ी संख्या में निर्दोष लोग मारे जा रहे हैं। इस युद्ध ने दुनिया को समस्याओं का एक ऐसा त्रासद रूप दिखाया है कि जिसकी कल्पना भी पहले संभव न थी। बीते तीन महीने में दुनिया में क्या और कितना बदला है, आइए जानते हैं...**



अश्विनी महापात्र
प्रोफेसर, जेएनयू

ईरान-अमेरिका युद्ध ने पूरी दुनिया को झकझोर दिया है। सबसे ज्यादा प्रभाव तेल और गैस की कीमतों पर पड़ा है। ये दोनों उत्पाद आधुनिक जीवन के आधार हैं। इन उत्पादों की मांग यथावत बनी हुई है, पर आपूर्ति का संकट भी लगातार कायम है। भारत में देखें, तो शुरू में रसोई गैस की परेशानी सबसे ज्यादा देखी गई थी और अब पेट्रोल-डीजल की कीमतों में वृद्धि शुरू हुई है। अनुमान यही है कि यह वृद्धि आने वाले दिनों में जारी रहने वाली है।

28 फरवरी को अमेरिका ने इजरायल के साथ मिलकर ईरान पर हमला किया था। उसके बाद के समय से दुनिया में काफी कुछ बदल गया है। अपने भारत को देखें, तो यह तेल के आयात पर निर्भर देश है। यह 80 प्रतिशत से भी ज्यादा कच्चे तेल का आयात करता है, तब यहां वाहन दौड़ते हैं और अर्थव्यवस्था चलती है। चूंकि होर्मुज समुद्री मार्ग में तेल के जहाजों की आवाजाही प्रभावित हुई है, इसलिए भारत दुनिया के ऐसे बड़े देशों में शुमार है, जहां अर्थव्यवस्था पर अत्यधिक असर पड़ा है। तेल के बिना काम नहीं चल सकता, तो भारत भी तेल की वैकल्पिक व्यवस्था करने में लगा हुआ है। भारत कच्चे तेल के लिए खाड़ी के देशों पर जरूरत से ज्यादा निर्भर था, लेकिन अब रूस और तेल के अन्य आयातकों के साथ भारत ने तालमेल बिठा रखा है। खासकर रूस अपने मित्र देश भारत के लिए एक बड़े तेल निर्यातक के रूप में उभरा है। रूस के अलावा हम अब वेनेजुएला से भी तेल ले रहे हैं। खाड़ी के देशों में संकट ज्यादा बढ़ा, तो आने वाले समय में भारत के लिए तेल की वैकल्पिक व्यवस्था और आवश्यक हो जाएगी।

## उद्योग जगत पर असर

ईरान के युद्ध से भारत के साथ ही, दुनिया में उद्योग जगत पर बहुत असर हुआ है। खपत घटी है। मैन्युफेक्चरिंग में कमी आई है। भारत सहित अनेक देशों का निर्यात घटा है, तो आयात भी प्रभावित हुआ है। रोजगार में भी कमी आई है। आईटी क्षेत्र की बड़ी कंपनियों में छंटनी देखी गई है।

भारत की बात करें, तो ईरान युद्ध के एक महीने बाद ही अनेक स्थानों से मजदूरों ने पलायन किया था, क्योंकि उन्हें रसोई बनाने के लिए सिलेंडर बहुत ज्यादा कीमत पर मिलने लगा था। रसोई गैस की कीमत बढ़ने से गरीब आदमी का पूरा बजट ही बिगड़ जाता है। ऐसा ही दुनिया के अनेक देशों में हुआ है। लोगों की जीवनशैली और दिनचर्या में बदलाव आया है। अनेक देशों में आर्थिक गतिविधियां घटी हैं, जिससे महंगाई बढ़ रही है।

## तेल का मोल सब जान गए

कोई दोराय नहीं, पहली बार इतने प्रत्यक्ष रूप से यह देखा गया है कि दुनिया तेल और गैस पर कितनी ज्यादा निर्भर है। खाड़ी देशों को भी अपने रणनीतिक महत्व का पता चला है। ईरान ने अपने इस महत्व का इस्तेमाल भी खूब किया है। ईरान अच्छे से जानता था कि जब वह होर्मुज समुद्री मार्ग को बाधित करेगा, तो इसका असर दुनिया की तमाम अर्थव्यवस्थाओं पर पड़ेगा। तेल की किल्लत और कीमत की वजह से दुनिया की बुनियादी जरूरतें पूरी नहीं होंगी। ईरान ने होर्मुज मार्ग पर जब अपने पहरे को कड़ा किया, तब अमेरिका को भी पहली बार ईरान की इस ताकत का एहसास हुआ। निश्चित ही अमेरिका ने ऐसी कल्पना नहीं की थी।

होर्मुज समुद्री मार्ग पर ईरान की ताकत और नियंत्रण का कोई माकूल जवाब अमेरिका के पास नहीं है। ईरान ने ताकत के जोर पर यह संदेश दुनिया को दे दिया कि होर्मुज मार्ग ईरान का है। ऐसा पहली बार हुआ, जब ईरान ने कहा कि जो भी जहाज होर्मुज पार करके जाएंगे, उन्हें धन चुकाना पड़ेगा। ऐसा कोई शुल्क पहले नहीं था और यही माना जा रहा था कि होर्मुज मार्ग सबका है, उसमें आने-जाने में किसी को कोई बाधा नहीं होनी चहिए।

## और बंट गई दुनिया

तीन महीने के युद्ध में पहली बार नाटो देश इतने बंटे हुए दिखे। हालांकि, इसकी शुरुआत अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने टैरिफ वार से पिछले ही वर्ष कर दी थी। ट्रंप की धारणा थी कि सारे देश अमेरिका से फायदा उठाते हैं। फायदा उठाने वालों में दुश्मन देश भी हैं और मित्र देश भी। जब ट्रंप ने टैरिफ के एक ही डंडे से सबको हांकने की कोशिश की, तब नाटो में मनमुटाव हो गया। टैरिफ पर अमेरिका ने मित्र देशों को भी नहीं छोड़ा और उनके साथ अलग-अलग द्विपक्षीय वार्ता को आगे बढ़ाया। अपने हित में सौदा करना अमेरिका का लक्ष्य रहा। इसी का नतीजा है, अमेरिका जब ईरान के खिलाफ युद्ध में कूदा, तब किसी भी यूरोपीय या सभी नाटो देशों ने मिलकर अमेरिका का साथ नहीं दिया। ऐसा विभाजन नाटो में द्वितीय विश्व युद्ध के बाद कभी दिखाई नहीं दिया था। नाटो दुनिया का सबसे बड़ा और मजबूत सुरक्षा गठजोड़ है, लेकिन ईरान युद्ध ने इस गठजोड़ को बिखेर दिया।

## सैन्य क्षमता का सच सामने आया

एक धारणा थी कि खाड़ी के तमाम देश अमेरिका की मदद करेंगे और युद्ध ज्यादा भड़क जाएगा। इन तीन महीनों में यह दिखाई दिया कि अगर आपके पास सैन्य क्षमता हो, तो आप बड़ी ताकतों से भी लड़ सकते हैं। यह सबसे बड़ा संदेश ईरान ने दिया है। अगर आपके पास छोटे मिसाइल हों, ड्रोन टेक्नोलॉजी हो, तो आप किसी भी बड़ी सैन्य सत्ता से दो-दो हाथ कर सकते हैं। ईरान जैसी छोटी या मध्यम शक्ति ने अमेरिका को मजबूर कर दिया। ईरान ने साबित कर दिया कि युद्ध में अपने शीर्ष नेतृत्व को गंवाने के बावजूद जवाब देने की ताकत उसमें है। यह तमाम देशों के लिए सबक है।

यह धारणा रही है कि अमीर देशों के पास ताकत है, वो जो चाहे कर सकते हैं। खाड़ी के देशों में भी अमेरिकी सैन्य अड्डे हैं, उसे इजरायल का भी पूरा साथ मिला, लेकिन दोनों मिलकर भी ईरान से नहीं जीत पाए हैं। ध्यान देने की बात है, दुनिया एकध्रुवीय ही रही है। अमेरिका एक ऐसी शक्ति रहा है, जो संसार के किसी भी जगह अपनी सैन्य शक्ति का प्रदर्शन कर सकता है। लड़ाई के जो साजो-सामान अमेरिका के पास हैं, उतने किसी भी देश के पास नहीं हैं। न रूस के पास और न चीन के पास। इसके बावजूद ईरान में युद्ध तीन महीने से चल रहा है, इससे अमेरिका को निश्चित ही चिंता हो रही होगी। उनके पास जो हथियार हैं, खत्म हो रहे हैं, चूक रहे हैं। यह एक वजह है कि ट्रंप विराम की तलाश में हैं।

अमेरिका ने इस लड़ाई में 2.7 अरब डॉलर से ज्यादा फूंक दिए हैं, लेकिन उसे वांछित परिणाम नहीं मिले हैं। उसके 24 से 40 एयरक्रॉफ्ट इस युद्ध में नष्ट हुए हैं। उसके लिए यह नुकसान बहुत बड़ी बात है। तीन महीने के युद्ध ने अमेरिका की चिंता बढ़ा दी है। अगर भविष्य में कभी चीन के साथ लड़ाई हो जाए, तो क्या होगा? अमेरिका उस लड़ाई को कैसे जीतेगा? अभी भी अमेरिका के लिए ईरान उतना बड़ा विषय नहीं है, जितना बड़ा ताईवान है। ईरान को काबू करने में ही अगर आपको हथियारों की कमी पड़ने लगी है, तो उससे बड़ी शक्ति से जब मुकाबला होगा, तब आप कैसे जूझेंगे?

## चीन का मनोबल बढ़ा

यह देखने वाली बात है, चीन इस युद्ध में सीधे शामिल नहीं हुआ है, लेकिन उसे यह महसूस हो रहा होगा कि ऐसी लड़ाई में वह उन्नीस नहीं, बीस तो जरूर साबित होगा। पहली बार चीन के विशेषज्ञ लिखने लगे हैं कि अब समय आ गया है, चीन दखल देना शुरू करे। चीन ने बड़े पैमाने पर पैसे विदेश में लगा दिए हैं। उसने पाकिस्तान में पैसे लगाए हैं, अफ्रीका में लगाए हैं, लातिन अमेरिका में लगाए हैं, तो उसे अपने निवेश को बचाना होगा। जब आप किसी देश में पैसे लगा देते हैं, तब उसकी सुरक्षा आप कैसे करेंगे? आपकी मौजूदगी ही उस देश में आपके निवेश को डूबने से बचा सकती है।

तीन महीने के युद्ध में यह धारणा चीन में बलवती हुई है कि अमेरिका के पास अब वह दमखम नहीं, जो पहले था। अमेरिकी राष्ट्रपति के दौरे के समय भी चीन ने यह दिखाने की कोशिश की है कि अमेरिका नीचे जा रहा है और चीन ऊपर। यह बड़ा संदेश है, जो पूरी दुनिया में गया है। वाकई, तीन महीने के युद्ध से बहुत कुछ बदला है या बदल रहा है।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

**कोई दोराय नहीं, पहली बार इतने प्रत्यक्ष रूप से यह देखा गया कि दुनिया तेल और गैस पर कितनी ज्यादा निर्भर है। खाड़ी देशों को भी अपने रणनीतिक महत्व का पता चला है। ईरान ने अपने इस महत्व का इस्तेमाल भी खूब किया है। ईरान अच्छे से जानता था कि जब वह होर्मुज समुद्री मार्ग को बाधित करेगा, तो असर दुनिया की तमाम अर्थव्यवस्थाओं पर पड़ेगा। तेल की कमी की वजह से दुनिया की बुनियादी जरूरतें पूरी नहीं होंगी। ईरान ने होर्मुज मार्ग पर जब अपने पहरे बिठा दिए, तब अमेरिका को भी पहली बार ईरान की इस ताकत का एहसास हुआ। निश्चित ही अमेरिका ने ऐसी कल्पना नहीं की थी।**

### क्रूड ऑयल की चढ़ती कीमत
(कीमत प्रति बैरल डॉलर में)

| | |
|---|---|
| 27 फरवरी | 68.517 |
| 27 मार्च | 100.88 |
| 27 अप्रैल | 98.000 |
| 25 मई | 91.708 |

### अमेरिका में भी ईंधन हुआ महंगा
(कीमत प्रति गैलन डॉलर में)

| | |
|---|---|
| 27 फरवरी | 2.97 |
| 27 मार्च | 3.98 |
| 27 अप्रैल | 4.123 |
| 25 मई | 4.50 |

### भारत में महंगाई दर

| | |
|---|---|
| 27 जनवरी | 2.74 |
| 27 फरवरी | 3.21 |
| 27 मार्च | 3.4 |
| 27 अप्रैल | 3.48 |
| 25 मई | 4.1 |

### डॉलर के मुकाबले पिछड़ता रुपया

| | |
|---|---|
| 27 फरवरी | 91.299 |
| 27 मार्च | 94.643 |
| 27 अप्रैल | 94.751 |
| 19 मई | 97.160 |
| 25 मई | 95.578 |



(विभिन्न स्रोतों के अनुसार)

### 20% तक घटी तेल-गैस आपूर्ति

पश्चिम एशिया में युद्ध से दुनिया में गैस-तेल की आपूर्ति में 20 प्रतिशत तक कमी आई। भारत में एक समय 40 प्रतिशत आपूर्ति प्रभावित हुई थी। ज्यादातर देशों को जरूरत भर के तेल की व्यवस्था करना भारी पड़ रहा है। आपूर्ति में ऐसी कमी कभी नहीं आई थी। दुनिया के ज्यादातर देश मितव्ययिता के लिए मजबूर हो गए हैं। कई देशों को कच्चे तेल के लिए 55 प्रतिशत से भी ज्यादा कीमत चुकानी पड़ रही है।

### 73.5% तक बढ़ी महंगाई

ईरान में महंगाई से बहुत बुरा हाल है। वहां युद्ध की वजह से तीन महीने में महंगाई में 73.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। अमेरिका में भी महंगाई दर बढ़कर 3 प्रतिशत के करीब पहुंच गई है, जबकि युद्ध-विराम के लिए मध्यस्थता कर रहे पाकिस्तान में महंगाई दर 10.9 है। भारत में महंगाई दर 4 प्रतिशत से ऊपर जा रही है। यहां ईंधन के लगातार बढ़ते भाव के साथ महंगाई भी रफ्तार बढ़ाती लग रही है।

### 20% तक महंगा हुआ परिवहन

28 फरवरी को युद्ध की शुरुआत होते ही दुनिया में खासकर जल-परिवहन के साथ ही हवाई परिवहन पर भी बहुत असर पड़ा था। तीन महीने में जल परिवहन की लागत में औसतन 20 प्रतिशत बढ़त हुई है, जबकि हवाई यात्रा के टिकट में 10 प्रतिशत तक उछाल है। पर्यटन और होटल व्यवसाय पर बहुत असर पड़ा है। खासकर खाड़ी देशों में पर्यटन से होने वाली कमाई 27 प्रतिशत तक घट जाएगी।

### 03% से नीचे विकास दर

होर्मुज का बंद होना वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए टाइम बम की तरह है। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने इस वर्ष वैश्विक विकास के अपने पूर्वानुमान को 3.4 प्रतिशत से घटाकर 3.1 प्रतिशत कर दिया है। यदि कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस का प्रवाह अगले वर्ष तक बहाल नहीं होता है, तो आईएमएफ का अनुमान है कि दुनिया में विकास दर गिरकर 2 प्रतिशत हो जाएगी, ऐसा पहले कभी नहीं हुआ है।

### 29 नाटो देश युद्ध के खिलाफ

दुनिया में सबसे बड़ा रक्षा या सैन्य गठजोड़ नाटो है, जिसमें 32 देश हैं। ये देश पिछली सदी से ही हर सुख-दुख में साथ रहे थे, पर ईरान युद्ध में अमेरिका, कनाडा और इस्टोनिया ही साथ हैं। अन्य 29 देश अमेरिकी फरमान या गुजारिश को मानने से इनकार कर रहे हैं। नाटो का टूटना बुरा संकेत है। हम शक्तियों के बिखराव और बड़े बदलाव की ओर बढ़ रहे हैं।

# रोजनामचा



**पं. राघवेन्द्र शर्मा**
ज्योतिषाचार्य

**मेष :** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन परेशान भी हो सकता है। धर्म-कर्म में व्यस्तता बढ़ेगी। कारोबार के लिए यात्रा पर जा सकते हैं। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**वृष :** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। माता का सान्निध्य मिलेगा। संतान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है। कारोबार के लिए पिता से धन मिल सकता है।

**मिथुन :** मन परेशान हो सकता है। कारोबार में बदलाव की संभावना बन रही है। खर्च की अधिकता रहेगी। कारोबार के लिए किसी दूसरे स्थान पर भी जा सकते हैं।

**कर्क :** मन परेशान रहेगा। आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाए रखने के प्रयास करें। माता की सेहत का ध्यान रखें। परिवार का साथ मिलेगा। खर्च बढ़ेंगे।

**सिंह :** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। नौकरी के लिए साक्षात्कार आदि कार्यों में सफलता मिलेगी। आय में वृद्धि हो सकती है। यात्रा पर भी जा सकते हैं।

**कन्या :** मन में शांति व प्रसन्नता रहेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। खर्चों में वृद्धि होगी।

**तुला :** मन परेशान हो सकता है। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। माता-पिता की सेहत का ध्यान रखें। मित्रों का सहयोग मिलेगा। खर्च बढ़ेंगे।

**वृश्चिक :** मन में उतार-चढ़ाव हो सकते हैं। कारोबार में वृद्धि होगी। भागदौड़ अधिक रहेगी। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें।

**धनु :** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। आय में वृद्धि होगी। किसी मित्र का सहयोग मिलेगा।

**मकर :** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। भवन सुख बढ़ेगा। किसी संपत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। धार्मिक कार्यों व भवन की साज-सज्जा पर खर्च बढ़ सकते हैं।

**कुंभ :** मन परेशान हो सकता है। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि के साथ स्थान परिवर्तन हो सकता है। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। सेहत का ध्यान रखें।

**मीन :** आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा। आलस्य भी बढ़ सकता है। बातचीत में संतुलित रहें। संतान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है। पिता का साथ मिलेगा।

**स्कैन करें**
भविष्यफल और व्रत-त्योहार जानने के लिए

## व्रत और त्योहार | पंचांग | पं. ऋभुकांत गोस्वामी

**27 मई**, बुधवार, **शक संवत्** : 06 ज्येष्ठ (सौर) 1948, **पंजाब पंचांग** : 13 ज्येष्ठ मास प्रविष्टे 2083, **इस्लाम** : 09 जिल्हिजा, 1447, **विक्रमी संवत्** : प्रथम (अधिक) ज्येष्ठ शुक्ल एकादशी तिथि प्रातः 06.22 मिनट तक पश्चात द्वादशी तिथि, हस्त नक्षत्र प्रातः 05.57 मिनट तक पश्चात चित्रा नक्षत्र, चंद्रमा कन्या राशि में सायं 07 बजे तक उपरांत तुला राशि में। **सूर्य उत्तरायण**। सूर्य उत्तर गोल। ग्रीष्म ऋतु। दोपहर 12 बजे से दोपहर 01.30 मिनट तक राहुकालम्। भद्रा प्रातः 06.22 मिनट तक। पुरुषोत्तम (कमला) एकादशी व्रत।

## वास्तु सलाह | आचार्य मुकुल रस्तोगी

**कृपया यह बताएं कि द्वार वेध क्या होता है? इसके क्या परिणाम होते हैं?**

**-कमल कुमार**, वाराणसी

- भवन के सामने पेड़, कुआं, खंबा, मंदिर या टी-पॉइंट हो, तो द्वार वेध माना जाता है।
- यदि मुख्य द्वार के सामने कीचड़ या गंदा नाला हो, तो इससे मानसिक परेशानी, नकारात्मक विचार या परिवार में कलह हो सकती है। प्रतिदिन गंदगी और अव्यवस्था देखने से अवचेतन मन पर निगेटिव प्रभाव पड़ता है।
- मुख्य द्वार के सामने मंदिर होने से परिवार में स्थिरता की कमी हो सकती है। वैराग्य प्रवृत्ति उत्पन्न हो सकती है। आर्थिक संघर्ष बना रह सकता है।

## वर्ग पहेली : 8341



**बाएं से दाएं**
1. साथ मिल कर लिखने वाला; लेखन में सहयोगी; सहयोगी लेखक (5)
4. आराम; आसानी; सहूलियत; सुभीता (3)
6. अबोध; अनाड़ी; अनजान (3)
7. घटाना; निकालना (2,3)
10. मल्ल; कुश्ती करने वाला (5)
13. खौफनाक; डरावना; भयानक; मारक (5)
15. भरना; लीन होना; समा जाना (3)
16. एकबारगी पानी के अंदर चले जाना; अच्छी तरह ध्यान लगाना; तन्मय होना; अस्त होना; चौपट होना; बरबाद होना (3)
17. सहिष्णु; संतोषी; सहने वाला (5)

**ऊपर से नीचे**
1. चतुराई; बुद्धिमानी; व्यस्कता; समझदारी; सयाना होने का भाव (5)
2. लेप चढ़ाया जाना; लेपने की क्रिया; अंगराग; उबटन (3)
3. टीस; साल; पुराना बैर; अभिलाषा; अरमान (3)
5. विचार करने वाला; बुद्धिजीवी (4)
8. वध करवाना; समाप्त करवाना; हत्या करवाना (4)
9. डरना; भयभीत होना; सिमटना (4)
11. कल्पनालोक में रहने वाला; जो कल्पना करे; रचनाशील (5)
12. अभिप्राय; आशय; अर्थ; उद्देश्य (4)
14. पौधा जिसके डोडे से रूई निकलती है; बिनौले सहित रूई (3)
15. आदर; इज्जत; गौरव; प्रतिष्ठा; मान; श्रद्धा (3)

**हरीश चन्द्र सन्सी, विविधा विधा, दिल्ली**
(उत्तर अगले अंक में)

## वर्ग पहेली : 8340

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 ब | रा | 2 म | द | क | र | 3 ना | ■ | 4 ब |
| ह | ■ | स्तू | ■ | ■ | ■ | 5 गि | र | ना |
| 6 का | य | ल | ■ | 7 व | 8 च | न | ■ | व |
| ना | ■ | ■ | 9 से | ■ | ट | ■ | ■ | टी |
| ■ | 10 उ | प | वा | स | क | र | ना | ■ |
| 11 अ | ■ | ■ | का | ■ | ना | ■ | ■ | 12 ब |
| ध्या | ■ | 13 पा | ल | क | ■ | 14 भा | हि | र |
| 15 प | ड़ा | व | ■ | ■ | ■ | द | ■ | स |
| क | ■ | 16 स | रा | ह | ना | क | र | ना |

## सुडोकू : 8323
*कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | 3 | | | 5 | | |
| | | | | | | | | 8 |
| | | | 6 | | | | 2 | 9 |
| | | | | 1 | | 8 | | |
| | 6 | 5 | 2 | | 8 | 7 | 4 | |
| | | 3 | | 5 | | | | |
| 4 | 8 | | | | 2 | | | |
| 2 | | | | | | | | |
| | | 1 | | | 9 | | 8 | |

**खेलने का तरीका :** दिमागी खेल और नंबरों की पहेली है यह। ऊपर नौ-नौ खानों के नौ खाने दिए गए हैं। आपको 1 से 9 की संख्याएं इस तरह लिखनी हैं कि खड़ी और पड़ी लाइनों के हरेक खाने में 1 से 9 की सभी संख्याएं आएं। साथ ही 3x3 के हरेक बक्से में भी 1 से 9 तक की संख्याएं हों। पहेली का हल हम कल देंगे।

## सुडोकू : 8322

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 8 | 4 | 1 | 2 | 5 | 7 | 6 | 9 |
| 5 | 6 | 9 | 7 | 4 | 3 | 2 | 8 | 1 |
| 1 | 2 | 7 | 8 | 6 | 9 | 5 | 4 | 3 |
| 2 | 7 | 1 | 5 | 9 | 4 | 6 | 3 | 8 |
| 8 | 4 | 3 | 2 | 7 | 6 | 1 | 9 | 5 |
| 9 | 5 | 6 | 3 | 1 | 8 | 4 | 2 | 7 |
| 4 | 3 | 8 | 6 | 5 | 7 | 9 | 1 | 2 |
| 7 | 9 | 2 | 4 | 8 | 1 | 3 | 5 | 6 |
| 6 | 1 | 5 | 9 | 3 | 2 | 8 | 7 | 4 |